कोटा, शनिवार
21 सितम्बर, 2019
मूल्य : 1 रुपए
पृष्ठ : 12
वर्ष : 6 अंक : 302

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

**मुद्रा- विनिमय**
रुपए के सापेक्ष (खरीद मूल्य)

| | |
|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 71.82 |
| यूरो | 79.64 |
| ब्रिटिश पौंड | 90.06 |
| सोना (प्रति 10 ग्राम) | 38,630 |
| चांदी (प्रति 10 ग्राम) | 487.65 |

www.mahanagartimes.com
जयपुर, कोटा, दौसा एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दो शीर्ष हस्तियों पर दुनिया की नजर 6 }
तुसाद म्यूजियम में लगेगा रणवीर सिंह का स्टैच्यू 8 }
एड्स से बचा सकती है वैक्सीन, ट्रायल के हैरतअंगेज नतीजे 11 }



# कॉरपोरेट टैक्स कटौती से बाजार में 2280 का ऐतिहासिक उछाल

## घरेलू कंपनियों के लिए कॉरपोरेट टैक्स 30 से घटकर 22 फीसदी हुआ

**विशेष संवाददाता**

पणजी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़ाने के लिए शुक्रवार को अहम घोषणाएं कीं। गोवा में जीएसटी काउंसिल की बैठक से पहले वित्त मंत्री ने प्रेस कांफ्रेंस कर फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरेलू कंपनियों और नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए अध्यादेश के जरिए कॉरपोरेट टैक्स घटाया जाएगा। घरेलू कंपनियों पर बिना किसी छूट के इनकम टैक्स 22 फीसदी होगा जबकि सरचार्ज और सेस जोड़कर प्रभावी दर 25.17 फीसदी होगी। पहले यह दर 30 फीसदी थी। कैपिटल गेन पर सरचार्ज खत्म हो गया है। कॉरपोरेट कर की दर घटाने से राजस्व में सालाना 1.45 लाख करोड़ रुपए की कमी का अनुमान है। वित्त मंत्री के ऐलान के बाद शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिला। सीतारमण ने कहा कि कोई कंपनी अगर अभी छूट ले रही है तो वह टैक्स हॉलिडे की एक्सपायरी के बाद कम टैक्स दरों का विकल्प चुन सकेगी। नई टैक्स दरें 1 अप्रेल से प्रभावी मानी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स की नई दरें दक्षिण-पूर्व एशिया में सबसे कम होंगी। सीतारमण ने कहा कि एक अक्टूबर के बाद बनी नई घरेलू विनिर्माण कंपनियां बिना किसी प्रोत्साहन के 15 फीसदी की दर से आयकर भुगतान कर सकती हैं। नई विनिर्माण कंपनियों के लिए सभी अधिशेषों और उपकर समेत प्रभावी दर 17.01 फीसदी होगी। इसके साथ ही सरकार ने मिनिमम अल्टरनेटिव टैक्स भी खत्म कर दिया है। एमएटी ऐसी कंपनियों पर लगाया जाता है जो मुनाफा कमाती हैं, लेकिन रियायतों की वजह से इन पर टैक्स की देनदारी कम होती है। सरकार ने प्रतिभूति लेन-देन कर की देनदारी वाली कंपनियों के शेयरों की बिक्री से हुए पूंजीगत लाभ पर बजट में प्रस्तावित उपकर को भी वापस लेने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के लिए डेरिवेटिव समेत प्रतिभूतियों की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर धनाढ्य-उपकर समाप्त करने का भी निर्णय लिया गया है।

### रुपया मजबूत

डॉलर के मुकाबले रुपया भी 66 पैसे मजबूत होकर 70.68 पर पहुंचा

» आयकर अधिनियम और वित्त अधिनियम में अध्यादेश के जरिए बदलाव किए जाएंगे।

» मेक इन इंडिया को प्रोत्साहित करने के लिए आयकर अधिनियम में एक नई धारा जोड़ी जाएगी जो 2019-20 से प्रभावी होगी।

### नई मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों पर सिर्फ 15 फीसदी टैक्स

**सीतारमण** ने बताया कि 1 अक्टूबर के बाद बनने वाली घरेलू मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के लिए टैक्स की दर 15 फीसदी होगी। सरचार्ज और सेस मिलाकर प्रभावी टैक्स दर 17.01 फीसदी होगी। उन्हें भी अन्य कोई इंसेंटिव नहीं मिलेगा। नई कंपनियों के लिए पहले टैक्स की दर 25 फीसदी थी। सेस, सरचार्ज मिलाकर प्रभावी दर 29.12 फीसदी थी। यानी नई कंपनियों की टैक्स देनदारी 12 फीसदी कम हो जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि टैक्स में छूट देने से मेक इन इंडिया के तहत निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### सरकार पर हर वर्ष 1.45 लाख करोड़ का अतिरिक्त भार पड़ेगा

**सीतारमण** ने कहा कि कॉरपोरेट टैक्स में कमी से हर साल राजकोष पर एक लाख 45 हजार करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। शेयर बायबैक पर 20 फीसदी का टैक्स लागू नहीं होगा। सरकार ने सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स के लिए जवाबदेह कंपनी के इक्विटी शेयरों की बिक्री से होने वाले पूंजीगत लाभ पर बढ़ा हुआ सरचार्ज नहीं लगाने का फैसला किया है। इसका प्रावधान बजट में किया गया था। कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग फर्म के सीईओ राजीव सिंह ने कहा कि बैंकिंग, एफसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑटो कंपनियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

### 10 साल की सबसे बड़ी तेजी, 2200 से ज्यादा अंक उछला सेंसेक्स

**सप्ताह** के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में जोरदार उछाल देखने को मिली। सरकार द्वारा कॉरपोरेट टैक्स घटाने और निवेशकों से जुड़े ऐलानों की वजह से शेयर बाजार में शुक्रवार को रिकॉर्ड तेजी आई। सेंसेक्स 1921.15 अंक की बढ़त के साथ 38,014.62 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में 2,284.55 अंक चढ़कर 38,378.02 तक पहुंचा था। सेंसेक्स के 30 में से 25 और निफ्टी के 50 में से 44 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। ये शेयर बाजार में पिछले 10 साल की सबसे बड़ी इंट्रा डे तेजी है।

### निवेशकों ने कमाए 6.8 लाख करोड़

**कॉरपोरेट** टैक्स में कटौती और कैपिटल गेन्स टैक्स सरचार्ज की छूट से खुश हुए शेयर बाजार में निवेशकों ने एक घंटे के भीतर 6.8 लाख करोड़ रुपए बना लिए। ऐलानों के तुरंत बाद बाजार चढ़ने लगा और कुछ ही देर में मार्केट कैपिटलाइजेशन 143.45 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो गुरुवार को 138.54 लाख करोड़ रुपए था।

### 7500 रुपए से ज्यादा टैरिफ वाले रूम पर 28 के बजाय 18 फीसदी टैक्स, कैफीन वाले ड्रिंक्स पर अब 28 फीसदी टैक्स लगेगा

**वित्त मंत्री** की अध्यक्षता में गोवा में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक में शुक्रवार को अहम फैसले लिए। होटल इंडस्ट्री को राहत दी गई। 1000 रुपए तक टैरिफ वाले कमरे के किराए पर टैक्स नहीं लगेगा। 1001 से 7500 रुपए तक टैरिफ वाले रूम के किराए पर अब 12 प्रतिशत टैक्स लगेगा। 7500 रुपए तक टैरिफ वाले रूम पर अभी 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। वित्त मंत्री ने बताया कि 7500 रुपए से ज्याटा टैरिफ वाले होटल रूम के किराए पर जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत होगा। जीएसटी की संशोधित दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी।

#### ज्वैलरी एक्सपोर्ट टैक्स फ्री

**जीएसटी** परिषद ने 13 सीटों तक समुद्री नौकाओं का ईंधन, ग्राइंडर, इमली और हीरा, रूबी, पन्ना या नीलम को छोड़कर अन्य सस्ते रत्नों पर टैक्स की दर घटाई। 1,200 सीसी पेट्रोल वाहनों और 1,500 सीसी इंजन वाले डीजल वाहनों पर सेस की दर को घटाकर 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की।

**न्यूज ब्रीफ**

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

### पंघाल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय

**खेल संवाददाता**


नई दिल्ली। विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचते ही भारतीय बॉक्सर अमित पंघाल ने इतिहास रच दिया। अमित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन चुके हैं। 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में हुए एशियन खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पंघाल ने भारतीय समयानुसार शुक्रवार दोपहर यह कामयाबी हासिल की। 52 किग्रा फ्लाईवेट कैटेगिरी के सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के साकेन बिबोसिनोव को कांटे के मुकाबले में 3-2 से मात देते हुए उन्होंने यह कमाल किया। अमित अब फाइनल में कल उजबेकिस्तान के मुक्केबाज शाखोबिदीन जोइरोव से भिड़ेंगे।



### अयोध्या पर रोज एक घंटे ज्यादा सुनवाई

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में सोमवार से रोजाना एक घंटा अतिरिक्त सुनवाई करने का निर्णय किया है। एक घंटे का समय इसलिए बढ़ाया गया है ताकि अयोध्या मामले की सुनवाई 18 अक्टूबर तक पूरी की जा सके।



प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इस विवाद के दोनों पक्षों के वकीलों से कहा कि उसने सामान्य प्रक्रिया के तहत शाम चार बजे की बजाय रोजाना पांच बजे उठने का निर्णय लिया है। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड़, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर शामिल हैं।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी पांडे ने कहा

## निकाय चुनाव के बाद मंत्रिमंडल विस्तार, चुनावी परफार्मेंस रहेगी अहम

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का कहना है कि निकाय चुनाव से पहले राजनीतिक नियुक्तियां होंगी। इसको लेकर 15 अक्टूबर तक पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी मंत्री, विधायक और संगठन से नाम मांगे गए हैं। इस बार नियुक्तियों में नए चेहरों को मौका मिलेगा। इस दौरान अविनाश पांडे ने मंत्रिमंडल विस्तार पर कहा कि निकाय चुनाव के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। चुनावी परफॉर्मेंस के आधार पर ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से शिकायत की गई थी कि सूबे में कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की पूछ नहीं हो रही है। इसके बाद सचिन पायलट, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे की बैठक में फैसला लिया गया था कि अब से कांग्रेस के मंत्री जयपुर में रहेंगे।



जम्मू-कश्मीर पर बोला एससी

### हाईकोर्ट से संपर्क करने में असमर्थता संबंधी दावा सही नहीं

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को खत्म किए जाने से जुड़े कई मामलों में सुनवाई की। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को कहा कि उसे उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से रिपोर्ट मिली है जो जम्मू-कश्मीर में लोगों के हाईकोर्ट से संपर्क करने में असमर्थ होने संबंधी दावे का समर्थन नहीं करती। कश्मीर में बच्चों को कथित तौर पर हिरासत में रखे जाने का आरोप लगाने वाले बाल अधिकार कार्यकर्ता इनाक्षी गांगुली और शांता सिन्हा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने 16 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि घाटी के लोग वहां हाईकोर्ट से संपर्क नहीं साध पा रहे हैं।

# चिन्मयानंद ने कबूला जुर्म 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार** » **जांच के दायरे में पीड़िता भी**

**विशेष संवाददाता**

शाहजहांपुर। यहां की स्थानीय अदालत ने यौन शोषण के आरोपी स्वामी चिन्मयानंद को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कई दिनों की जद्दोजहद के बाद चिन्मयानंद को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। एसआईटी ने प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। चिन्मयानंद ने मोबाइल का डेटा डिलीट कर दिया था। चेक इन करते हुए सीसीटीवी फुटेज बरामद हुए हैं। वीडियो के आधार पर स्वामी की गिरफ्तारी हुई है। दोनों पक्ष की पेन ड्राइव देखी है। फॉरेंसिक रिपोर्ट और डिजिटली वेरिफाई करने का इंतजार है।



### मैं शर्मिंदा हूं: चिन्मयानंद

चिन्मयानंद ने कहा, 'आपको सब पता ही चल गया है तो मुझे कुछ नहीं कहना। अपराध स्वीकारता हूं और कृत्य के लिए शर्मिंदा हूं।'

### छात्रा ने मांगे थे 5 करोड़

इसके साथ ही पीड़िता भी जांच के दायरे में है। पूछताछ में छात्रा ने कबूला कि उसकी और युवकों की बात होती थी। एक-दो जगह की फुटेज आना तय है। छात्रा ने 5 करोड़ रुपए बाबा से मांगने की बात स्वीकार की है।

# अमेरिका दौरे पर 75 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलेंगे मोदी

**विशेष संवाददाता**

न्यूयॉर्क। 'संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासभा के 74वें सत्र में भारत की भागीदारी और पहुंच अभूतपूर्व रहेगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी के ठोस और वास्तविक परिणाम नजर आएंगे।' यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने गुरुवार रात संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। पीएम मोदी का सात दिवसीय अमेरिकी दौरा शनिवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान वे ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी कार्यक्रम' के जरिये भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोगों की सबसे बड़ी भीड़ से रूबरू होने के साथ ही यूएन महासभा को संबोधित करेंगे। उनका जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सहित नौ उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलनों में हिस्सा लेने के साथ ही विभिन्न मंचों पर दुनिया के 75 देशों के राष्ट्राध्यक्षों से द्विपक्षीय या बहुपक्षीय मुलाकातों का भी कार्यक्रम है। अकबरुद्दीन ने बताया कि मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन से हफ्ते भर में 75 राष्ट्र प्रमुख एवं विदेश मंत्रियों से मिलेंगे। इन मुलाकातों में प्रधानमंत्री और उनके समकक्ष या विदेश मंत्री व उनके समकक्ष एक ही कमरे में कम से कम 30 मिनट तक अहम मसलों पर चर्चा करेंगे।




### 'नया मील का पत्थर होगी ट्रंप की मौजूदगी'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ह्यूस्टन कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी एक नया मील का पत्थर होगी। पीएम मोदी ने कहा कि यह पहला मौका होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति उनके साथ भारतीय-अमेरिकी समुदाय के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### यूएन मुख्यालय में सौर पार्क का उद्घाटन करेंगे मोदी

**भारत** की ओर से अपनी तरह की पहली सांकेतिक पहल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह यूएन मुख्यालय में 50 किलोवॉट क्षमता के 'गांधी सौर पार्क' का उद्घाटन करेंगे।

### 400 गायक और डांसर प्रस्तुति देंगे

**एनएफएल** की ह्यूस्टन टेक्सन टीम के होम ग्राउंड एनआरजी स्टेडियम में यह इवेंट होगा। कार्यक्रम भारतीय समयानुसार रात 8:30 बज शुरू होगा और रात 11:30 बजे खत्म होगा। कार्यक्रम में 400 गायक और डांसर प्रस्तुतियां देंगे।

### ह्यूस्टन में भारी बारिश, तैयारियां रुकीं

**अमेरिका** के ह्यूस्टन में हाउडी मोदी कार्यक्रम के लिए जोरों पर चल रही तैयारियों पर भारी बारिश ने ब्रेक लगा दिया है। उष्णकटिबंधीय तूफान की वजह से हुई मूसलाधार बारिश को देखते हुए टेक्सास के कई हिस्सों में गवर्नर ने आपातकाल की घोषणा कर दी है। इस कार्यक्रम हाउडी मोदी के लिए करीब 50 हजार से ज्यादा भारतीय मूल के लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मोदी के साथ यहां आने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों को संबोधित करेंगे।

### भारत को मिला पहला राफेल विमान

**उप वायुसेना प्रमुख ने भरी उड़ान, 8 अक्टूबर को होगा वायुसेना में शामिल**

**विशेष संवाददाता**

बौर्डिओक्स (फ्रांस)। भारतीय वायुसेना को अपना पहला राफेल विमान मिल गया है। गुरुवार को वायुसेना ने फ्रांस में दसॉ एविएशन विनिर्माण सुविधा में पहला राफेल लड़ाकू विमान प्राप्त किया। इस दौरान डिप्टी चीफ एयर मार्शल वीआर चौधरी ने लगभग 1 घंटे राफेल में उड़ान भी भरी। विमानों को अब आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर को भारतीय वायुसेना में शामिल किया जाएगा।

### पहलू खान मामले में राज्य सरकार को सौंपी एसआईटी रिपोर्ट

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। पहलू खान मामले में शुक्रवार को डीजीपी भूपेन्द्र सिंह की ओर से एसआईटी की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दी गई है।

इस मामले में 1000 पन्नों के अतिरिक्त दस्तावेजों के साथ 80 पन्नों की जांच रिपोर्ट एसआईटी की ओर से तैयार की गई थी, जिसमें राजस्थान पुलिस की मामले में पूर्व में घटिया जांच होना सामने आया था।

उत्तर प्रदेश का 'नीरव'

## हीरा कारोबारी ने 14 बैंकों के 3635 करोड़ रुपए डुबोए

### फ्रॉस्ट इंटरनेशनल की संपत्तियां जब्त करने की प्रक्रिया शुरू

**विशेष संवाददाता**

कानपुर। यहां के हीरा कारोबारी उदय देसाई ने 14 बैंकों के 3635 करोड़ रुपए डुबो दिए हैं। इन बैंकों में इनकी आधा दर्जन कंपनियों के दर्जन भर से अधिक खाते एनपीए हो गए हैं। पेन किंग विक्रम कोठारी के बाद बैंकों का पैसा डूबने का यह दूसरा सबसे बड़ा मामला है।

उदय देसाई की कंपनियों मैसर्स फ्रास्ट इंटरनेशनल लिमिटेड व फ्रास्ट इंफ्रास्ट्रक्चर व एनर्जी लिमिटेड समेत कई कंपनियों ने 2002 से 2010 के बीच तीन हजार करोड़ रुपए से अधिक का लोन लिया। वर्षों तक लोन की किस्तें ठीक चलने और लगातार लिमिट बढ़ने के बाद 2018 में इनके खाते एनपीए होने लगे।

वर्तमान में इनके 14 बैंकों में इतने ही खाते एनपीए हो चुके हैं। लगातार डिमांड नोटिस जारी करने के बाद भी इनकी कंपनियों से लोन की रकम वापस नहीं हुई तो बैंकों ने सख्ती शुरू की।



अब बैंक ऑफ इंडिया ने मुंबई, कानपुर और गुरुग्राम स्थित संपत्तियों को कब्जे में ले लिया है। कई संपत्तियां अभी जब्त होने की स्थिति में हैं और कई नीलामी की प्रक्रिया में चल रही हैं।

## दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने जल प्रबंधन संबंधी बिंदुओं पर की चर्चा

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान सरकार व दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार के मध्यम सिस्टर स्टेट एमओयू के तहत शुक्रवार को दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार से आए प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख शासन सचिव, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ आयोजित बैठक में जल प्रबंधन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने डब्ल्यूएसएओ, जनस्वास्थ्य



अभियांत्रिकी विभाग में स्थापित राजस्थान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट (रेसवार्म) को जल प्रबंधन क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रमुख शासन सचिव, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को अभिशंसा पत्र प्रदान किया। बैठक में प्रतिनिधिमंडल के समक्ष रेसवार्म के माध्यम से करवाए जाने वाले विभिन्न नए प्रोजेक्ट्स का प्रजेंटेशन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान में जल प्रबंधन के संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय के शासन सचिव से चर्चा की। इसके बाद सांगानेर तहसील की ग्राम पंचायत ठिकरिया का भ्रमण कर जल जागरूकता कार्यक्रम के तहत की जा रही विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया।

## रामाज डांडिया गरबा रास 2019 के पोस्टर का विमोचन

महानगर संवाददाता

जयपुर। रामाज कुर्ती के तत्वावधान में भव्य फैशन शो और गरबा रास-2019 के पोस्टर का विमोचन किया गया। विमोचन रामाज के एमडी महावीर टेलर और मोहित टेलर, सोहित टेलर, उमाशंकर वर्मा, सीताराम विजयवर्गीय द्वारा किया गया। इस बार रामाज कुर्ती की ओर से जयपुर और टोंक के लोगों के लिए गरबा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम कौथून में स्थित रामाज रिसोर्ट में 29 सितंबर को गुजराती परिवेश में आयोजित होगा। इसमें 11000 दीपकों से मां भगवती की महाआरती की जाएगी।

## निशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन

महानगर संवाददाता

जयपुर। पारीक बंधु प्रताप नगर सांगानेर एवं महात्मा गांधी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी कॉलोनी गोविंद विहार स्थित पिंकसिटी पब्लिक स्कूल में रविवार को विशाल चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जनरल मेडिसिन, अस्थिरोग, नाक-कान-गला, चर्म एवं यौन रोग, प्रसूति एवं स्त्री, दंत रोग एवं नेफ्रोपैथी के महात्मा गांधी अस्पताल के विशेषज्ञ निशुल्क एवं परामर्श देंगे। शिविर में ब्लड शुगर, बीपी, ईसीजी सहित अन्य जांचें की जाएंगी एवं निशुल्क दवाएं दी जाएंगी।

## सीटेट के लिए अब 25 तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

महानगर संवाददाता

जयपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सेंट्रल टीचर एलिजबिलिटी टेस्ट (सीटेट) की दिसंबर में होने वाली परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 25 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सीटेट की परीक्षा 8 दिसंबर को होगी। अब फीस भुगतान करने की आखिरी तारीख भी आगे बढ़ा दी है। उम्मीदवार 30 सितंबर तक फीस का भुगतान कर सकते हैं। सीबीएसई इस बार सीटेट की परीक्षा देश के 110 शहरों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित करेगा। यह परीक्षा 20 भाषाओं में होगी। प्रदेश के 7 शहरों में यह परीक्षा होगी, जिसमें जयपुर, अजमेर, अलवर, बीकानेर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर शामिल हैं। इसमें दो पेपर होंगे। पहला पेपर कक्षा 1 से 5 तक को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए होगा और दूसरा पेपर कक्षा 5 से 8 तक को पढ़ाने वालों के लिए होगा। सीबीएसई की सीटेट परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए यह सर्टिफिकेट 7 वर्ष तक वैलिड रहता है।

## शिविर में 125 यूनिट रक्त एकत्र

महानगर संवाददाता

जयपुर। अखिल भारतीय दांगी समाज संघ जयपुर की ओर शुक्रवार को निवारू रोड स्थित लक्ष्मी नगर में तृतीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन



किया गया। शिविर में 125 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। इस मौके पर अखिल भारतीय दांगी समाज संघ अध्यक्ष रणधीर सिंह दांगी, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह दांगी, महासचिव मनोज विपिन दांगी, कोषाध्यक्ष शिव नारायण सिंह दांगी सहित अन्य समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अब निजी कॉलेजों द्वारा फर्जीवाड़े पर लगेगा अंकुश

# कॉलेज संचालकों को गूगल मैप पर डालनी होगी भवन की लोकेशन

**नए कॉलेज खोलने के लिए निरीक्षण के दौरान विभाग की टीम को दूसरा भवन दिखाने की मिल रही थीं शिकायतें**




**शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया**

*शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए नए प्राइवेट कॉलेज खोलने और पहले से चल रहे महाविद्यालयों की एनओसी के लिए सोमवार से आवेदन शुरू हो गए हैं। कॉलेज आयुक्तालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन बिना किसी विलंब शुल्क के 31 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। वहीं इसके बाद 25 हजार रुपए विलंब शुल्क के साथ आवेदन 1 नवंबर से तीस नवंबर तक किए जा सकेंगे।*

महानगर संवाददाता

जयपुर। कॉलेज आयुक्तालय ने अब फर्जीवाड़ा रोकने के लिए गूगल मैप का सहारा लिया है। विद्यार्थियों की सुविधा और निरीक्षण के दौरान भवनों को लेकर की जाने वाली गड़बड़ी को लेकर इस बार पहले ही शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। यही कारण है कि प्रदेश में नए प्राइवेट कॉलेज खोलने के लिए कॉलेज आयुक्तालय ने आवेदन मांगे हैं, लेकिन इस बार किसी भी नए कॉलेज को खोलने की स्वीकृति तभी मिल सकेगी, जब उसकी लोकेशन गूगल मैप पर दर्ज होगी।

आयुक्तालय को कई बार इस तरह की शिकायत मिली थी कि कॉलेज के निरीक्षण के लिए विभाग की ओर से भेजी गई टीम को निरीक्षण के दौरान दूसरा भवन दिखा दिया जाता है, जिसमें सभी तरह के मानदंड पूरे होते हैं। कई बार एक ही भवन में कई तरह की शिक्षण संस्थाएं खोलकर उनका ही बार-बार निरीक्षण करवा कर स्वीकृति ले ली जाती है। अब इससे बचने के लिए विभाग ने गूगल मैप का सहारा लिया है।

कॉलेज आयुक्तालय ने पहली बार नए कॉलेज के आवेदन पत्रों के साथ गूगल मैप की लोकेशन को आवेदन पत्र में शामिल किया है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रस्तावित कॉलेज के लिए भूमि का चयन कर उस भूमि के दस्तावेज तो आवेदन पत्र के साथ पेश करने ही होंगे। साथ ही प्रत्येक महाविद्यालय को गूगल मैप पर जाकर संस्था की भूमि को रजिस्टर करना होगा। इसके बाद रजिस्ट्रेशन होने पर उस रजिस्ट्रेशन का प्रिंट निकालकर उस दस्तावेज को भी आवेदन पत्र के साथ लगाना होगा। इसके बाद ही आवेदन पत्र पूर्ण माना जाएगा।


कॉलेज आयुक्तालय ने परीक्षा केंद्रों से लेकर लोकेशन को लेकर आने वाली अन्य तरह की परेशानियों से बचने के लिए इस तरह की नई व्यवस्था की है। वहीं कॉलेज के निरीक्षण के लिए पहुंचने में भी किसी तरह की समस्या नहीं हो, इसलिए इस बार गूगल मैप का सहारा लिया गया है। विभाग का मानना है कि ऐसा करने से फर्जीवाड़ा रुकेगा और कॉलेज की लोकेशन को लेकर किसी तरह की कोई समस्या नहीं होगी और एक ही भवन में दो तरह के संस्थान होंगे तो भी गूगल मैप के आधार पर पता चल सकेगा।

## हिम्मत से मिली जीत, कैंसर सर्वाइवर्स ने सुनाई जीत की कहानी

**महात्मा गांधी अस्पताल में राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस टायोकोन-2019 शुरू**

महानगर संवाददाता

जयपुर। सीतापुरा स्थित महात्मा गांधी अस्पताल में शुक्रवार से कैंसर चिकित्सकों की तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस टायकोन-2019 का



शुभारंभ हुआ। इस दौरान कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को हराने वाले कैंसर सर्वाइवर्स ने अपनी जीत की कहानी सुनाई तो सदन तालियों से गूंज उठा।

**केस : 1:** दिल्ली निवासी मनहर को बचपन में कैंसर होने का पता चला, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और कैंसर का पूरा इलाज लिया। लगातार डॉक्टरों के संपर्क में रहा। उनके बताए अनुसार दवा का सेवन करता रहा और आज वह पूरी तरह स्वस्थ है। मनहर ने बताया कि कैंसर से लड़कर उसे जीता जा सकता है, बस स्वयं और अपने डॉक्टर पर विश्वास करना होगा। कुछ समय पहले मनहर की शादी हो गई है और वह पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवनयापन कर रहा है।

**केस : 2:** विपिन कुमार भी दिल्ली के रहने वाले हैं। वे भी महात्मा गांधी अस्पताल में हो रही तीन दिवसीय कैंसर सेमिनार में आए हैं। वे बताते हैं कि करीब आठ साल पहले उन्हें सीएमएल कैंसर होने का पता चला था। चिकित्सक की सलाह से नियमित दवाएं ले रहा हूं। अब बिल्कुल स्वस्थ हूं।

### युवाओं में ब्लड कैंसर अधिक

महात्मा गांधी अस्पताल के कैंसर विभागाध्यक्ष एवं आयोजक डॉ. हेमंत मल्होत्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हो रही इस कॉन्फ्रेंस में किशोर और युवावस्था में होने वाले कैंसर रोगों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन दोनों अवस्थाओं में ब्लड कैंसर, ब्रेन ट्यूमर, लायपोमा आदि अधिक पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि क्रोनिक माइलाइ ल्यूकीमिया (सीएमएल) रक्त कैंसर की एक ऐसी बीमारी है, जिसमें रोगी की दवा लंबे समय तक चलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यदि सीएमएल का रोगी नियमित दवा सेवन करे तो परिणाम बहुत ही अच्छे रहते हैं। इसमें एक टैबलेट लेने की आवश्यकता है। इसके साथ ही रोगी की समय-समय पर मनोवैज्ञानिक जांच भी जरूरी है। महीने में मात्र दो से तीन हजार रुपए की दवा की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं में ब्लड कैंसर, लिम्फोमा, बोन एवं ब्रेन कैंसर अधिक बढ़ रहा है।

### ब्लड कैंसर का उपचार संभव

मैक्स फाउंडेशन के डॉ. वीजी वैंकटेश ने कहा ब्लड कैंसर का उपचार संभव है। उनका फाउंडेशन कैंसर रोगियों की हरसंभव मदद करता है। कार्यशाला में प्रथम दिन डॉ. प्रकाश चितलकार इंदौर, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. अजय यादव, डॉ. प्रशांत कुंभज, डॉ. नवीन गुप्ता, डॉ. सुनीत गोयल, डॉ. नितिन खुंटेटा, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. संजय शर्मा, सहित चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए। 21 और 22 सितंबर को विभिन्न वैज्ञानिक सत्रों में देश के ख्यातिप्राप्त कैंसर विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

## डॉ. आरती पुरी को मिला वीमेन अचीवमेंट अवॉर्ड

महानगर संवाददाता

जयपुर। फैशन और कला श्रेणी में डॉ. आरती पुरी को वीमेन अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. पुरी ने बताया कि समाज के एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते सामाजिक कल्याण गतिविधियों में भाग लिया और स्वच्छता के बारे में अनाथालय में जागरूकता अभियान चलाया।

## सम्मेलन में शिक्षकों के हित में हुआ शैक्षिक मंथन

महानगर संवाददाता

जयपुर। राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जयपुर का जिलास्तरीय शिक्षक सम्मेलन शुक्रवार को राजकीय मूक-बधिर संस्थान में शुरू हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कांग्रेस उपाध्यक्ष अर्चना शर्मा रही और अध्यक्षता कांग्रेस के पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा ने की। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष शशिभूषण शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा, प्रदेश मंत्री अंजनी कुमार और प्रदेश संगठन मंत्री शिव शंकर ओझा ने शिरकत की। डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि शिक्षकों की हर जायज मांग को पुरजोर से उठाएंगे और समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष उनकी मांगें रखेंगे। उन्होंने कहा यह संगठन उनके परिवार जैसा है और इस परिवार की हर मांग के लिए वे तत्पर रहेंगी। सम्मेलन में करीब 700 शिक्षक संभागियों ने भाग लिया और शिक्षक शिक्षार्थी हित में शैक्षिक मंथन किया।

## प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता कल

महानगर संवाददाता

जयपुर। जवाहर नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में केनरा बैंक की ओर से कक्षा 8 से 12 तक के छात्रों के लिए रविवार को अखिल राज्यस्तरीय प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के लिए 100 से अधिक स्कूलों की टीम ने नामांकन करवा दिया है। प्रतियोगिता में शैक्षिक पृष्ठभूमि, बैंकिंग क्षेत्र और समसामयिक घटनाचक्र के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को 50 हजार, द्वितीय विजेता को 20 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## खाते में था पर्याप्त बैलेंस, बैंक ने नहीं माना, उपभोक्ता मंच ने दिलवाए दस हजार

महानगर संवाददाता

जयपुर। बैंक खाते में पर्याप्त राशि होने के बावजूद अर्याप्त राशि बताकर किस्त का भुगतान करने से मना करना यूको बैंक की सीकर मोड़ चौमूं शाखा को महंगा पड़ गया।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच द्वितीय, जयपुर के पीठासीन अधिकारी गोविंद प्रसाद गोयल, सदस्य लीला कुमावत ने इस प्रकरण में यूको बैंक की थाना मोड़ सीकर रोड चौमूं शाखा के प्रबंधक को परिवादी राजेश विजय पुत्र बाबूलाल विजय को दस हजार रुपए देने का फैसला सुनाया है। इसमें पांच हजार रुपए क्षतिपूर्ति तथा पांच हजार रुपए परिवाद व्यय के हैं। परिवादी के अधिवक्ता घनश्याम दास विजय ने बताया कि परिवादी राजेश विजय पुत्र बाबूलाल विजय निवासी प्लॉट नंबर-18 प्रताप नगर आर्य नगर के पास मुरलीपुरा तथा हाल निवासी विजय विला मकान नंबर 11/61 बापू बाजार चौमूं का थाना मोड़, सीकर रोड चौमूं की यूको बैंक में खाता है। परिवादी ने अपने और परिवार की घरेलू आवश्यकता के लिए एक चौपहिया वाहन फाइनेंस कंपनी के जरिए लोन पर लिया था, जिसकी किस्तों का भुगतान ईसीएस के जरिए किया जाता रहा। बैंक ने 7.10.2016 को परिवादी के खाते में पर्याप्त राशि होते हुए भी अपर्याप्त राशि होने का हवाला देते हुए भुगतान करने से मना कर दिया था। परिवादी ने स्टेटमेंट निकाला तो खाते में पर्याप्त राशि थी। इस दौरान बैंक ने ईसीएस रिजेक्शन चार्ज के पेटे 105 रुपए भी काट लिए। परिवादी ने बैंक शाखा से इसका कारण पूछा तो बताया गया उनकी शाखा में ऐसी लापरवाही नहीं बरती जाती। इस पर परिवादी ने उपभोक्ता न्यायालय में केस कर दिया। यहां बैंक ने तर्क दिया कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तकनीकी खराबी के कारण ऐसा हुआ। न्यायालय ने छत्तीसगढ़ राज्य आयोग की नजीर के आधार पर कहा कि बैंक को मैनुअली उक्त चेक अथवा ईसीएस को क्लियर करना चाहिए था, जो कि उसने नहीं किया। यह सेवा दोष है। तकनीकी खराबी के लिए परिवादी उत्तरदायी नहीं है।

## राठौड़ अध्यक्ष, मंसूरी महासचिव

महानगर संवाददाता





जयपुर। दिल्ली रोड, मानबाग स्थित फजलशाह दरगाह में जयपुरी रजाई मजदूर यूनियन (मंसूरी) समाज के चुनाव निर्विरोध हुए। इसमें सलीम राठौड़ अध्यक्ष, अब्दुल रसीद मंसूरी महासचिव, जाउद्दीन तिगाला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निजाम सकरपुरा उपाध्यक्ष, सिराज गौरी सचिव, अलाउद्दीन सकरपुरा कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए। राठौड़ पिछले 25 साल से आफरीन कॉटन वर्क का कार्य करते हुए समाजसेवा का कार्य कर समाज को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

महानगर संवाददाता

जयपुर। टोंक रोड, प्रतापनगर स्थित श्री पिंजरापोल गोशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर गायों को हरा चारा खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष



सतीश पूनिया, सांसद रामचरण बोहरा, सांगानेर विधायक अशोक लाहोटी, उपमहापौर मनोज भारद्वाज, पार्षद नवरतन नराणिया, मुकेश लख्याणी, सांगानेर मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, टीकम शर्मा, अशोक सालोटिया, संजय शर्मा, अनिल पारीक, पुरुषोत्तम बधवानी, अमित शर्मा, दिनेश खंडेलवाल, बाबू टोडावत, राहुल शर्मा, लक्की गुप्ता, पंकज वाल्मीकि, खेमचंद डाकोत, रिंकू उमरवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खादी पर छूट देने पर खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

महानगर संवाददाता

जयपुर। कतिन बुनकरों के रोजगारों को ध्यान में रखते हुए बिक्री को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़ी संस्थाओं को संबल देने एवं आम जनता में खादी के प्रति आस्था को देखते हुए बिक्री पर छूट 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के महासचिव संजीव गौड़ ने बताया कि खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. परमानंद पंवार ने मुख्यमंत्री निवास पर जाकर उन्हें बधाई दी। संजीव गौड़ ने खादी को बढ़ावा देने, खादी के विकास तथा रोजगार के क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए अहम कदम की प्रशंसा करते हुए बताया कि 50 प्रतिशत की छूट से प्रदेश में खादी के प्रति जनता का रुझान बढ़ेगा और खादी की बिक्री में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से खादी को सरकारी विभागों में कर्मचारियों और अधिकारियों को पहनना अनिवार्य करने की मांग की, जिससे खादी विभाग विकास की ओर अग्रसर हो सके।

## साबिर खान जिलाध्यक्ष



महानगर संवाददाता

जयपुर। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष उम्मेद सिंह चम्पावत ने साबिर खान को पार्टी का जयपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

## बैरवा राष्ट्रीय महासचिव



महानगर संवाददाता

जयपुर। राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी टाइगर संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आरएल मीणा ने नवल कुमार बैरवा को संस्थान में राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है।

## अब सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी एक मिनिट की ट्रैफिक अवेयरनेस फिल्म

महानगर संवाददाता

जयपुर। यातायात नियमों की जानकारी के लिए अब सिनेमाघरों में ट्रैफिक अवेयरनेस फिल्म दिखाई जाएगी। इस संबंध में यातायात पुलिस उपायुक्त ने शुक्रवार को शहर के सिनेमाघर संचालकों के साथ बैठक की। बैठक में संचालकों ने यातायात पुलिस की इस पहल पर हामी भरी। डीसीपी ट्रैफिक राहुल प्रकाश ने बताया कि दर्शकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए फिल्म के शुरू होने से पहले और मध्यांतर में दर्शकों को ट्रैफिक अवेयरनेस संबंधित एक मिनट की शॉर्ट फिल्म दिखाई जाएगी। फिल्म के माध्यम से दर्शकों को यातायात नियमों के नए एक्ट के बारे में बताया जाएगा।

### जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जगरूप सिंह यादव ने किया नए क्षेत्राधिकार का निर्धारण

# राजस्व वादों की सुनवाई के लिए अधिकारियों के बदले क्षेत्राधिकार

महानगर संवाददाता

जयपुर। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जगरूप सिंह यादव ने आदेश जारी कर जिले के राजस्व न्यायालयों में वादों की सुनवाई के लिए राजस्व अधिकारियों के वर्तमान क्षेत्राधिकार में परिवर्तन कर नए क्षेत्राधिकार का निर्धारण किया है।

यादव ने बताया कि जिले के 28 राजस्व अधिकारियों के नए क्षेत्राधिकार के तहत भू-अभिलेख वृत्त एवं तहसील का निर्धारण कर सभी अधिकारियों को आवंटित क्षेत्र के अनुसार ही नए प्रकरणों को संबंधित न्यायालय में सुनवाई के लिए स्वीकार करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही जिन न्यायालयों के भू-अभिलेख वृत्तों में परिवर्तन हुआ है, इस बारे में संबंधित न्यायालय को विचाराधीन प्रकरणों का आपस में स्थानांतरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। शेष न्यायालय पूर्व की तरह ही कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि नामांतरकरण की अपील एवं 136 एलआर एक्ट के प्रार्थना पत्रों की सुनवाई और निस्तारण संबंधित उपखंड अधिकारी द्वारा ही किया जाएगा। ऐसे राजस्व वाद जो काश्तकारी अधिनियम-1995 की धारा 235 के तहत कलेक्टर के निर्णयानुसार अन्यत्र न्यायालय को सुनवाई के लिए स्थानांतरित किए गए हैं, वे यथावत सुने जाएंगे। ये आदेश प्रसारण की तिथि से तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गए हैं।

उन्होंने बताया कि उपखंड अधिकारी जयपुर-प्रथम के लिए भू-अभिलेख वृत्त जयपुर पश्चिम, बस्सी सीतारामपुरा व झोटवाड़ा (तहसील जयपुर) का नया क्षेत्र निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार उपखंड अधिकारी, सांगानेर-जयपुर के लिए भू-अभिलेख वृत्त सांगानेर, शिकारपुरा, वाटिका व मुहाना (तहसील सांगानेर), उपखंड अधिकारी आमेर के लिए भू-अभिलेख वृत्त आमेर व बगवाड़ा (तहसील आमेर), उपखंड अधिकारी शहर-दक्षिण के लिए भू-अभिलेख वृत्त भांकरोटा व गोनेर (तहसील सांगानेर) हरमाड़ा व जाहोता (तहसील आमेर), उपखंड अधिकारी शहर-उत्तर के लिए भू-अभिलेख वृत्त मुंडियारामसर व जयपुर पूर्व (तहसील जयपुर), उपखंड अधिकारी बस्सी के लिए भू-अभिलेख वृत्त कानोता, बस्सी, जटवाड़ा व टहटडा



**उपखंड अधिकारी जयपुर-प्रथम के लिए भू-अभिलेख वृत्त जयपुर पश्चिम, बस्सी सीतारामपुरा व झोटवाड़ा (तहसील जयपुर) तथा उपखंड अधिकारी, सांगानेर-जयपुर के लिए भू-अभिलेख वृत्त सांगानेर, शिकारपुरा, वाटिका व मुहाना (तहसील सांगानेर) निर्धारित**

(तहसील बस्सी), उपखंड अधिकारी चाकसू के लिए भू-अभिलेख वृत्त छान्देल कलां, निमोड़िया, काठावाला, शिवदासपुरा, तितरिया, टूटोली, कादेड़ा, तामड़िया, कौथून व चाकसू (तहसील चाकसू) तथा रूपाहेड़ी कलां, कोटखावदा, गरुडवासी, ठीकरियां गुजरान व देहलाला (तहसील कोटखावदा), उपखंड अधिकारी शाहपुरा के लिए शाहपुरा, रामपुरा, कांट व खोरालाडखानी (तहसील शाहपुरा), उपखंड अधिकारी विराटनगर के लिए विराटनगर, बीलवाड़ी, पालड़ी, मैड़, आंतेला व भाबरू (तहसील विराटनगर), उपखंड अधिकारी फागी के लिए फागी, रेनवाल, निमेड़ा, डाबिच व चित्तौड़ा (तहसील फागी) तथा उपखंड अधिकारी दूदू के लिए मरवा, साली, पडासोली, गैजी, दूदू, हरसोली व रहलाना (तहसील दूदू) का क्षेत्राधिकार निर्धारित किया गया है।

इसी प्रकार उपखंड अधिकारी सांभर के लिए नरायणा, हबसपुरा, सांभरलेक, काजीपुरा, फुलेरा, हिरनोदा, जोबनेर, कालख, आसलपुर व सिनोदिया (तहसील फुलेरा), उपखंड अधिकारी जमवारामगढ़ के लिए नायला, बूज, खवारानीजी व जमवारामगढ़ (तहसील जमवारामगढ़), उपखंड अधिकारी चौमूं के लिए चौमूं, कालाडेरा, मोरीजा व सामोद (तहसील चौमूं), उपखंड अधिकारी कोटपूतली के लिए बनेठी, पनियाला, सरूंड, नारेहड़ा व सांगटेड़ा (तहसील कोटपूतली), सहायक कलेक्टर जयपुर शहर-प्रथम के लिए कालवाड व माचवा (तहसील जयपुर), सहायक कलेक्टर जयपुर शहर- द्वितीय के लिए बगरू, लूणियावास, ठिकरिया व कलवाड़ा (तहसील सांगानेर), सहायक कलेक्टर आमेर के लिए खोराबीसल, रोजदा, राधाकिशनपुरा, जयसिंहपुरा व जालसू (तहसील आमेर), सहायक कलेक्टर बस्सी के लिए तूंगा, बांसखोह, लालगढ़, सांभरिया, फाल्यावास, देवगांव व दूधली (तहसील बस्सी), सहायक कलेक्टर फागी के लिए लदाना, हरसूलिया, मेंदवास, मंडावरी, चौरू, मंडोर, चांदमाकलां व माधोराजपुरा (तहसील फागी), सहायक कलेक्टर सांभर लेक के लिए रेनवाल, बधाल, बाघावास, मूंडियागढ़, करणसर, हिंगोनिया, भैंसलाना व भोजपुराकलां (तहसील किशनगढ़ रेनवाल) नया क्षेत्र निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि सहायक कलेक्टर चौमूं के लिए गोविन्दगढ़, किशनपुरा, सिंगोदखुर्द, व हस्तेड़ा (तहसील चौमूं), सहायक कलेक्टर कोटपूतली के लिए कोटपूतली, मोहनपुरा, गोवर्धनपुरा, दांतिल, प्रागपुरा, टसकोला, खेलना, मण्डा व पावटा (तहसील कोटपूतली), सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रैक-आमेर के लिए चन्दवाजी, मानपुरा माचेडी, बिलौंची व अचरोल (तहसील आमेर), सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रैक-शाहपुरा के लिए अमरसर, खोरी, धानोता, राडावास व मनोहरपुर (तहसील शाहपुरा), सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रैक-जमवारामगढ़ के लिए गठवाड़ी, ताला, रायसर, भवानी, आंधी, भानपुरकलां व नीमला (तहसील जमवारामगढ़), सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रैक-चौमूं के लिए खेजरोली, नांगलभरडा व उदयपुरिया (तहसील चौमूं) तथा सहायक कलेक्टर फास्ट ट्रैक-दूदू के लिए गंगातीकलां, महला, सेवा, मौजमाबाद, धमाणा, बौराज, मोखमपुरा व गिदानी (तहसील मौजमाबाद) का नया क्षेत्र निर्धारित किया है।

# बाइक अड़ने के विवाद में भाजयुमो कार्यकर्ता की चाकू से गोदकर हत्या

## नाले में शव फेंककर अज्ञात हमलावर फरार

**महानगर संवाददाता**

कोटा। विज्ञान नगर इलाके में गुरुवार रात एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या करने का मामला सामने आया है। अज्ञात बदमाशों ने युवक की हत्या कर शव को मुख्य सड़क के पास नाले में फेंक दिया।



देर रात पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति लावारिस अवस्था में नाले में पड़ा हुआ है। जिसके बाद विज्ञान नगर थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवा दिया। वहीं, मृतक की शिनाख्त प्रदीप पांचाल के रूप में हुई है, जो भारतीय जनता युवा मोर्चा का कार्यकर्ता है। पुलिस ने बताया कि युवक की चाकू से गोदकर हत्या की गई है और बाद में शव को नाले में फेंका गया है। मृतक हा ही में हुए कॉलेज छात्र संघ चुनाव में भी काफी सक्रिय रहा था।

भाजपा नेता हितेंद्र शर्मा हित्तू ने आरोप लगाया है कि बाइक दूसरी बाइक के अड़ने को लेकर हुए विवाद के चलते अज्ञात बदमाशों ने प्रदीप की हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बिगड़ी हुई है। वहीं, हत्या के समय मृतक के साथ एक अन्य युवक भी था, उस युवक से पुलिस पूछताछ भी कर रही है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। साथ ही पुलिस ने हत्या के कारणों की अभी पुष्टि नहीं की है। वहीं, एसएफएल टीम ने मौके से तथ्य जुटाएं हैं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, कोटा में चाकू से हमले की वारदात लगातार बढ़ने से लोगों में जबर्दस्त आक्रोश है। पिछले कुछ समय में 3 हत्याएं चाकू से हमला कर की गई है।

### परिजनों ने दर्ज कराया हत्या का मामला

मोर्चरी के बाहर आईपीएस डॉ. अमृता दुहन व सीआई सहित कई पुलिस अधिकारी पहुंचे। दुहन ने कहा कि शव को देखने से ऐसा लग रहा है कि चाकू से वार कर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि पूछताछ में जानकारी मिली है कि प्रदीप स्टूडेंट इलेक्शन में काफी एक्टिव रहा करते थे। उन्होंने कहा कि हत्या के इस मामले का गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। मृतक के भाई ने कहा कि प्रदीप विवाहित था और उसे किसी ने फोन कर बुलाया था। वहीं, विज्ञाननगर थाना इंचार्ज अमर सिंह ने कहा कि परिजनों ने लाश की पहचान की और फिर थाने में हत्या का प्रकरण दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि मृतक के शरीर पर दो जगह किसी नुकीले हथियार से किए गए वार के निशान हैं। पुलिस को हत्या के कारणों और हत्यारों के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

# पत्नी की बेवफाई का बदला लेने पति बन गया पपला

## भेद खुला तो हिस्ट्रीशीटर ने कबूली सच्चाई

**महानगर संवाददाता**

अलवर। पुलिस के लिए अबूझ पहेली बना पपला अब जिले के अन्य अपराधियों के लिए भी पुलिस को आतंकित करने का हथियार बनता जा रहा है। पुलिस कंट्रोल को पपला के नाम से आए एक फोन की छानबीन करने पर जो असलियत सामने आई पुलिस भी उससे हतप्रभ है। पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने बताया कि रिंकू उसका दोस्त था और उसने घर आते-जाते रहता था। उसकी पत्नी से प्रेम प्रसंग के बाद रिंकू और उसकी पत्नी से भाग कर शादी कर ली थी। इसी बात का बदला लेने के लिए उसने हरियाणा के कुख्यात बदमाश विक्रम पपला बनकर फोन कर धमकी देनी शुरू किया। जिससे वह डर कर उसकी पत्नी को वापस लौटा दे। पकड़ा गया आरोपी विक्रम यादव निवासी बिलाहेड़ी थाना हिस्ट्रीशीटर है। उसके पास एक अवैध हथियार भी मिला है। आरोपी ने अलवर के बुध विहार निवासी रिंकू यादव जो उसकी पत्नी का प्रेमी है उसे डराने के लिए पपला बनकर उसे फोन किया। साथ ही पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन कर कहा कि वह पपला गुर्जर बोल रहा है। बिलाहेड़ी निवासी विक्रम यादव उसका दोस्त है। जिसकी पत्नी को रिंकू यादव भगा ले गया है या तो रिंकू उसके दोस्त की पत्नी को भेज दे। नहीं तो रिंकू को उसके घर बुध विहार में जाकर गोली मार देगा। चौपानकी थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी विक्रम यादव (32) पुत्र चंदगीराम निवासी बिलाहेड़ी (कोटकासिम) को 315 बोर के देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस सहित गंधौला मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ कोटकासिम, तिजारा, बावल, धारुहेड़ा व बहरोड़ थाने में कुल 13 मामले दर्ज हैं। वह हरियाणा और भरतपुर के मेवात इलाके से अवैध हथियार लाकर सप्लाई के साथ-साथ हत्या लूट डकैती की वारदातों को भी अंजाम देता है। पुलिस ने बताया कि पपला के बहरोड़ थाने से फरार होने के बाद विक्रम यादव ने ही अलवर के पुलिस कंट्रोल रूम पर पपला गुर्जर बनकर बात की थी।

# कार ने बाइक सवार को कुचला

## गुस्साई भीड़ ने हाइवे पर शव रखकर प्रदर्शन किया

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। जिले के चाकसू नेशनल हाइवे 12 पर शुक्रवार दोपहर को तिगरिया गांव जाने वाले कट पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां निवाई की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार चालक को कुचल दिया। जिससे बाइक सवार 40 वर्षीय हफीज खान की हादसे में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। एसएचओ बृजमोहन कविया के मुताबिक मृतक आशिकपुरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।



इस घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने मृतक का शव हाइवे की सड़क में रखकर आधे घंटे तक जाम लगा दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। घटना से गुस्साए लोगों का आरोप था कि पुलिस और एंबुलेंस समय से मौके पर नहीं पहुंची। वहीं, दूसरी ओर तेज रफ्तार वाहनों पर कोई लगाम नहीं है जिससे लगातार हादसे सामने आ रहे हैं। मौके पर पहुंचे एसीपी अर्जुनाराम चौधरी, चाकसू एसएचओ बृजमोहन कविया ने आक्रोशित भीड़ को समझाने की कोशिश की। साथ ही तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर पुलिस ने हाइवे पर लगाए गए जाम को हटवाया। मृतक का शव मोर्चरी में रखवा कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बांडी नदी पर एनीकट में डूबने से दो युवकों की मौत

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। फागी थाना क्षेत्र के भीलवाड़ा-जयपुर मेगा हाईवे पर गुरुवार को बांडी नदी पर एनीकट में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्र से लोगों का जमावड़ा लग गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची। साथ ही सर्च रेस्क्यू ऑपरेशन कर दोनों युवकों को पानी से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।



बाद में फागी राजकीय अस्पताल ले जाने पर दोनों के मृत होने की पुष्टि कर दी गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिए हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों युवकों की पहचान गोविंद सैनी (18) और कमलेश सैनी (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# दो दिन बाद मिला कालीसिंध नदी में बहे युवक का शव

**महानगर संवाददाता**

बारां। जिले के अंता के पास कालीसिंध नदी में मछली पकड़ने के दौरान बहे युवक का शव दो दिन बाद मिल गया। एनडीआरएफ की टीम ने 8 घंटे की मशक्कत के बाद शव तलाशने में कामयाबी हासिल की। दो दिन पहले युवक नदी की तेज धारा में बह गया था। पहले दिन भी एनडीआरएफ ने रेस्क्यू चलाया लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हुई थी, फिर दूसरे दिन युवक की लगातार तलाश की गई। इसी का ही परिणाम है कि टीम ने 8 घंटे के बाद युवक की लाश को खोज निकाला।



जानकारी के मुताबिक मृतक कोटा निवासी अनिल रैगर था, जो अपने दोस्तों और मामा के साथ मछली पकड़ने के लिए काली सिंध नदी के किनारे गया हुआ था। जहां नदी में नहाते समय तेज बहाव में फंस जाने के कारण वो बह गया था। उसके दोस्तों ने भी बचाने की खूब कोशिश की थी, लेकिन तेज बहाव होने की वजह से दोस्त कामयाब नहीं हो पाए थे। फिलहाल शव बाहर निकाले जाने के बाद पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## पेंसिल व्यापार का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का मामला

# किरोड़ी मीणा के नेतृत्व में पीड़ित पहुंचे मालवीय नगर थाने, कार्रवाई की मांग

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मालवीय नगर इलाके में पेंसिल बनाने के नाम पर सैंकड़ों लोगों से की गई करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस की ओर से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में शुक्रवार को किरोड़ीलाल मीणा ने पीड़ित लोगों के साथ मालवीय नगर थाने का घेराव किया। किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि पेंसिल बनाने के नाम पर इलाके में एक फर्जी कंपनी खोली गई थी। जिसके जरिए लोगों से अधिक राशि लेकर उन्हें मशीनें दी गई। और उसके बाद में उनसे माल वापस नहीं लिया गया और कंपनी मालिक कंपनी को बंद करके फरार हो गए। पीड़ित लोगों की ओर से मालवीय नगर थाने में मुकदमा भी दर्ज करवाया गया। लेकिन पुलिस की ओर से अब तक मुख्य आरोपी को नहीं पकड़ा गया है। जिसके चलते विरोध प्रदर्शन किया गया है। किरोड़ीलाल मीणा का कहना है कि अगर पुलिस 1 सप्ताह में कार्रवाई नहीं करेगी तो फिर आंदोलन किया जाएगा।

# जुआ रोकने में नाकाम बीदासर के थानाधिकारी को एसपी ने किया लाइन हाजिर, होगी जांच

**महानगर संवाददाता**

चूरू। जिले के बीदासर में पटवार घर के पास एक कॉम्पलेक्स में छापेमारी कर छापर के थाना अधिकारी राजीव रॉयड ने देर रात जुआ खेलने वाली 9 कैसिनों मशीनें जब्त कीं। इसके साथ ही 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर हाईप्रोफाइल जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया।



बीदासर के थानाधिकारी की निष्क्रियता के चलते चल रहे जुए के अड्डे के खिलाफ छापर पुलिस ने इस कार्रवाई को अंजाम देकर 25 हजार 820 रुपए भी जब्त किए। हाल ही में बीदासर के बंद घरों में जुए के अड्डे चलने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।

**थानेदार के खिलाफ मिलीभगत की होगी जांच:** चूरू की जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वीनी गौतम ने थाना अधिकारी हरजीराम के खिलाफ जांच के भी आदेश दिए हैं। इस घटना के बाद जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराधों को रोकने में नाकाम रहने पर बीदासर के थाना अधिकारी हरजीराम को लाइन हाजिर कर उनके खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। एसपी गौतम ने बताया कि अगर किसी थानाधिकारी के क्षेत्र में दूसरे थाना क्षेत्र की पुलिस टीम आकर कार्रवाई करती है तो यह घटना कहीं न कहीं घपले को इंगित करती है।

### बीस लाख का सोना पकड़ा, पांच गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**

चूरू। जिले की थाना दुधवाखारा पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान करीब 20 लाख रुपए का सोना जब्त कर हिस्ट्रीशीटर सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि गोपनीय सूचना पर एनएच 52 पर नाकाबंदी पर शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी को रुकवाकर चैक किया तो उसमें चूरू कोतवाली थाना का हिस्ट्रीशीटर फरियाद खान और पुलिस थाना कोतवाली के स्टैंडिग वारंटी शाहरुख खान, आबिद खान, मुबारिक व सुरेन्द्र शर्मा मिले। पूछताछ में आबिद व शाहरुख ने दुबई से आना बताया। बैग को चैक किया तो लोहे का हथौड़ा मिला जिसमें खांचे बनाकर 466.65 ग्राम सोने की दो डलियां छुपाकर डाली हुई मिली।

### युवक पर जानलेवा हमला, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**महानगर संवाददाता**

जोधपुर। जिले के फलोदी के नागौर रोड इलाके में एक युवक पर कुछ लोगों ने मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार फलोदी निवासी युवक करण कल्ला नागौर रोड इलाके से अपने घर की ओर जा रहा था। अचानक कुछ लोगों ने करण कल्ला का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और फिर उसपर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर सड़क पर फेंक दिया।

राहगीरों की मदद से घायल युवक को राजकीय चिकित्सालय फलोदी लाया गया। युवक के शरीर पर चाकू से चार बार वार किए गए जिसे लहूलुहान हालत में राजकीय चिकित्सालय फलोदी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने जोधपुर रेफर कर दिया। फिलहाल युवक पर हुए हमले के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। सूचना पर फलोदी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से लोगों में दहशत का माहौल है। ऐसे में जोधपुर में इस हादसे के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस के तमाम दावों के बाद भी जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है।

# बिना फायर एनओसी के चल रहा रेस्त्रां धधका, सांसत में आई लोगों की जान

## दमकल की पांच गाड़ियों ने मशक्कत के बाद पाया काबू, निगम ने दिया नोटिस

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। शहर के रामबाग सर्किल स्थित एक रेस्टोरेन्ट में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की सूचना पर मौके पर पहुंची गांधी नगर थाना पुलिस सहित दमकल की पांच गाडियों ने आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान वहां रखें गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत यह रही हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

पुलिस ने बताया कि रामबाग सर्किल स्थित काफका रेस्टोरेन्ट में शुक्रवार सुबह आग लग गई। वहां मौजूद स्टाफ ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग धीरे-धीरे बढने् लगी। इसी दौरान सूचना पर पहुंची पांच दमकलों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। उसी दौरान वहां रसोई में रखे एक सिलेंडर में अचानक ब्लास्ट हो गया। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग पर पांच दमकलों की सहायता से काबू पाया गया। आग से रेस्टोरेन्ट के एक हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा है। आग से किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि इससे टोंक रोड पर मॉर्निंग वॉक कर रहे राहगीरों में सनसनी मच गई। वहीं, बिल्डिंग के पास रहने वाले लोग भी घबरा गए



### निगम ने दिया नोटिस, नहीं थी फायर एनओसी

रूफ टॉप रेस्टोरेंट अवैध रूप से चलाया जा रहा था, जिसकी फायर एनओसी भी नहीं ले रखी थी। इस पर नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए नोटिस दिया है। निगम अधिकारियों ने बताया कि रेस्त्रा मालिक को नोटिस देकर सात दिन में इसका जबाव मांगा गया है।

और दहशत का माहौल फैल गया। ब्लास्ट के बाद आग की तेज लपटें आसमान में कई फीट ऊपर उठीं। वहीं घटनास्थल के आस-पास काफी लोगों की भीड़ हो गई। जिससे पुलिस को काफी मशक्कत के बाद हटाना पड़ा। आसपास धुंआ फैल गया। इस बीच घटनास्थल के आसपास मौजूद कुछ लोगों ने हादसे को अपने मोबाइल फोन में रिकार्ड कर लिया। इससे कुछ ही देर में सिलेंडर में ब्लास्ट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पुलिस ने बताया कि रेस्टोरेन्ट के जिस हिस्से में आग लगी। वहां और भी गैस सिलेंडर रखे हुए थे। आग से एक गैस सिलेंडर में ही ब्लास्ट हुआ। वहीं अगर आग और बढ़ जाती और अन्य गैस सिलेंडरों तक पहुंच जाती तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। शहर को जोडने् वाली मुख्य सड़क होने के चलते आग की घटना के बाद वहां लम्बा जाम लग गया। जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद सुचारू किया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी जगदीश प्रसाद फुलवारी ने बताया कि यह हादसा काफका रेस्त्रां में हुआ। जो कि चार मंजिला बिल्डिंग की रूफ टॉप पर चलता है। चौथी मंजिल की छत पर खुले एरिया में चल रहे इस रेस्त्रां में शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे आग लग गई थी। तब वहां कोई कर्मचारी स्टॉफ मौजूद नहीं था। वहीं हादसे में किसी में कोई जनहानि नहीं हुई।

## तीन साल की बच्ची के अपहरण का मामला

# मौसेरी बहन के संतान नहीं हुई तो आईआईटी के छात्र ने रच डाली साजिश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मालवीय नगर थाना इलाके में गुरुवार को घर के बाहर अपनी बड़ी बहन के साथ खेल रही तीन साल की बच्ची के अपहरण के मामले में रोचक कहानी सामने आई है। जिसमें मुख्य आरोपी की मौसेरी बहन के संतान पैदा नहीं हुई तो उसने बच्ची के अपहरण की साजिश रच डाली। पुलिस ने सीसीटीवी में कैद बाइक के नम्बरों के आधार पर चारों आरोपियों को पकड़ लिया। शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पुलिस उपायक्त जयपुर पूर्व राहुल जैन ने बताया कि दीपेन्द्र सिंह उर्फ दीपू (23), गौरव उर्फ गोलू (22) निवासी दोनों झालाना, पवन सिंह (20) नीमकाथाना सीकर और पुष्पेन्द्र सिंह (21) पावटा हाल निवासी मूर्तिकला कॉलोनी बजाज नगर को गिरफ्तार किया गया है। अपहरण की साजिश रचने वाला मास्टर माइंड पुष्पेन्द्र सिंह है। कार्रवाई में एसआई रामकेश, हैडकांस्टेबल फतेह सिंह, कांस्टेबल रमेश कुमार और ओमप्रकाश की भूमिका सराहनीय रही। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र से पूछताछ में सामने आया है कि उसकी मौसेरी बहन के संतान नहीं थी और उसने अपने ससुराल में खबर फैला दी कि बच्चा हो गया है। आरोपी का बहनोई फौज में है। बहनोई का ट्रांसफर पठानकोट हो गया। ऐसे में बहन को ससुराल बच्चे को लेकर जाना था। मौसी ने पुष्पेन्द्र को कहा बेटी बिना बच्चे के ससुराल कैसे जाए।

# नशीला पदार्थ पिलाकर छात्रा से दुष्कर्म

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। सांगानेर सदर थाना इलाके में एक छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि इलाके की निवासी 23वर्षीय युवती ने मुकदमा दर्ज करवाया कि वह कॉलेज में बीएड की पढ़ाई कर रही है। मार्च माह में चाची की बहिन की शादी में हरियाणा गई थी। वहां चाची के भाई सचिन से मुलाकात हुई थी। दोनों में दोस्ती हो गई। इसके बाद सचिन मिलने के लिए जयपुर आया और एक होटल में ले गया, वहां नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया और वापस चला गया। इसके बाद शादी का झांसा दिया आरोपर उसे अपने साथ दिल्ली ले गया, वहां मंदिर में शादी कर डेढ़ माह अपने पास रखकर दुष्कर्म करता रहा और बाद में छोड़ दिया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

# जानवरों की तरह घसीटा गया युवक का शव, तमाशबीन बनी रही पुलिस

## पुलिस की संवेदनहीनता पर इलाके के लोगों में रोष

**महानगर संवाददाता**

जालौर। कोतवाली थाना क्षेत्र के सामतीपुरा रोड के रेलवे फाटक क्रॉसिंग के पास एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। रेल की चपेट में आने से युवक का शरीर टुकड़े-टुकड़े हो गया लेकिन इस दौरान कोतवाली पुलिस की संवेदनहीनता उजागर हो गई। करीब 2 घंटे तक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा रहा लेकिन थाने से महज 1



किलोमीटर की दूरी होने के बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इतना ही नहीं पुलिस के पास शव को हटाने को लेकर भी कोई व्यवस्था नहीं दिखी। शव को बिखरा देख न तो लोगों ने हाथ लगाया और न ही पुलिसकर्मियों ने। इसी दौरान भीलड़ी-समदड़ी डेमू ट्रेन जालोर रेलवे स्टेशन से जोधपुर के लिए रवाना हो गई। नजदीकी स्टेशन से रवाना होने पर ट्रेन धीरे होने से रेलवे पटरी पर शव को देखकर रोक दी और शव हटाने को लेकर कहा गया। हालांकि, पुलिस और नगर परिषद के कार्मिक के पास शव को हटाने को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था या कपड़ा नहीं था जिससे शव को ढक सकें। जिस पर ट्रेन से एक सवारी यात्री ने नीचे उतर कर शव को पलटने के लिए कपड़ा दिया लेकिन पुलिस की मौजूदगी में नगर परिषद के कर्मचारियों ने शव को हटाने की बजाए कपड़े से हाथ बांधकर मृत पशु की तरह खींचते हुए पटरी से नीचे उतारा लेकिन पुलिस उसको देखकर तमाशबीन बनी रही। जिसके बाद पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की तो सापनी निवासी मोहनलाल मेघवाल पुत्र दुर्गाराम मेघवाल के रूप में हुई, जिसके बाद परिजनों को सूचना दी गई।

# प्रेम विवाह करना पड़ा भारी

## पंचायत का तुगलकी फरमान: 18 लाख दो नहीं तो लड़की वापिस करो

**महानगर संवाददाता**

भरतपुर। रूदावल कस्बे में एक युवक और युवती को प्रेम विवाह करना भारी पड़ रहा है। इस शादी से नाराज लड़की के घर वालों ने पंचायत में अर्जी लगाई तो पंचों ने भी तुगलकी फरमान सुनाते हुए फैसला दिया कि लड़के वाले लड़की के घर वालों को 18 लाख रूपए अदा करें। यदि वे रकम नहीं दे पाते है तो लड़की को वापस उसके परिजनों के हवाले कर दें। प्रेमी दंपती ने भरतपुर पुलिस अधीक्षक हैदर अली जैदी से शुक्रवार को मुलाकात की और आपबीती बताते हुए गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक रुदावल थाना क्षेत्र में सलोनी नाम की लड़की ने रूपवास निवासी हिमांशु से गत 9 सितंबर को एक मंदिर में शादी की थी। जो कि उनके परिजनों को नागवार गुजरा। सलोनी का कहना है कि उसने मर्जी से हिमांशु से शादी की है। उसके परिजन उसे अनैतिक व्यापार में धकेलना चाहते है। उसे पहले भी गंदे दलदल में धकेल दिया था। जहां से वह बमुश्किल वापस आई है। लेकिन लड़की के माता पिता शादी से खुश नहीं है। इससे उन दोनों की जान को खतरा है। मामले में रूदावल थाना प्रभारी मुकेश कुमार का कहना है कि लड़की के परिजनों को पाबंद कर दिया है। पुलिस दंपति को पूरी सुरक्षा मुहैया कराएगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गोदामों से अवैध पटाखों का जखीरा बरामद

**महानगर संवाददाता**

झालावाड़। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देश पर कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए झालावाड़ शहर के रिहायशी इलाके गोदाम की तलाई के एक मकान और एलआईसी दफ्तर के पीछे एक गोदाम पर छापा मारकर भारी मात्रा में रखे गए अवैध पटाखों का जखीरा बरामद किया है।

शहर के बीचों-बीच रिहायशी इलाके में एक गोदाम में बिना लाइसेंस के इतनी भारी मात्रा में पटाखे देखकर पुलिस खुद दंग रह गई। सारे मामले में पुलिस ने अवैध रूप से पटाखे रखने वाले युवक अमित गोयल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कोतवाली सीआई लक्ष्मण सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि झालावाड़ शहर के रिहायशी इलाके गोदाम की तलाई एलआईसी दफ्तर के पीछे एक गोदाम में भारी मात्रा में बिना लाइसेंस अवैध पटाखों का भारी मात्रा में स्टॉक रखा हुआ है।

भारी मात्रा में रखे हुए यह पटाखे किसी भी दिन शहर में बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। सूचना पर पुलिस ने इन दोनों जगहों पर ताबड़तोड़ छापामार कार्रवाई की और भारी मात्रा में रखे हुए बिना लाइसेंस के पटाखे बरामद किए।

# वकील के साथ मारपीट मामले में पुलिस ने नहीं लिया एक्शन, एडवोकेट्स ने किया प्रदर्शन

**महानगर संवाददाता**

भिवाड़ी। पुलिस और भिवाड़ी के वकील एक बार फिर आमने सामने हो गए। गुरुवार को भी भिवाड़ी कोर्ट के एक वकील के साथ कुछ दबंगों ने मारपीट कर उसके पास रखी नगदी छीन ली



थी। वकील मिथुन के भिवाड़ी के फूलबाग थाने में नामजद शिकायत देने के बाद भी कोई गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज भिवाड़ी के सभी वकील थाने पर एकजुट हुए और धरने पर बैठ गए।

वहीं वकीलों के थाने के सामने धरने पर बैठने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सभी वकीलों ने एकजुट होकर कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक वो थाने के सामने ही धरने पर बैठे रहेंगे। एडवोकेट मिथुन ने बताया कि वो शाम को अपनी गाड़ी की वॉशिंग के लिए सर्विस स्टेशन गया था।

जहां पर भिवाड़ी गांव निवासी बिट्टू गुर्जर ने आकर इसकी गाड़ी में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब वकील ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी और उसकी जेब में रखी नगदी भी छीन ली। पीड़ित वकील ने थाने में जाकर मामला दर्ज करवाया लेकिन काफी घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो सभी वकीलों में आक्रोश फैल गया और भिवाड़ी के सभी वकीलों ने थाने का रुख किया और थाने के सामने ही जमीन पर बैठ गए।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण विशेष अभियान का संचालन

**महानगर संवाददाता**

दौसा। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिले में निवासरत निशक्तजनों के लिए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण विशेष अभियान का संचालन किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत ऐसे व्यक्ति जो शारीरिक रूप से अक्षम हों, जिनके हाथ-पैर दुर्घटना में कटे (विच्छेद) हों या अन्य किसी रोगवश जैसे पोलियो इत्यादि के कारण हड्डियों, जोड़ों तथा मांसपेशियों में कोई ऐसी निशक्तता कारित हुई हो, जिसकी वजह से हाथ या पैर पूर्णतया काम नहीं करते हों, के लिए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण की व्यवस्था राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से करवाई जाएगी।

## आवासन मंडल खंड दौसा में अनिस्तारित आवासों के लिए 50 प्रतिशत की छूट

**महानगर संवाददाता**

दौसा। राजस्थान आवासन मंडल खंड दौसा के आवासीय अभियंता अनिल सक्सेना ने बताया कि राजस्थान आवास मंडल वर्षों से खाली पड़े आवास, फ्लैटों को बेचने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ई-ऑक्शन के माध्यम से खान भांकरी रोड दौसा आवासीय योजना में 50 प्रतिशत तक भारी छूट के साथ के साथ आवास, फ्लैट 30 सितंबर से 4 अक्टूबर 2019 तक विक्रय किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में 61 फ्लैट 0 से 25 प्रतिशत एवं 44 स्वतंत्र आवास 0 से 50 प्रतिशत तक छूट के साथ उपलब्ध हैं। इनरी समस्त जानकारी के लिए मंडल कार्यालय एवं योजना में ई-हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। साथ ही मंडल द्वारा बिक्री संबंधी समस्त जानकारियों के लिए काल सेंटर भी कार्य करेगा। ई-ऑक्शन में सफल रहे बोलीदाता प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभ भी नियमानुसार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## महात्मा गांधी ग्रामोत्थान शिविर में 30 पट्टे वितरित

**महानगर संवाददाता**

सीकर। दांतारामगढ़ तहसील के खाचरियावास कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र में सरपंच सीमा लांबा की अध्यक्षता एवं विकास अधिकारी दुर्गा देवी ढाका के निर्देशन में शुक्रवार को महात्मा गांधी ग्रामोत्थान शिविर का आयोजन हुआ। ग्राम विकास अधिकारी रिद्धकरण पीपलीवाल ने बताया कि शिविर में 30 पट्टे वितरित किए गए। शिविर में पंचायत प्रसार अधिकारी वीरेंद्र सिंह भाटी, सोहनलाल कुमावत, शिवभगवान, कनिष्ठ लिपिक सुभाष मीणा, सुमित सैन, मालीराम लांबा उपस्थित रहे।

**पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 25 को कोछोर में:** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हीरसिंह ने बताया कि 25 सितंबर 2019 को पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं एवं आश्रितों के कल्याण के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीकर की ओर से ग्राम कोछोर के राजीव गांधी सेवा केंद्र में सुबह 11:15 बजे से समस्या समाधान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा।

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं, जनता की हर समस्या का होगा समाधान : मेघवाल

**महानगर संवाददाता**

उदयपुर। जिले के प्रभारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर गिर्वा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लकड़वास में आयोजित महात्मा गांधी ग्रामोत्थान शिविर में पहुंचे और यहां पर जनसुनवाई करते हुए विभागीय लाभार्थियों को राहत प्रदान की।

**अब साल भर होगी जनसुनवाई:** जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आम जनता की बिजली, पानी, सड़क, राशन जैसी छोटी-मोटी समस्याओं को संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सुनें। लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के बाद अब हम साल भर जनसुनवाई करेंगे।


### पर्यावरण स्वीकृति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुरेश कुमार दगडा पुत्र श्री हुकमचन्द दगडा एम.एल. नं. 09/2007 एरिया 04.00 हैक्टर खसरा नं. 33/1/1 ग्राम-बिगोलव, तहसील-दूदू, जिला-जयपुर (राज.) खनिज-क्वाटं एण्ड फलेस्पार की पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 14.10.2016 को प्रदान की गई। इस पर्यावरण स्वीकृति को रा.प्र.नि. मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

पट्टाधारी
सुरेश कुमार दगडा पुत्र श्री हुकमचन्द दगडा



कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Phone No. 0141-2782772

क्रमांक : DHC-II/1396 दिनांक : 12.09.19

### आम जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 60/159 मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्रीमती मैना देवी मुसद्दी पत्नी श्री राम गोपाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 149 दिनांक 21.01.1988 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 09.06.1988 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 4159 दिनांक 05.10.1988 को श्री परम देव शर्मा पुत्र स्व.श्री बी.डी. शर्मा के नाम हस्तान्तरण कर दिया गया। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 2229 दिनांक 01.08.1994 को श्री परम देव शर्मा पुत्र स्व. श्री बी.डी. शर्मा के नाम से अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 26.12.1994 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री परम देव शर्मा की मृत्यु दिनांक 05.09.2018 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अनुज शर्मा पुत्र स्व.श्री परम देव शर्मा ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। श्री अनुज शर्मा पुत्र स्व. श्री परम देव शर्मा के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री अनुज शर्मा पुत्र स्व. श्री परम देव शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत द्वितीय, जयपुर



### आम जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 7/MA/72 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 72.000 वर्ग मीटर का आवंटन श्री जीनेश कुमार पुत्र श्री हासानन्द को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 9007 दिनांक 19.12.2011 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 17432 दिनांक 28.03.2012 जारी किया गया था। आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, अष्टम में दिनांक 13.12.2017 को करवाया गया। श्री जीनेश कुमार पुत्र श्री हासानन्द के द्वारा आवास का बेचान जरिये विक्रय पत्र के श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री रामदयाल शर्मा के पक्ष में किया गया। उक्त विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 27.12.2017 को करवाया गया। श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री रामदयाल शर्मा के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से साक्ष्य सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री रविन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री रामदयाल शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर



### आम जाहिर सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 2/E/301 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर, क्षेत्रफल 47.475 वर्ग मीटर का आवंटन श्री राम प्रकाश झा पुत्र श्री हर गोविन्द झा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 8059 दिनांक 23.02.2015 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 9358 दिनांक 27.03.2015 जारी किया गया था। इनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, सांगानेर, प्रथम में दिनांक 16.06.2015 को करवाया गया। तत्पश्चात् श्री राम प्रकाश झा पुत्र श्री हर गोविन्द झा के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्रीमती रेणु धाकड़ पत्नी हरि प्रसाद धाकड़ को करने पर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक सांगानेर, प्रथम में दिनांक 16.06.2015 को करवाया गया। श्रीमती रेणु धाकड़ पत्नी हरि प्रसाद धाकड़ के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती रेणु धाकड़ पत्नी हरि प्रसाद धाकड़ के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ.मं., जयपुर


# भावी पीढ़ी को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करें : ममता भूपेश

**शिक्षकों से अपने दायित्वों का पालन करने का किया आह्वान**





**महानगर संवाददाता**

दौसा। महिला एवं बाल विकास, जन अभाव निराकरण, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग राज्यमंत्री ममता भूपेश ने कहा कि सभी शिक्षक अपने दायित्वों का पालन कर भावी पीढ़ी को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करें।

महिला एवं बाल विकास मंत्री शुक्रवार को पंचायत समिति दौसा के सभा भवन में आयोजित राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कथनी-करनी में अंतर नहीं है। चुनाव के दौरान सरकार ने जनता और सरकारी कार्मिकों से प्रदेश के संपूर्ण विकास के जो वादे किए थे, उन्हें प्राथमिकता से पूरे करने का प्रयास कर रही है। सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अपने दायित्वों का पालन करते हुए आज की पीढ़ी को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करें तथा परीक्षा परिणाम में अपना स्थान बनाने का प्रयास करें, ताकि सरकारी विद्यालयों के प्रति आमजन आकर्षित हो सके।

उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी कल के भारत का भविष्य है। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रा-छात्राओं में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। ऐसी छिपी हुई प्रतिभाओं को तराशकर बाहर लाने का काम शिक्षक आसानी से कर सकता है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दें, ताकि प्रतिभाओं को आगे आकर खेलने का अवसर मिल सके।

अधिवेशन में संघ के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए मांग पत्र के बारे में चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि शिक्षक संघों से प्राप्त मांगपत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री से चर्चा कर मांगों को पूरा कराने के प्रयास किए जाएंगे।

## विकास प्रदर्शनी उपसमिति की बैठक में पुष्कर मेला की व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा

**महानगर संवाददाता**

अजमेर। अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेला 2019 के अवसर पर आयोजित होने वाली विकास प्रदर्शनी की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गजेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बताया गया कि पुष्कर पशु मेला 28 अक्टूबर से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेगा। इसमें विकास प्रदर्शनी का आयोजन 8 से 12 नवंबर तक किया जाना है। विकास प्रदर्शनी के लिए संभावित चुनाव आचार संहिता को देखते हुए लगाई जाने वाली स्टॉलों एवं उनके आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। प्रदर्शनी में स्वयंसेवी संगठनों एवं निजी संस्थानों को भी आमंत्रित किया जाएगा। स्टॉल आवंटन के लिए प्रति फीट के हिसाब से दरों का निर्धारण भी किया गया। साथ ही प्रदर्शनी स्थल पर वाहन व्यवस्था, व्यावसायिक स्टॉलों के सामानों की सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बंदोबस्त के लिए जिला पुलिस अधीक्षक को लिखा जाएगा।

बैठक में बताया गया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 8 नवंबर की शाम को होगा। प्रदर्शनी स्थल पर टैंट, पानी एवं विद्युत व्यवस्था के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर पुष्कर के उपखंड अधिकारी देविका तोमर, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित पशुपालन, कृषि, सूचना एवं जनसंपर्क, लीड बैंक, शिक्षा, नाबार्ड सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता उपसमिति की बैठक 27 को:** पुष्कर पशु मेला उपसमिति के सदस्य सचिव डॉ. कुलदीप अग्रवाल ने बताया कि मेले के उद्घाटन-समापन समारोह तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता के लिए उपसमिति की बैठक 27 सितंबर को प्रातः 11 बजे अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वितीय कैलाश चंद लखारा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर 2 से 9 अक्टूबर तक गांधी सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला कलेक्टर विश्वमोहन शर्मा ने बताया कि गांधी सप्ताह के तहत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सर्वधर्म सभा, भजन संध्या, प्रभातफेरी, शांति समितयों की बैठक तथा जेल संवासियों के साथ कार्यक्रम होगा। 3 अक्टूबर को महिला सशक्तिकरण दिवस पर स्वयं सहायता समूहों (राजीविका) को जोड़ते हुए प्रतिभागी गतिविधियां आयोजित होंगी।

### एसडीएम ने रामलीला मंचन का नेतृत्व कालूराम शर्मा को सौंपा

**महानगर संवाददाता**

तिजारा। कस्बा स्थित सार्वजनिक रामलीला मंच पर रामलीला मंचन के लिए आमंत्रित आवेदनों में से आवेदकों के चयन के लिए बैठक हुई। बैठक में एसडीएम खेमाराम यादव ने कालूराम शर्मा पार्षद को इस वर्ष रामलीला मंचन, दशहरा मेला कुश्ती दंगल, भरत मिलाप, जलझूलनी एकादशी सहित सभी कार्यक्रम का कार्यभार सौंपा।

### दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन

**महानगर संवाददाता**

अलवर। राजस्थान शिक्षक संघ कांग्रेस जिला इकाई अलवर द्वारा घोड़ा फेर चौराहा स्थित नजर खास की बगीची में दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम मंत्री टीकाराम जूली रहे। कार्यक्रम में शिक्षकों के कार्य क्षेत्र में हो रही परेशानी के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

### कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**महानगर संवाददाता**

अजमेर। पंजाब के राज्यपाल वीपी सिंह बदनौर के 21 और 22 सितंबर को अजमेर आगमन के दौरान कानून एवं शांति बनाए रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जिला मजिस्ट्रेट विश्वमोहन शर्मा ने बताया कि राज्यपाल की यात्रा के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट अर्तिका शुक्ला, आईएएस प्रशिक्षु नित्या को कार्यपालक मजिस्ट्रेट बनाया गया है।



## सातवीं आर्थिक गणना कार्य को एडीएम अग्रवाल ने दिखाई हरी झंडी

**महानगर संवाददाता**

झुंझुनूं। भारत सरकार द्वारा पहली बार आर्थिक गणना का कार्य मोबाइल एप के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड (एसपीए) द्वारा करवाया जा रहा है। इसको लेकर शुक्रवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेन्द्र अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर सातवीं आर्थिक गणना कार्य का शुभारंभ किया। अग्रवाल ने जिले के समस्त जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों तथा आम जनता से भारत सरकार के इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपेक्षित सहयोग की अपील की। इस दौरान आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक बाबूलाल रैगर ने बताया कि आर्थिक गणना से प्राप्त जानकारी देश-प्रदेश के विकास के लिए नीतियों के निर्धारण एवं बिजनेस रजिस्टर तैयार करने में उपयोगी होगी।



## गर्भवती महिलाओं की पोषण मेले में हुई गोद भराई

**महानगर संवाददाता**

सीकर। बाल विकास परियोजना कार्यालय सीकर शहर द्वारा पोषण माह के अंतर्गत पोषण मेले का आयोजन जैन भवन में किया गया। मेले में पोषाहार से निर्मित व्यंजनों की स्टॉल भी सजाई गई और 8 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की गई। इसी के साथ ही 6 माह पूर्ण कर चुके 8 बच्चों का अन्न प्राशन करवाया गया। पोषण मेले के दौरान रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग इंदिरा शर्मा, महिला अधिकारिता की सहायक निदेशक अनुराधा सक्सेना, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन पारीक, परियोजना समन्वयक विक्रम सिंह चौहान, ब्लॉक परियोजना सहायक सीता, पार्षद भागीरथ सैनी, नदीम गौरी, सज्जन सैनी, लेखाकार कंचन शर्मा सहित समस्त महिला पर्यवेक्षक आंगनबाड़ी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत बगड़ में लगा पोषण मेला

**महानगर संवाददाता**

झुंझुनूं। राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत बगड़ में शुक्रवार को पोषण मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान बगड़ नगरपालिका चेयरमैन सुशीला, कोषाधिकारी मंजू चौधरी के मुख्य आतिथ्य में पोषण कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों तथा फल-सब्जियों की स्टॉल लगाई गई। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छह माह के बच्चों के अन्न प्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान एनिमिया जांच के लिए कैम्प एवं डायरिया प्रबंधन के संबंध में भी महिलाओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर पोषण विषय पर विद्यालयों में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को प्रशंसा पत्र एवं मानदेयकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

**प्रभारी मंत्री ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

# अगले दो साल में राजस्थान में नहीं अपितु हिंदुस्तान में चमकेगी स्मार्ट सिटी: प्रभारी मंत्री

**महानगर संवाददाता**

उदयपुर। जिले के प्रभारी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने कहा है कि राज्य सरकार हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और स्मार्ट सिटी उदयपुर में नगर विकास प्रन्यास के माध्यम से जिस रफ्तार से कार्य चल रहे हैं, उनको देखते हुए अगले दो साल में यह स्मार्टसिटी राजस्थान में ही नहीं, अपितु पूरे हिंदुस्तान में चमकेगी।



प्रभारी मंत्री मेघवाल शुक्रवार को नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के माध्यम से शहर के पेरिफेरी पंचायत में 763.30 के 11 कार्यों के शिलान्यास और 21.82 लाख की लागत के दो नवनिर्मित कक्षा-कक्षों के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

समारोह में जिला कलेक्टर आनंदी, पूर्व सांसद रघुवीर मीणा, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पूर्व विधायक सज्जन कटारा, त्रिलोक पूर्बिया, विवेक कटारा, समाजसेवी डॉ. शंकर यादव, गोपालसिंह, मोरसिंह आदि मंचासीन थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि शहर के साथ-साथ पेरिफेरी पंचायतों में भी नगर विकास प्रन्यास के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों का लाभ मिले, इसके लिए इन विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने जिला कलेक्टर से कहा कि शहर के साथ-साथ इन क्षेत्रों में भी अच्छा मास्टर प्लान बनाया जाए, ताकि चरणबद्ध और सुव्यवस्थित विकास किया जा सके। समारोह का संचालन नगर विकास प्रन्यास के सचिव बालमुकुंद असावा ने किया, जबकि ओनारसिंह सिसोदिया ने आभार जताया।

**गुणवत्ता का ध्यान रखें :** प्रभारी मंत्री ने इन विकास कार्यों में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने इन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने और तय समयसीमा में विकास कार्य संपन्न करने के लिए सभी अधिकारियों को पाबंद किया।

**मिलकर कार्य करें:** प्रभारी मंत्री मेघवाल ने अधिकारियों-कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करने की नसीहत दी और कहा कि इससे विकास प्रक्रिया को गति मिलती है। उन्होंने उदयपुर को स्वच्छ रखने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

**'प्लास्टिक मुक्त' करने का आह्वान:** प्रभारी मंत्री मेघवाल ने इस मौके पर लोगों को 2 अक्टूबर से प्लास्टिक मुक्त राजस्थान के निर्माण के लिए चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी और लोगों को अपने-अपने क्षेत्र में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाने का भी आह्वान किया।

**763.30 लाख के कार्यों का शिलान्यास :** प्रभारी मंत्री मेघवाल ने नगर विकास प्रन्यास की ओर से शहर के समीपस्थ विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले 763.30 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों की शिलान्यास पट्टिका का अनावरण किया। इसमें 227.25 लाख की लागत से आरके पुरम सेक्टर 9 पर अंडरपास का निर्माण कार्य, 90.30 लाख की लागत से कृष्णा विला कॉलोनी से संभवनाथ कॉम्पलेक्स तक मुख्य नाले का निर्माण, 73.88 लाख की लागत से बसंत वाटिका से सवीना मठ तक मुख्य नाले का निर्माण, 73.33 लाख की लागत से आरके पुरम सेक्टर 9 सर्विस रोड का निर्माण, 50 लाख की लागत से उदयपुर के गुलाबबाग सरस्वती पुस्तकालय में वाचनालय का निर्माण सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

### स्वरोजगार के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन ऋण आवेदन 31 अक्टूबर तक मांगे

**महानगर संवाददाता**

सीकर। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम जयपुर के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वच्छकार, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए स्वरोजगार के लिए अनुजा निगम पोर्टल पर ऑनलाइन ऋण आवेदन 31 अक्टूबर तक आमंत्रित किए गए हैं। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम अशोक बैरवा ने बताया कि ऋणों की पात्रता के लिए प्रार्थी की आयु 18 से 60 वर्ष हो। वह जिले का मूल निवासी हो और किसी बैंक या वित्तीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रार्थियों की वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख रुपए, अनुसूचित जनजाति के प्रार्थी के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 98 हजार तथा शहरी क्षेत्र में एक लाख 20 हजार और स्वच्छकार तथा दिव्यांगजन के लिए कोई आय सीमा नहीं है। इच्छुक व्यक्ति द्वारा ऋण आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, 50 रुपए के स्टांप पर पूर्व में लाभान्वित न होने एवं किसी वित्तीय संस्था से डिफाल्टर नहीं होने का शपथ पत्र एवं वाहन के लिए ऋण आवेदन पर ड्राइविंग लाइसेंस की प्रति संलग्न करनी होगी। आवेदक द्वारा भामाशाह कार्ड तथा आधार कार्ड की सहायता से ऋण आवेदन किया जाएगा। निगम के पोर्टल पर स्वयं की एसएसओ आईडी द्वारा या ई-मित्र पर ऋण आवेदन कर सकते हैं।

## जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन संपन्न

**महानगर संवाददाता**

दौसा। तकनीकी शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि मीडिया लौकतंत्र का चौथा प्रहरी है। मीडिया स्वतंत्रतापूर्वक काम कर समाज, प्रदेश और देश विकास में अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाए। राज्यमंत्री जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेशस्तरीय दौसा इकाई के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि आमजन को जागरूक करने, देश व प्रदेश की खबरें आमजन तक पहुंचाने तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया का बड़ा योगदान रहता है। देश में लोकतंत्र को सशक्त बनाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को लोकतंत्र के दौर में अपने आपको बनाए रखना जरूरी है और आपसी सामन्जस्य से कार्य करना प्राथमिकता है। मीडिया की स्वायत्तता व स्वतंत्रता बनी रहे, इसके लिए पत्रकारों को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया की समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उनको नकारात्मक खबरों के साथ-साथ राज्य सरकार की सकारात्मक और महत्वपूर्ण योजनाओं को प्रकाशित करना चाहिए। राज्य मंत्री ने जार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिए गए ज्ञापन पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

समारोह में महिला एवं बाल विकास, जन अभाव निराकरण, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग राज्यमंत्री ममता भूपेश ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूती प्रदान करने के लिए पत्रकारों को पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य करना चाहिए। पत्रकारों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार कार्य कर रही है। आपने जो जो मांगें रखी हैं, उनका ज्ञापन सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तक पहुंचाने के साथ-साथ समाधान करवाने का प्रयास करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व समारोह में दौसा सांसद जसकौर मीना ने कहा कि पत्रकारों को राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी निष्पक्ष तौर से उपलब्ध करवाई जाए, ताकि आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आसानी से पहुंच सकें। प्रदेशस्तरीय सम्मेलन में महेश दौसावाला, जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान जार के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रदेश महासचिव संजय सैनी, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष बबीता शर्मा, प्रदेश सचिव दीपक लवानिया, संभाग सचिव महेश बालाहेड़ी, दौसा जिलाध्यक्ष रामगोपाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश तिवाड़ी, जिला महासचिव कमल शर्मा, जिला संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत भांकरी, संयुक्त सचिव सुनील शर्मा, हेमंत भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष दीपक रावत, मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत सोनी, संरक्षक विनय जोशी, महादेव खूंटला, संजय लाटा, गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों ने जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) इकाई दौसा के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



### स्वरोजगार के लिए ऋण आवेदन आमंत्रित

**महानगर संवाददाता**

अजमेर। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड के माध्यम से वर्ष 2019-20 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए ऋण दिए जाने के लिए निगम की विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत रियायती ब्याज दर पर ऋण देने के लिए 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन या ई-मित्र के माध्यम से भरे जाएंगे। आवेदन के लिए प्रार्थी स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से ही ऋण फार्म ऑनलाइन भर सकेगा।

## बीस साल बाद शनिवार को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या

# कन्या राशि में रहेगा पंचग्रही योग

# श्राद्ध का मिलेगा कई गुना लाभ

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। श्राद्ध पक्ष में सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या बीस साल बाद शनिवार को आएगी। 28 सितंबर की सर्व पितृ अमावस्या को कई विशेष संयोग भी रहेंगे। 28 सितंबर को गोचर में पंचग्रही योग भी रहेगा। इस दिन कन्या राशि में चंद्र, मंगल, बुध, शुक्र और सूर्य ग्रह भी उपस्थित रहेंगे, जो विशेष फलदायी होंगे। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की उसी तिथि को पितृ शांति के लिए श्राद्ध कर्म किया जाता है, लेकिन कभी-कभी जाने-अंजाने में हम उन तिथियों को भूल जाते हैं, जिन तिथियों को हमारे प्रियजन हमें छोड़ कर चले गए थे। इसलिए अपने पितृगणों का अलग-अलग श्राद्ध करने के बजाय सभी पितृगणों के लिए एक ही दिन श्राद्ध करने का विधान बताया गया है।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि सभी पितृगणों का इस अमावस्या को श्राद्ध किए जाने के कारण ही इस तिथि को सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या कहा जाता है।



### दोनों लोकों में सुख प्राप्त करता है श्राद्ध करने वाला

पंडित प्रदीप गौड़ के अनुसार शास्त्रों में बताया गया है कि जिनका देहांत हो चुका है और वे सभी इन दिनों में अपने सूक्ष्म रूप के साथ धरती पर आते हैं और अपने परिजनों का तर्पण स्वीकार करते हैं। श्राद्ध के बारे में हरवंश पुराण में बताया गया है कि भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को बताया था कि श्राद्ध करने वाला व्यक्ति दोनों लोकों में सुख प्राप्त करता है। श्राद्ध से प्रसन्न होकर पितृगण धर्म को चाहने वालों को धर्म, संतान को चाहने वाले को संतान, कल्याण चाहने वाले को कल्याण जैसे इच्छानुसार वरदान देते हैं। ज्योतिष में नवग्रहों में सूर्य को पिता व चंद्रमा को मां का कारक माना गया है। जिस तरह सूर्यग्रहण और चंद्रग्रहण लगने पर कोई भी शुभ कार्य का शुभारंभ मना होता है, वैसे ही पितृ पक्ष में भी माता-पिता, दादा-दादी के श्राद्ध के पक्ष के कारण शुभ कार्य शुरू करने की मनाही रहती है, जैसे- विवाह, मकान या वाहन की खरीदारी इत्यादि।

### अवश्य करें श्राद्ध कर्म

पं. सुरेन्द्र गौड़ ने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या को पितृ अपने प्रियजनों के द्वार पर श्राद्ध की इच्छा से आते हैं। यदि उन्हें पिंडदान न मिले तो शाप देकर चले जाते हैं। इसके फलस्वरूप घरेलू कलह बढ़ जाती है और सुख-समृद्धि में कमी आने लगती है। इसके अलावा बनने वाले कार्य भी बिगड़ने लगते हैं। इसलिए श्राद्ध कर्म अवश्य करना चाहिए।

### 142 दिन बाद शनि मार्गी

पं. विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि 142 दिनों बाद न्याय के ग्रह शनि गत बुधवार सुबह 11:48 बजे से धनु राशि में मार्गीय हो चुके हैं। शनि अब मार्गीय यानी सीधी चाल चल रहे हैं। शनि के मार्गी होने से कन्या राशि में चतुर्ग्रही योग बनेगा। शनि धनु राशि में 30 अप्रेल को वक्रीय हुए थे। शनि के मार्गीय होने से जिन जातकों पर शनि की महादशा चल रही है, अब उन लोगों को बदलाव देखने को मिलेगा। शनि के ग्रह परिवर्तन से चार ग्रहों का राशि परिवर्तन कन्या राशि में होगा, इससे चतुर्ग्रही योग बनेगा। सूर्य देव ने गत मंगलवार को कन्या राशि में प्रवेश किया है।

### गायत्री शक्तिपीठ में होगा श्राद्ध-तर्पण

ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सर्व पितृ अमावस्या को सामूहिक श्राद्ध-तर्पण होगा। लोग अपने दिवंगत परिजनों के निमित्त तर्पण कर सकेंगे। इसके लिए जल, तिल, जौ, गंगाजल, पुष्प, जौ का आटा, पूजन सामग्री सहित सभी व्यवस्थाएं शक्तिपीठ में उपलब्ध रहेंगी। तर्पण के बाद पंचकुंडीय गायत्री यज्ञ भी होगा। श्राद्ध पक्ष में ब्रह्मपुरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिदिन सुबह सात बजे से तर्पण हो रहा है। कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है।




### 14 राष्ट्रीय बॉडीज का 7वां सम्मेलन

## बेहतर क्वालिटी और सर्विस से ही बढ़ाया जा सकता है बिजनेसः गर्ग

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी और क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया दिल्ली चैप्टर, सब चैप्टर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 14 राष्ट्रीय बॉडीज का 7वां सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के जयपुर क्षेत्र के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रविंद्र गर्ग ने की।

रविंद्र गर्ग ने कहा कि बेहतर क्वालिटी और सर्विस के आधार पर बिजनेस बढ़ाया जा सकता है। उत्पाद में सतत विकास जरूरी है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में क्वालिटी में निरंतर सुधार बेहद जरूरी है, तभी उपभोक्ता आकर्षित होते हैं। उत्पाद की गुणवत्ता और सर्विस के माध्यम से ही कंपनी प्रतिस्पर्धा में आगे निकल सकती है।

जेईसीआरसी के वाइस चेयरपर्सन अमित अग्रवाल ने कहा कि स्किल और नवीन तकनीक का विकास बेहद जरूरी है। उत्पाद और सेवा क्षेत्र में बदलाव के साथ ही प्रतिस्पर्धा में बने रहा जा सकता है। जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने बताया कि मोटिवेशन और म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग ही कर्मचारियों और लीडरशिप के मध्य उत्पादक संबंध स्थापित करती है। यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. डीपी मिश्रा कहा कि जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी की स्थापना 2012 में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए शोध और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार के लिए की गई। क्यूसीएफआई का भी मूल उद्देश्य इंडस्ट्री में गुणवत्ता सुधार है। यह कार्यक्रम इंडस्ट्री और एकेडमिक दोनों क्षेत्रों को पारस्परिक लाभ पहुंचाने का काम करेगा।

इस दौरान क्यूसीएफआई के जयपुर चैप्टर के चेयरमैन अशोक सिंह ने कहा कि हमारा प्रथम प्रयास 3सी पर फोकस करना है। 3सी का तात्पर्य चैलेंज, चेंज और क्लीयर है। बदलाव प्रकृति का नियम है और क्यूएफसीआई औद्योगिक क्षेत्र में बदलाव के लिए काम करती है। नवीन और विकसित तकनीक के साथ इनोवेशन से उद्योग तेजी से विकसित हो सकते हैं। समापन सत्र की अध्यक्षता राजस्थान कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष एनके जैन ने की। सबसे बेहतर केस स्टडी के परिणाम की घोषणा क्यूसीएफआई के प्रतिनिधि डॉ. एसबी पुरोहित और अनुरुद्ध कौशिक ने की। विजयी सहभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार एसएल अग्रवाल, मैनेजमेंट विभाग की प्रमुख डॉ. रुचि गुप्ता और डॉ. अनामिका उपाध्याय सहित सभी फैकल्टी सदस्य मौजूद रहे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में नानीबाई का मायरा कथा 23 से

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। नाहरी का नाका शास्त्री नगर के फूटाकोट चौराहा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में श्राद्ध पक्ष के अवसर पर 23 से 25 सितंबर तक नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा। व्यासपीठ से पंडित उमेश शर्मा दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक कथा श्रवण करवाएंगे। इससे पूर्व सुबह गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। आयोजक बोदूराम मीणा ने बताया कि कथा में प्रसंग के अनुरूप झांकियां सजेंगी।

## शिविर में 56 यूनिट रक्त एकत्र

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। निर्माण नगर स्थित आईपीएस बिजनेस स्कूल में सेल्फलेस फॉर हेल्पलेस संस्था की ओर से 13वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के शिवम अग्रवाल ने बताया कि शिविर में कुल 56 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। जो सवाई मानसिंह अस्पताल के ब्लड बैंक में जमा कराया जाएगा, ताकि असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के लिए इसका उपयोग किया जा सके। शिविर में कॉलेज निदेशक दीप्ति अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज, जिला प्रवक्ता श्रवण शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज चौधरी, भारत सरकार से नेशनल यूथ अवार्डी मनु काम्बोज, विप्र फाउंडेशन युवा के प्रदेश संगठन मंत्री यशदीप पाराशर भी उपस्थित रहे।




## छात्रों और शिक्षकों ने ब्लड डोनेशन कैंप में दिखाया उत्साह

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। आईआईएचएमआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने 12वें रक्तदान अभियान के तहत अपने सभी संस्थानों में शिविर आयोजित किया। शिविर जयपुर के अलावा दिल्ली और बेंगलूरु में भी लगाया गया। शिविर का आयोजन 2008 से पीडी अग्रवाल, टीसीआई, एबीसी इंडिया, भोरूका और जीएटीआई के संस्थापक प्रेरणा के लिए श्रद्धांजलि के रूप में किया जा रहा है। इसमें छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष प्रो. पंकज गुप्ता ने कहा कि जीवन व मृत्यु और नाजुकता को देखते हुए, रक्तदान का निस्वार्थ कार्य हमें अनगिनत लोगों और उनके परिवारों के जीवन को बदलने का मौका दे सकता है। पीडी अग्रवाल के मुख्य उद्देश्यों में से एक रक्तदान जागरूकता अभियान के जरिए रक्त की कमी को खत्म करना है। उन्होंने रक्तदान की भावना को मिशन बनाया है, इसीलिए उनकी पुण्यतिथि पर पूरे भारत में एक साथ रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं।

## शहीदों की याद में किया रक्तदान

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। उरी और पुलवामा के शहीदों की स्मृति में राजस्थान हाइकोर्ट बार एसोसिएशन सहित अन्य संगठनों की ओर से हाइकोर्ट में रक्तदान और निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राजस्थान हाइकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल उपमन ने रक्तदान कर इसकी शुरुआत की। संयोजक एडवोकेट निर्मल कुमार शर्मा, एडवोकेट सूरज शर्मा, एडवोकेट सुनील मिश्र ने बताया कि शिविर में 250 व्यक्तियों ने स्वास्थ्य जांच करवाई तथा 124 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। प्रिया फाउंडेशन और एमिकोज ग्रुप की ओर से रक्तदाताओं को अध्यक्ष अनिल उपमन और एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने प्रमाण पत्र और उपहार प्रदान किए।



### श्रद्धा और विश्वास को समर्पित 24वां 'महान गुरमत समागम' शुरू




## गुर का दर्शन देख-देख जीवा, गुर के चरण धोये-धोये पीवा...

### गुरुद्वारा हीदा की मोरी के पास खंडेलवाल स्कूल के प्रांगण में सजाया कीर्तन दीवान

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। गुरुद्वारा हीदा की मोरी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुके महान गुरमत समागम की आज सुबह श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद शुरुआत हुई। समागम सिंह साहिब ज्ञानी गुरबचन सिंह, जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का लंगर बरताया गया।

सर्वप्रथम श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति के बाद श्री गुरुग्रंथ साहिबजी के स्वरूप को खंडेलवाल स्कूल के प्रांगण में पंज प्यारों की अगुवाई में ले जाया गया। इसके बाद कीर्तन दीवान सजाया गया। कीर्तन दीवान में सबसे पहले भाई करनैल सिंह दिल्ली वालों ने वाहेगुरु-वाहेगुरु का जाप करवाते हुए 'गुर का दर्शन देख-देख जीवा, गुर के चरण धोये-धोये पीवा' शबद गाकर संगत को निहाल किया। इनके बाद भाई पवनदीप सिंह कानपुरी ने 'प्रभ बाणी शबद सुभाखिआ', 'मेरा गुर पूरा सुखदाता' एवं 'हे प्राण नाथ गोविंद कृपा निधान जगद गुरो'' शबद गाए। भाई बलप्रीत सिंह लुधियाना वालों ने पंजवे गुरु अर्जन देवजी का शबद गाया 'फिरत-फिरत प्रभ आईआ परिआ तउ सरनाई', 'प्राणी तूं आई लाहा लैण', 'मैं बणजारन राम की, तेरा नाम वखर वापारी जी' एवं 'हर के नाम के वापारी हर भगत हह जम जागाती तिना नेड़ न जाहो' शबद गाकर संगत को निहाल किया।

### आज होगा अमृत संचार का आयोजन

समागम का वातावरण धर्म की लय, वाणी की अमृत गंगा एवं सिख धर्म के उपदेशों से गुंजायमान हो रहा है। 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे अमृत संचार का आयोजन किया जाएगा। इस बार 34वां महान गुरमत समागम समाज के मार्गदर्शक बाबा ठाकुरसिंह के आशीर्वाद के साथ अपनी बुलंदियों को छूकर एक नया इतिहास रचेगा।

### बनाया गया है वाटरप्रूफ पांडाल

गुरुद्वारा हीदा की मोरी से सटे खंडेलवाल स्कूल प्रांगण में समागम के लिए वॉटर प्रूफ एवं एसी युक्त पांडाल बनाया गया है। इस बार मुख्य स्टेज के पीछे एक बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिस पर पांचों तख्तों के ऐतिहासिक गुरुद्वारों को सुशोभित किया जा रहा है। पूर्व की भांति इस बार भी समागम का सजीव प्रसारण होगा और इसे इंटरनेट पर भी देखा जा सकेगा।

## तत्कालेश्वरपुरी के शिव मंदिर में भजन संध्या 28 को

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। श्री शिव शक्ति नवयुवक मंडल हीदा की मोरी का षष्ठम वार्षिकोत्सव एवं भजन संध्या 28 सितंबर को शाम 7:15 बजे से तत्कालेश्वरपुरी स्थित शिव मंदिर में आयोजित होगी। राम जन्मभूमि अयोध्या से ज्योति तिवारी मुख्य भजन गायिका होंगी।

जयपुर के कुमार गिरिराज, महेश परमार, आयुष सोमानी, रामावतार शर्मा, राहुल खंडेलवाल भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। गौतम प्रजापत, विकास सैनी, देवेश साहू, कृष्ण कुमार, आकाश तिवारी, आशीष बागड़ा, जीतू राठौड़, रोहित अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ता तैयारियों को अंतिम रूप देने में हुए हैं।




## मुरलीपुरा सर्किल पर होगा श्याम प्रभु का गुणगान

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति मुरलीपुरा स्कीम के 26वें श्याम महोत्सव के पहले दिन कलशयात्रा निकाली गई। वैद्यजी का चौराहा स्थित सातु बहनों माता मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली कलशयात्रा में सैकड़ों महिलाएं एक ही वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। मुख्य रथ पर श्याम प्रभु विराजमान थे। सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त ध्वज लिए चल रहे थे। विभिन्न व्यापार मंडलों, सामाजिक संगठनों की ओर से जगह-जगह कलशयात्रा का पुष्प वर्षा और आरती कर स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलशयात्रा आयोजन स्थल मुरलीपुरा स्कीम के मुख्य सर्किल पहुंची। यहां कलशों की आरती उतारी गई। 21 सितंबर को शाम सात बजे से श्याम महोत्सव का महाआरती के साथ शुभारंभ होगा।

समिति के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि भजन संध्या में अन्नू मिश्रा, कुमार गिरिराज शरण, विजेन्द्र भार्गव, पुरुषोत्तम बृजवासी, राजू राजस्थानी, महेश परमार सहित अनेक भजन गायक श्याम प्रभु का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर लखदातार का आकर्षक दरबार सजाकर मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। स्वचालित झांकियां मुख्य आकर्षण रहेंगी।

## अमृत महोत्सव के रूप में आज मनेगा नारायणदासजी का जन्मोत्सव

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। दिवगंत संत नारायणदासजी महाराज का जन्मोत्सव 21 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। त्रिवेणीधाम की ओर से मुख्य आयोजन गोविंददेवजी मंदिर के सत्संग भवन में अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। त्रिवेणीधाम के पीठाधीश्वर रामरिछपाल दास महाराज और गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में यहां विविध आयोजन होंगे। रेलवे स्टेशन रोड, ढहर का बालाजी, पुरानी बस्ती, सेठी कॉलोनी सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित नारायणदासजी महाराज से जुड़े मंदिरों के महंत और संत भी आयोजन में शामिल होंगे। मुरलीपुरा स्कीम स्थित पद्मश्री नारायणदास चरण पादुका मंदिर में पं. उत्तम शर्मा के सान्निध्य में 21 सितंबर को सुबह चरण पादूका की पूजा-अर्चना कर शाम को संगीतमय सुंदरकांड और भजन संध्या आयोजित की जाएगी।






## राधेश्वरी सेवा संस्थान की ओर से श्रीमद्भगवत कथा 28 से

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। एनएस पैराडाइज, सेक्टर-5 प्रताप नगर स्थित राधेश्वरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में 28 सितंबर से श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को प्रताप नगर सेक्टर-5 स्थित भैरूं मंदिर में श्रीमद्भगवत कथा के पोस्टर का विमोचन किया गया। कथा का समापन 5 अक्टूबर को होगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान कथा संयोजक नेहरू जैन, राहुल पाराशर, रवि पाठक, युवा नेता दीपक डुलानी, मुकेश शर्मा, सुमित खंडेलवाल, मनीष डुलानी, गुड्डू शर्मा, प्रीतम दयानी, राजेन्द्र बाकलीवाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मोक्षधाम विकास बोर्ड का गठन करने की मांग

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गोपीनाथ अग्रवाल मंगोड़ी वालों ने राज्य सरकार से वक्फ बोर्ड की तर्ज पर मोक्षधाम विकास बोर्ड का गठन करने का सुझाव दिया है। अग्रवाल ने कहा कि बोर्ड होने से मोक्षधामों का विकास हो सकेगा। जहां मोक्षधाम की जमीन को लेकर अतिक्रमण हो रहे हैं, वे भी नहीं होंगे। सरकारी कर्मचारियों की नियुक्ति के कारण श्मशानों में अंत्येष्टि के लिए लकड़ी की व्यवस्था भी रहेगी। श्मशान/मोक्षधाम में मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की औपचारिकता पूरी हो जाएगी।



## रावत पब्लिक स्कूल में अभिषेक बच्चन ने देखा कबड्डी मैच

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। पिंक पैंथर्स कबड्डी टीम के प्रमोशन लिए आए बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन पूरी टीम के साथ रावत पब्लिक स्कूल में उपस्थित रहे। रावत एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि इस अवसर पर अभिषेक बच्चन और उनकी टीम ने रावत पब्लिक स्कूल की टीम के साथ फ्रेंडली कबड्डी मैच खेला। इसमें रावत पब्लिक स्कूल टीम प्रो कबड्डी जूनियर की टॉप-8 टीम में सलेक्ट हुई। इस मौके पर अभिषेक बच्चन ने छात्र-छात्राओं को कबड्डी खेलने और प्रो कबड्डी जूनियर 2019 को देखने के लिए प्रोत्साहित किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने अभिषेक बच्चन और उनकी पूरी टीम का स्वागत किया। उन्होंने अभिषेक बच्चन और उनकी पूरी टीम को विद्यालय की मैग्जीन निर्मला और रावत टाइम्स भेंट की।

# दो शीर्ष हस्तियों पर दुनिया की नजर


## 50 हजार से अधिक भारतवंशियों के बीच कल 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम

**अमेरिका** में आयोजित होने जा रहे 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शामिल होने की खबर के बाद दुनिया के सभी प्रमुख देशों की नजर इस कार्यक्रम पर लग गई है। तमाम पत्रकार इतिहास के पन्ने पलट रहे हैं कि इसके पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी विदेशी नेता के साथ इतनी बड़ी जनसभा में कब मंच साझा किया था। अभी तक इस तरह के दूसरे कार्यक्रम का कोई पन्ना अतीत में नहीं मिला। अगर यह सच है तो इसे हर दृष्टि से महत्वपूर्ण घटना के तौर पर मानना होगा। अब जो सूचना है कि नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के बायरिट्ज में समूह-7 की बैठक के दौरान हुई द्विपक्षीय मुलाकात में ही डोनाल्ड ट्रंप से सभा में शामिल होने का अनुरोध किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय व्हाइट हाउस द्वारा इसकी घोषणा के साथ यह साफ हो गया है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन के समानांतर इस कार्यक्रम की व्यापक चर्चा होगी। आखिर कूटनीति में इसका अर्थ तो निकाला ही जाएगा कि नरेन्द्र मोदी ने अपनी सभा में ट्रंप को शामिल होने का निमंत्रण क्यों दिया और उन्होंने इसे स्वीकार क्यों कर लिया। फिर दोनों जो बोलेंगे उसका अर्थ निकाला जाएगा। इससे पहले ब्रिटेन की सभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री डेविड कैमरून अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे। लेकिन उन्होंने कुछ पंक्तियां स्वागत में बोलीं और उसके बाद माइक मोदी को थमा दिया। आगामी 22 सितंबर को अमेरिका के ह्यूस्टन शहर के एनआरजी स्टेडियम में होने वाले हाउडी मोदी का नारा है- शेयर्ड ड्रीम्स, ब्राइट फ्यूचर यानी साझा सपना, उज्ज्वल भविष्य। इस सभा के लिए रिकार्ड संख्या में 50,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। यह संख्या अपनेआप में बहुत अधिक इसलिए भी कही जा सकती है, क्योंकि इस शहर में भारतीय मूल के निवासियों की संख्या लगभग सवा लाख है। पीएम मोदी के साथ ट्रंप के शिरकत करने से अमेरिकी शहर ह्यूस्टन में हाउडी मोदी का महत्व बढ़ गया है हालांकि यह कार्यक्रम मूलतः अमेरिकी भारतीयों के लिए है, लेकिन इसमें कोई भी शामिल हो सकता है। यह पहला मौका होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय समुदाय के ऐसे कार्यक्रम में शामिल होगा, जिसे हमारे प्रधानमंत्री संबोधित करने वाले हैं। यह भी पहली बार होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति एक ही स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय-अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। इस नाते भी यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है जिसे कुछ लोग ऐतिहासिक कह रहे हैं, क्योंकि भारतीय समुदाय के 50 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और जिसे मोदी संबोधित करेंगे। हाल के इतिहास में यह पहली बार होगा जब दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के नेता एक संयुक्त रैली को संबोधित करेंगे। हाउडी शब्द का अर्थ है-आप कैसे हैं? दक्षिण पश्चिम अमेरिका में अभिवादन के लिए इस शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसका मतलब इस कार्यक्रम का नाम हुआ- मोदी, आप कैसे हैं। नरेन्द्र मोदी वैसे तो संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने के लिए वहां जा रहे हैं, लेकिन यह अत्यंत व्यापक आयामों वाला व्यस्त दौरा है। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से अपने विदेशी दौरों में जहां भी संभव होता है, मोदी भारतवंशियों को संबोधित करते हैं। यह कार्यक्रम पूर्व के प्रधानमंत्रियों के कार्यक्रमों से चरित्र, व्यापकता एवं विषय-वस्तु के स्तर पर काफी अलग होता है। मोदी ने इन सभाओं से न सिर्फ दुनिया भर में फैले ढाई करोड़ से ज्यादा भारतवंशियों के अंदर भारतीय होने का स्वाभिमान पैदा कर भारत से भावनात्मक रूप से जोड़ा है, बल्कि इससे उन देशों को भी कई संदेश दिए हैं, जहां भारतवंशी रह रहे हैं। सच कहा जाए तो सितंबर 2014 की अपनी पहली अमेरिका यात्रा में मोदी ने न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वायर में 28 सितंबर को जिस तरह का भाषण दिया और उनके प्रबंधकों ने कार्यक्रम को जैसा आकर्षक स्वरूप दिया था, उसका अमेरिकी प्रशासन एवं संयुक्त राष्ट्र महासभा में शामिल होने गए, अनेक नेताओं पर स्फुलिंग प्रभाव पड़ा। मोदी के भाषण तथा वहां उपस्थित लोगों को उनको लेकर साफ दिखते उत्साह तथा समर्थन ने नेताओं को यह मानने को बाध्य कर दिया कि यह नेता बनाई गई और प्रचारित छवि से अलग एक जानदार, समझदार, जनता के बीच लोकप्रिय, बेहतरीन वक्ता, गहरे विचारों व कल्पना वाला तथा साहसी व्यक्तित्व रखता है। इसके पास देश के साथ दुनिया के लिए भी सोच है। इसके पहले कई पीढ़ियों ने अमेरिकी भूमि से किसी भारतीय नेता को यह कहते नहीं सुना था कि भारत दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए आ गया है। भारत में इसकी क्षमता है। इस पंक्ति के बाद तालियों की गड़गड़ाहट लंबे समय तक चलती रही। यह दुनिया के लिए, पहला राजनीतिक रॉक स्टार कार्यक्रम था। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी का स्वागत ऐसे हुआ जैसे किसी रॉक स्टार का होता है। उसके एक वर्ष बाद कैलिफोर्निया के सैप सेंटर में जब मोदी का भाषण हुआ तो अमेरिका के दोनों पार्टियों के बड़े नेता वहां उपस्थित थे। सीनेट की अध्यक्ष नैन्सी पोलेसी तो मोदी के भाषण से अभिभूत हो गई। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, ब्रिटेन, जर्मनी, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब आदि के साथ छोटे-छोटे देशों में भी नरेन्द्र मोदी ने भारतवंशियों के सामने बोलने का समय निकाला और इसके अच्छे परिणाम आए हैं। इससे भारत एवं भारतवंशियों की अतुलनीय ब्रांडिंग हुई। अतः अब हाउडी मोदी कार्यक्रम के भी प्रभावों और परिणामों की दृष्टि से दूरगामी महत्व वाला होगा इसमें किसी को कोई संदेह नहीं है।



**अमेरिका में आयोजित 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शामिल होने की खबर के बाद दुनिया के सभी प्रमुख देशों की नजर इस कार्यक्रम पर लग गई है। तमाम पत्रकार इतिहास के पन्ने पलट रहे हैं कि इसके पहले किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने किसी विदेशी नेता के साथ इतनी बड़ी जनसभा में कब मंच साझा किया था। अभी तक इस तरह के दूसरे कार्यक्रम का कोई पन्ना अतीत में नहीं मिला। अतः इसे हर दृष्टि से महत्वपूर्ण घटना के तौर पर मानना होगा। यह पहला मौका होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति भारतीय समुदाय के ऐसे कार्यक्रम में शामिल होगा, जिसे हमारे पीएम संबोधित करने वाले हैं। यह भी पहली बार होगा जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति एक ही स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय- अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। 22 सितंबर को अमेरिका के ह्यूस्टन शहर के एनआरजी स्टेडियम में होने वाले हाउडी मोदी का नारा है- शेयर्ड ड्रीम्स, ब्राइट फ्यूचर यानी साझा सपना, उज्ज्वल भविष्य। इस सभा के लिए रिकार्ड संख्या में 50,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है।**

# कमजोर क्यों पड़ रहे हैं शांति चाहने वाले!



**भारत डोगरा**

**आज** विश्व शांति दिवस है। कल सभी देशों में अमन-चैन की बहुत सारी बातें होंगी, पर क्या शांति कायम होने की उम्मीद भी पैदा होगी? सच्चाई यह है कि संसार में शांति कायम करने के प्रयास बेहद कमजोर हुए हैं और असुरक्षा व आशंकाएं बढ़ी हैं। अभी पूरी दुनिया को खाड़ी क्षेत्र में हो रही उथल-पुथल ने चिंतित कर दिया है। पिछले दिनों सऊदी अरब के तेल ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिका और ईरान आमने-सामने आ गए हैं। अमेरिका ने सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरैमको के ठिकानों पर ड्रोन हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराया है, जवाब में ईरान ने भी काफी आक्रामक बातें कहीं हैं। इससे पहले जून में ट्रंप ने ईरान पर हमले की योजना को टाल दिया था। तब ईरान ने अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया था। ऐसे में इस बात का डर बढ़ गया है कि यह जुबानी जंग कहीं युद्ध में न बदल जाए। ईरान और अमेरिका के बीच तनाव पर विश्व के जाने-माने विशेषज्ञों व नेताओं ने चिंता जताई है, लेकिन विभिन्न देशों में युद्ध की बढ़ती आशंका को रोकने के लिए कोई प्रदर्शन नहीं देखा गया, जन-शक्ति का कोई बड़ा उभार सामने नहीं आया। इस स्थिति की तुलना यदि 2003 में इराक पर हमले से करें तो हमले से पहले यूरोप के अनेक देशों में लाखों लोग विरोध-प्रदर्शनों के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां तक कि अमेरिका में ही कुछ बड़े जन-प्रदर्शन संभावित अमेरिकी हमले के विरुद्ध हुए थे। इराक पर संभावित हमले के विरुद्ध जो जन-प्रदर्शन 2003 में हुए, उनमें बड़ी संख्या में अमन-चैन चाहने वाले लोग आए तो सही, पर वे हमले को रोकने में सफल नहीं हुए। हमला आरंभ होने के बाद प्रदर्शन भी रुक गए। इन प्रदर्शनों में विरोध दर्ज करवाने की औपचारिकता अधिक थी। इतिहास में और पीछे चलें तो द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने से पहले ही ब्रिटेन और अमेरिका में यह प्रस्ताव शीर्ष स्तर पर आया कि इससे पहले कि सोवियत यूनियन परमाणु बम बना सके उस पर परमाणु बम गिरा कर उसे कमजोर कर दिया जाए। विशेषकर ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल का नाम इस प्रस्ताव से जोड़ा जाता है। सौभाग्य से इसे कार्यान्वित नहीं किया गया। इसके शीघ्र बाद कोरिया युद्ध शुरू हो गया। इसके गहराने पर यहां भी परमाणु बम गिराने की संभावना अमेरिका में चर्चा का विषय बनी, पर बहुत आगे नहीं बढ़ पाई। शीघ्र ही शीतयुद्ध ने यूरोप, अमेरिका व सोवियत संघ को जकड़ लिया। इसकी हिंसक अभिव्यक्ति वियतनाम, लाओस, कंबोडिया, अंगोला, कांगो जैसे अनेक देशों में युद्ध व गृह युद्ध के रूप में देखी गई। लाखों लोग बहुत दर्दनाक मौत का शिकार हुए। अनेक का जीवन बर्बाद हुआ। अनेक देशों की लोकतांत्रिक सरकारों को गिराया गया व उनके स्थान पर क्रूर तानाशाहियों को स्थापित किया गया। महाविनाशक हथियारों की होड़ तेज हो गई और एक समय तो विश्व में 60,000 परमाणु हथियार जमा हो गए थे, जो आज के परमाणु हथियारों से चार गुना ज्यादा थे।

इन विकट स्थितियों में अनेक प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और विद्वानों ने अमन-शांति व निशस्त्रीकरण के पक्ष में आवाज उठाई। उन्हें युवा पीढ़ी का भरपूर समर्थन मिला। युवाओं के सपोर्ट का कारण यह था कि बहुतेरे युवा अमेरिका में अनिवार्य सैन्य सेवा में नहीं जाना चाहते थे क्योंकि युद्धों में उन्हें कोई सार्थकता नहीं नजर आ रही थी। इस सोच के प्रसार के बीच वियतनाम युद्ध का जबर्दस्त विरोध मुख्य हमलावर देश में ही हुआ व युद्ध को समाप्ति की ओर अधिक तेजी से ले जाने में इस विरोध ने एक सार्थक भूमिका निभाई। इस सफलता के आधार पर अमन आंदोलन को दीर्घकालीन स्तर पर मजबूत व व्यापक बनाने के प्रयास निरंतरता से नहीं किए गए। इसके लिए एक महत्वपूर्ण अवसर 1990 के आसपास प्रस्तुत हुआ। सोवियत संघ के विघटन के बाद महसूस किया गया कि चूंकि शीतयुद्ध समाप्त हो रहा है लिहाजा नए सिरे से विश्व शांति मजबूत की जाए। संयुक्त राष्ट्र की कुछ एजेंसियों ने इसके लिए आवाज उठाई पर यह महत्वपूर्ण अवसर भी हाथ से निकल गया। 1991 में इराक पर अमेरिका व उसके सहयोगी देशों के पहले हमले ने शांति के नए दौर की संभावना को गहरी क्षति पहुंचाई। इसके बाद तो इराक पर दूसरे हमले, लीबिया पर हमले, यमन व सीरिया के युद्धों, अफगानिस्तान में युद्ध व गृह-युद्ध की निरंतरता ने इस संभावना को निरंतर कमजोर ही किया। यूगोस्लाविया के विघटन से जुड़े युद्ध व गृह युद्ध से पता चला कि ठीक यूरोप के बीच भी कितनी बड़ी हिंसा की आशंका बनी हुई है। हाल के समय में दुनिया ने ईरान, यमन, अफगानिस्तान और सीरिया के युद्धों को झेला है। साथ ही अमेरिका, चीन व रूस- इन तीन सामरिक ताकतों के बीच कई स्तरों पर तनाव बन रहा है। इन तीनों देशों ने हाल के वर्षों में परमाणु, रोबॉट व साइबर युद्ध के हथियारों व तौर-तरीकों में भारी निवेश किया है। आर्थिक व तकनीकी क्षेत्रों में नंबर एक बनने की होड़ भी बड़ी ताकतों में बढ़ते तनाव का कारण है जिसे कम करने में यूएन की भूमिका कमजोर पड़ती जा रही है। दूसरी तरफ विश्व शांति आंदोलन भी कमजोर पड़ता जा रहा है जबकि आज इसे मजबूत और व्यापक बनाने की बहुत जरूरत है। इसका एक उपाय तो यह है कि न्याय व समता और पर्यावरण संरक्षण के जो अन्य बड़े आंदोलन हैं, उनके साथ शांति आंदोलन की नजदीकी व एकजुटता बढ़ाई जाए क्योंकि ये सभी मुद्दे एक-दूसरे के पूरक हैं। इस तरह विश्व स्तर पर इन आंदोलनों की मिली-जुली ताकत से अमन-चैन व अन्य सार्थक उद्देश्यों को एक साथ आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

**विश्व शांति दिवस**



# बच्चों को विदेश भेजकर लाचार जिंदगी जीते बूढ़े मां-बाप

**नीरज कुमार**

**भारत** की आजादी के बाद के जो लोग थे, उनके पास नौकरियां ही नहीं थीं, भारत की आधी से ज्यादा जनता कैसे भी जी तोड़ मेहनत करके पैसा कमाती रही, कोई मजदूरी करके, कहीं खजांची बनकर, कहीं क्लर्क बनकर, कहीं चपरासी बनकर, कहीं साफ सफाई करके। अपने बच्चों को कम से कम इन सब छोटे कामों से दूर रखने के लिए उन्होंने बच्चों को बहुत पढ़ाया-लिखाया। और उनको काबिल बनाकर सरकारी नौकरियां दिलवाईं।

उसके बाद का जो वर्ग आया जिसमें सरकारी नौकरी करने वाले लोग थे, और प्राइवेट नौकरी में दिन रात संघर्ष करने वाले लोग थे। इन दोनों तरह के लोगों ने जल्दी ही समझ लिया कि भारत में उतना पैसा नहीं है जितना कि विदेशों में है। तो सारे माता पिता ने एक बहुत बड़े अभियान के तहत बच्चों को विदेश भिजवाओ अभियान शुरू कर दिया। ताकि बच्चों की कमाई यहां से अधिक हो और वे अपनी बिरादरी में शान से जी सकें कि हमारा बेटा तो विदेश में रहता है, यहां भारत में रखा ही क्या है, यहां तो कुछ कमाई ही नहीं है, स्कूटर पर ही सारा जीवन निकल जाता है, साठ की उम्र में कार आती है, बैरंग लुटा पिटा पुराना हवेली टाइप मकान सदियों से पड़ा हुआ है। ये भी कोई जीना है हुह! बेटा जाएगा तो चार साल के भीतर ही हमें पॉश कॉलोनी में मकान लेकर दे देगा।

कुल मिलाकर आज तो यह माजरा हो गया है कि जब हम शादियों में जाते हैं तो वहां पर अधिकतर माता पिता के बच्चे विदेशों में रहते हैं क्योंकि उन शादियों में माता पिता के बच्चे दिखाई ही नहीं देते हैं, शादियों में यही चर्चा चला करती है कि आपका बच्चा कहां है, मेरा बच्चा यहां है, कंपनी ने उन्हें घर दिया है, कार लाने छोड़ने आया करती है। या नहीं तो भारत के भीतर ही उनका बार बार ट्रांसफर होता चला जाता है। जिससे माता-पिता उनके प्यार को तरस जाते हैं।

जब माता-पिता चालीस की उम्र के होते हैं तो तब तो उन्हें बच्चों को विदेश भेजना बहुत अच्छा लगता है। लेकिन माता-पिता जो शुगर बीपी हार्ट से पीड़ित हो जाते हैं उनको पचपन की उम्र के बाद बच्चों का घर में नहीं रहना बहुत ही खलता रहता है। उम्र के साथ साथ बीमारियां भी बढ़ती चली जाती हैं, सबसे बड़ी दिक्कत तो यह रहती है कि बात करने वाला ही नहीं बचता, कोई बाहर गया है उसका इंतजार भी नहीं बचता, सुबह होती जाती है, शाम होती चली जाती है, एकाकीपन काटने को दौड़ता है। पैसा लबालब पड़ा है लेकिन बात करने को बीवी ही है, उससे कितना बात करें, बच्चे होते तो बहस चलती, पोते होते तो झट से आकर गोदी में कूदकर बैठ जाते। बच्चों को एक एक घंटे तक भोजन कराना कितना अच्छा लगता। टाइमपास भी हो जाता, जीवन कब गुजर गया पता भी नहीं चलता। कितना सुख मिलता है, सारा सुख ही दुख में बदल जाता है। बेचारे अपनी दुख भरी कहानी किसी से कह भी नहीं सकते हैं। क्योंकि बच्चों के सुख के लिए ही उन्हें विदेश भेजा गया था। वहां जाकर बच्चा पैसा तो बहुत कमाता है, लेकिन बच्चे का भी कोई ठौर-ठिकाना नहीं बन पाता है। पत्नी को भी लेकर चला जाता है। पत्नी से भी नौकरी करवाता है। फिर बाहर देशों में अनैतिक संबंध बनते हैं और फिर दूसरी शादी भी हो जाती है तो परिवार पूरी तरह से संभल ही नहीं पाता है। पति-पत्नी जब वापस भारत आते हैं तो उनके बीच का झगड़ा देखकर बूढ़े माता-पिता जल्दी समझ जाया करते हैं कि हमने यह दिन देखने के लिए तो बच्चों को विदेश नहीं भेजा था।



लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। क्योंकि बच्चा दूसरे देश में अपना घर ले चुका होता है। बहुत पैसा कमा रहा होता है, वह दोबारा भारत के माहौल में ढल ही नहीं सकता है। विदेश में इनके जो बच्चे जनमते हैं वे भी विचित्र तरह के प्राणी निकलते हैं, वे भारत घूमने आते हैं तो बार बार वापस चले जाने की बात किया करते हैं। अधिकतर वे रिटर्न टिकट लेकर ही आया करते हैं। और विदेश की तुलना भारत से करने लगते हैं कहते हैं कि यहां लोग नहीं जानवर रहते हैं, बात करने का एडिकेट नहीं, भोजन करते समय का एडिकेट नहीं, बैठते हैं तो टांगें पसारकर यह भी कोई संस्कार हुआ। छींकते हैं तो पड़ोसी तक आवाज जाती है, डकारते हैं तो सारे घर को सुनाई देती है, जम्हाई लेते हैं तो जोर से पुकारते हैं, इसीलिए उन्हें यहां के लोग पसंद नहीं, यहां के लोग शरीर का ध्यान नहीं देते चालीस साल के बाद के अधिकतर लोग सौ किलो के आस पास पहुंच जाते हैं, दिन भर खाना और डकार और गैस छोड़ते रहना यहां के लोगों का यही काम है।

दरअसल मध्यमवर्ग में पैसे कमाने का जुनून पहले से ही रहा है। मध्यमवर्ग उच्चवर्ग बनने की हमेशा ख्वाहिश रखता रहा है। यह करने के लिए, किसी भी तरह की कुर्बानी देने को तैयार हो जाता है। पिछले सत्तर साल से मध्यमवर्ग के परिवारों में आपस में इतनी भयंकर प्रतिस्पर्धा लगी रहती है कि अंदर ही अंदर एक दूसरे परिवार के प्रति बहुत ही जलन हो जाया करती है। जो परिवार पैसा कमाने में जरा भी कमजोर निकलता है उससे लोग अपने आप संबंध तोड़ लिया करते हैं। उससे दावतों में मिलकर उससे साथ बहुत ही सौतेला व्यवहार करते रहते हैं। मध्यमवर्ग पढ़ा लिखा होता है तो अपने को बहुत ही होशियार और समझदार समझा करता है। लेकिन जब सारे बच्चों को विदेश पहुंचाकर जीवन की संध्या में पहुंच जाते हैं तो बची कुची जिंदगी दर्द से कराहते हुए। मौत का इंतजार करते हुए गुजार दिया करते हैं। भारत के शहरी लोगों में आधी जनता शुगर, बीपी, हार्ट, सिरदर्द, पाइल्स, घुटनों का दर्द, जोड़ों का दर्द, आंखों के ऑपरेशन, हर्निया, पथरी आदि दुनिया भर की बीमारियों से ग्रसित हो चुकी है। उस पर से उनके बच्चे विदेश जाकर बस जाते हैं तो केवल वीडियो कॉल पर ही हाल चाल पूछ लिया जाता है नर्स डॉक्टर मौजूद रहते हैं लेकिन बच्चों का स्पर्श महसूस किए हुए अरसा निकल जाता है। नई पीढ़ी के लिए एक से एक दिल दहला देने वाली चुनौतियां पैदा हो रही हैं, या की जा रही हैं। जिसके मकड़जाल में वे बुरी तरह से फंसते चले जा रहे हैं। दिक्कत यह है कि मध्यमवर्ग अपनी विचारधारा को बदल ही नहीं पा रहा है। पैसा चाहिए तो चाहिए ही। उसके बगैर काम नहीं चल पाता है। देश और राज्य की अर्थव्यवस्था भी इसी पर ही टिक चुकी है कि एनआरआई लोग आएंगे हमारे यहां के कपड़े लत्ते, मकान वगैरह खरीदकर जाएंगे। किराया उनको आता रहेगा जिससे उनके बूढ़े माता पिता का बचा कुचा जीवन चलता चला जाएगा।

उनके यहां पिछले तीस साल से घर के सारे बच्चे दो बेटे और एक बेटी विदेश जा चुके हैं। तभी से पति और पत्नी ही अकेले रहते हैं। दो बहुएं हैं, वे अकेली यहां आकर दो महीने रहकर जा सकती हैं, लेकिन बहुओं के पास बच्चों के स्कूल का बहाना है, बेटे के पास नौकरी का बहाना है। बेटी के पास तो कई सारे बहाने हैं, सो, कोई भी उनको देखने वाला नहीं रह गया है।

## आज का राशिफल

**दिनांक 21 सितंबर, 2019, शनिवार, विक्रम संवत् 2076, आश्विन माह, कृष्ण पक्ष सप्तमी रात्रि 8.20 बजे तक, रोहिणी नक्षत्र, सिद्धि योग, बव करण। राहुकाल: सुबह 9.19 बजे से 10.49 बजे तक, सूर्योदय 6.18 बजे, सूर्यास्त 6.21 बजे, चंद्रोदय 11.20 बजे, चन्द्रास्त 12.12 बजे। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11.55 से 12.44 बजे तक।**

**मेष:** शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ सुंदर भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग। आर्थिक मामले में भविष्य के लिए अच्छा प्लानिंग कर सकेंगे। लक्ष्मी देवी की कृपा से आय में वृद्धि होगी। कलाकार एवं कारीगरों को उनकी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**वृषभ:** आज का दिन स्फूर्ति और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों की तरफ से उपहार मिलेगा। प्रवास और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आह्लादित बनाएगा। आर्थिक लाभ की संभावना है।

**मिथुन:** आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी-व्यवहार से गलतफहमी पैदा होगी। शारीरिक कष्ट, मन को भी अस्वस्थ बनाएंगे। परिवार में क्लेश का वातावरण रहेगा। आंख में पीड़ा होगी। खर्च अधिक रहेगा। आध्यात्मिक व्यवहार मानसिक शांति दे सकेंगे।

**कर्क:** आकस्मिक धन प्राप्ति और बहुविधि लाभ से भरा आपका आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफे वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा। प्रवास पर्यटन तथा विवाहेच्छुक व्यक्तियों के लिए विवाह का योग है।

**सिंह:** आपके कार्यों में विलंब से सफलता मिलेगी। आफिस या घर में उत्तरदायित्वों का बोझ बढ़ेगा। जीवन में अधिक गंभीरता का अनुभव करेंगे। नए संबंध स्थापित करने या कार्य के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। पिता के साथ मतभेद उत्पन्न होगा। शुभ अवसर के आयोजन के लिए समय अच्छा नहीं है।

**कन्या:** शरीर में थकान, आलस और चिंता का अनुभव होगा। संतानों के साथ मतभेद या मनमुटाव होगा। उनके स्वास्थ्य की चिंता सताएगी। आफिस में उच्च पदाधिकारियों के साथ आपका वाद विवाद होगा। राजनीतिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। धार्मिक कार्यों या धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च होगा।

**तुला:** स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। कटु वचन या खराब व्यवहार के कारण झगड़े-विवाद होंगे। क्रोध और कामवृत्ति पर संयम आवश्यक होगा। हितशत्रु अधिक प्रवृत्त होंगे। आकस्मिक धनलाभ होगा। समय से भोजन करने में देरी तथा अत्यधिक खर्च मन को अस्वस्थ बनाएंगे।

**वृश्चिक:** नौकरी- धंधा और व्यवसाय के क्षेत्र में आज आपको लाभ ही लाभ है। इसके साथ मित्रों, सगे संबंधियों और बुजुर्गों से भी लाभ प्राप्ति का संकेत है। सामाजिक समारोह, पर्यटन जैसे प्रसंगों में जाएंगे। आप प्रफुल्लित रहेंगे। आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**धनु:** आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल बनेगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आमोद-प्रमोद के लिए आपका दिन व्यतीत होगा। नौकरी व्यवसाय में उन्नति और मान- सम्मान प्राप्त होगा।

**मकर:** आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे। लेखन और साहित्य से संबंधित प्रवृत्तियों में आपकी सृजनात्मकता दिखाई देगी, फिर भी मन के किसी कोने में आपको अस्वस्थता अनुभव होगा।

**कुंभ:** नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव करेंगे। खर्च बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रहने के कारण परिवार में मनमुटाव और झगड़े होने की संभावना है। स्वास्थ्य खराब होगा। दुर्घटना से बचें।

**मीन:** आपका आज का दिन (सुख-शांति से व्यतीत होगा) व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। पति- पत्नी के बीच दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों के साथ मिलन मुलाकात होगी। प्रेमीजनों का रोमांस अधिक प्रगाढ़ बनेगा। सार्वजनिक जीवन में प्रगति मिलेगी।

# अपनी अंतरात्मा का सम्मान करो

**प्रेरक प्रसंग**

**एक** प्रसिद्ध सूफी संत अमिरुल्लाह हुए हैं। लोग इनको फकीर अमीर के नाम से जानते थे। हिन्दू मुस्लिम सभी संप्रदाय के लोग मन की शांति प्राप्त करने के लिए इनके पास जाते थे। एक दिन एक युवक अमीर बाबा के पास आया और प्रणाम करके बोला बाबा! मुझे अपना शिष्य बना लीजिए! अमीर बाबा ने उसे बड़े ध्यान से देखा और बोले अगर तुम शिष्य ही बनना चाहते हो तो पहले शिष्य की जिंदगी का ढंग सीखो। अचरज में पड़कर युवक बोला मैं कुछ समझा नहीं! बाबा। शिष्य की जिंदगी का ढंग क्या होता है ? अमीर बाबा बोले बेटा! सच्चा शिष्य अपनी आत्मा का सम्मान करता है। वह तुच्छ लोभ लालसाओं के लिए और झूठे अभिमान और घमंड के लिए कभी अपने आप को धोखा नहीं देता। और स्पष्ट करते हुए अमीर बाबा बोले इस दुनिया में हर कोई अच्छा होने का दिखावा करता है।

कोई अच्छा दिखने के लिए तरह तरह के कपड़े और सजावटी सामान का प्रयोग करता है तो कोई सच्चा बनने के लिए चालाकी से प्रत्येक अच्छे काम करके दुनिया को दिखाने की कोशिश करता है। मनुष्य समझता है कि वह खुदा से छुपकर उलटे सीधे काम कर सकता है लेकिन वह भूल जाता है। वह भूल जाता है कि ईश्वर के लिए न तो दीवारें बाधक हैं न ही तुम्हारा अंतःकरण। ईश्वर सब देखता है। सच्चा शिष्य वही है जो अपनी अंतरात्मा में उपस्थित उस परमात्मा का सम्मान करना सिख ले। अगर तुम इतना कर सको तो मेरे शिष्य हो सकते हो। इतना सुनकर वह युवक समझ चुका था। अगर मैं हर समय ईश्वर की निगरानी में जीना शुरू कर दूं तो मुझे किसी गुरु की क्या आवश्यकता? इस कहानी का सारांश ये है कि जो सच्चा शिष्य होता है उसे कोई गुरु ढूंढने की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। क्योंकि उसका गुरु स्वयं ईश्वर होता है।

## सुडोकु 142

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | 4 | 3 | 9 | 5 |
| 4 | | | | | 9 | | 1 | 8 |
| 8 | | | | 6 | | | | |
| | | 9 | | | | | 8 | |
| 1 | 3 | 6 | | | | | | |
| | | | | | | 9 | | 7 |
| | 7 | | | 1 | | 2 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | 5 | | | |
| | 2 | 4 | | | | | | |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु-141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |

# संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए धनंजय पर 12 महीने का प्रतिबंध: आईसीसी



**खेल संवाददाता**


दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अवैध गेंदबाजी एक्शन के लिए श्रीलंकाई ऑफ स्पिनर अकिला धनंजय पर गुरुवार को 12 महीने का प्रतिबंध लगा दिया। उनके एक्शन के स्वतंत्र आकलन के बाद यह फैसला किया गया। गाले में 14 से 15 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर सवाल उठाए जाने के बाद 25 साल के खिलाड़ी के एक्शन की जांच की गई।

चेन्नई में 29 अगस्त को स्वतंत्र जांच में खुलासा हुआ कि उनका गेंदबाजी एक्शन अवैध है।

धनंजय को दिसंबर 2018 में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था।

उनके गेंदबाजी एक्शन में सुधार किया गया और फिर इसके आकलन के बाद फरवरी 2019 में उन्हें फिर से गेंदबाजी शुरू करने की अनुमति दी गई। आईसीसी ने बयान में कहा, कि ताजा रिपोर्ट में खिलाड़ी की दूसरी रिपोर्ट दो साल के अंदर हुई है, पहले में उसे निलंबित किया गया इसलिए उसे अब स्वत: ही 12 महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से प्रतिबंधित कर दिया जाता है। धनंजय के पास एक साल के प्रतिबंध के समाप्त होने के बाद आईसीसी से फिर गेंदबाजी एक्शन की जांच कराने का अधिकार होगा।

# हमें अब धोनी से आगे सोचना चाहिए, विश्व टी20 के लिए पंत मेरी पसंद: गावस्कर



**खेल संवाददाता**

नई दिल्ली। पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले साल आस्ट्रेलिया में होने वाले विश्व टी20 को देखते हुए भारतीय क्रिकेट के लिए अब महेंद्र सिंह धोनी से आगे के बारे में सोचने और युवाओं में निवेश करने का समय आ गया है।

हालांकि उपलब्ध विकल्पों पर काफी बहस चल रही है क्योंकि ऋषभ पंत मिले मौकों का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं, लेकिन अगले साल होने वाले विश्व टी20 के लिए वह गावस्कर की 'पहली पसंद' हैं। यह पूछने पर कि धोनी को बांग्लादेश दौरे के लिए चुना जाना चाहिए, गावस्कर ने नकारात्मक जवाब दिया। गावस्कर ने कहा, 'नहीं, हमें उनसे आगे देखने की जरूरत है। कम से कम मेरी टीम में महेंद्र सिंह धोनी शामिल नहीं हैं। अगर आप टी20 विश्व कप के बारे में बात कर रहे हो तो मैं निश्चित रूप से ऋषभ पंत के बारे में सोचूंगा।' गावस्कर ने कहा कि अगर पंत अच्छा नहीं करते हैं तो संजू सैमसन अगला सर्वश्रेष्ठ विकल्प होगा। उन्होंने कहा, 'अगर मुझे एक अन्य विकल्प की जरूरत होगी तो मैं संजू सैमसन के बारे में सोचूंगा क्योंकि संजू एक अच्छा विकेटकीपर और एक अच्छा बल्लेबाज है।'

इस महान सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''अगर मुझे टी20 विश्व कप के बारे में सोचना है तो मैं युवाओं के बारे में सोचूंगा क्योंकि हमें आगे के बारे में सोचने की जरूरत है। धोनी ने भारतीय क्रिकेट को अच्छा योगदान दिया है, लेकिन अब उससे आगे के बारे में देखने का समय आ गया है।' धोनी ने अभी अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा नहीं की है लेकिन मौजूदा चयन समिति ने पहले ही संकेत दे दिया है कि वह पीछे नहीं देखना चाहती। हालांकि पंत निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं और उनके खराब शॉट चयन से टीम को नुकसान हो रहा है जैसा कि मुख्य कोच रवि शास्त्री ने हाल में कहा था।

## पहला महिला टी20 अभ्यास मैच बारिश के कारण रद्द

**खेल संवाददाता**

सूरत। दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम और बोर्ड अध्यक्ष एकादश के बीच पहला टी 20 अभ्यास मैच खराब मौसम के कारण रद्द हो गया। दूसरा अभ्यास मैच रविवार को लालभाई स्टेडियम में होना है जिसके बाद 24 सितंबर से टी20 श्रृंखला शुरू हो जायेगी।

## बंगाल वॉरियर्स ने हरियाणा को 48-36 से हराया

**खेल संवाददाता**

पुणे। बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के सातवें सीजन में हरियाणा स्टीलर्स को 48-36 से हरा दिया। मैच की शुरुआत में विनय और प्रशांत राय ने अंक लिए। बंगाल ने अपने सफल रेड से अंक बटोरे और 6-3 की बढ़त ले ली। हरियाणा स्टीलर्स ने प्रतिस्पर्धा जारी रखी लेकिन छठे मिनट में बंगाल ने हरियाणा को ऑल आउट कर दिया।

# सीपीएल 2019: शोएब मलिक, ब्रैंडन किंग की तूफानी पारी से गुयाना की लगातार 5वीं जीत

## जमैका को 81 रनों से रौंदा



**खेल संवाददाता**

गुयाना। 37 गेंदों में 6 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 67 रन की पारी खेलने के लिए मलिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुयाना से जीत के लिए मिले 219 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जमैका की टीम 17.3 ओवरों में सिर्फ 137 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुयाना ने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 218 रन बनाए। कप्तान शोएब मलिक ने 37 गेंदों में 6 चौकों और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 67 रन और ब्रैंडन किंग ने 37 गेंदों में 4 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 59 रन बनाए।

जमैका के लिए आंद्रे रसेल और जेड डर्नबैच ने दो-दो और रमास लुईस ने एक विकेट अपने खाते में डाला। इसके जवाब में जमैका पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी और 137 रनों पर ढेर हो गई।

ओपनिंग बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और आंद्रे रसेल ने 40-40 रन की पारी खेलकर टीम को बहुत बड़ी हार से बचाया।

जमैका के 7 बल्लेबाज तो दहाई के आंकड़े तक ही नहीं पहुंच पाए। गुयाना के लिए कीमो पॉल ने 3 विकेट, इमरान ताहिर और कैस अहमद ने 2-2, वहीं क्रिस ग्रीन और ओडेन स्मिथ ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे खतरनाक होते हैं कप्तान कोहली



**खेल संवाददाता**

नई दिल्ली। 3 मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका पर 7 विकेटों की जीत दर्ज की। इस जीत में भारत के हीरो रहे विराट कोहली। कोहली ने 52 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 72 रनों की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर डाले। उनमें से एक है लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक औसत (कम से कम 500 रन) से रन बनाने का। भारतीय कप्तान विपक्षी टीम के लिए कितने खतरनाक होते हैं यह उनका रिकॉर्ड देखकर समझा जा सकता है।

**ऐसा है करिश्माई रिकॉर्ड:** आधुनिक क्रिकेट की रन मशीन कहे जाने वाले कोहली का औसत लक्ष्य का पीछा करते हुए जीते इंटरनेशनल टी-20 मैचों में 111.5 का है, जो किसी भी अन्य बल्लेबाज से कहीं अधिक है। उन्होंने 25 मैचों की 23 पारियों में 111.5 की औसत से कुल 1115 रन बनाए हैं।

इस दौरान उनका स्ट्राइक-रेट 131.48 का रहा है, जबकि सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 82 है। इस दौरान उन्होंने 12 हाफ सेंचुरी लगाई हैं।

**भारतीयों में रोहित दूसरे नंबर पर:** लक्ष्य का पीछा करते हुए विनिंग मैचों में औसत की बात करें तो भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर उपकप्तान रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 34 मैचों की 31 पारियों में 4 बार नॉट आउट रहते हुए 764 रन बनाए हैं। उनका औसत 28.29 का है, जबकि स्ट्राइक-रेट 132.82 है। इस दौरान उन्होंने एक सेंचुरी और 6 हाफ सेंचुरी लगाई है। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 100 रहा है।

शिखर तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 25.61 की औसत से 24 विनिंग मैचों की 24 पारियों में 3 हाफ सेंचुरी सहित 538 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 119.55 रहा है।

**ओवरऑल रिकॉर्ड:** दूसरे नंबर पर इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स हैं। उनका औसत 67.22 है, जबकि न्यू जीलैंड के मार्टिन गप्टिल का 62.40 और ब्रेंडन मैकुलम का औसत 57.20 है।

## पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए बजरंग पुनिया ने जीता कांस्य पदक

**खेल संवाददाता**

सेमीफाइनल मुकाबले में बदकिस्मती से हार से हार झेलने वाले भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया ने शुक्रवार को विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैम्पियन बजरंग ने 65 किलोग्राम भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में मंगोलिया के तुल्गा ओचिर को 8-7 से मात दिया। सेमीफाइनल में बजरंग 9-9 के स्कोर के बाद भी हार गए थे और इसके बाद उन्होंने अंपायरिंग पर अपना गुस्सा जताया था। इसे लेकर बजरंग के गुरु और भारत के लिए ओलंपिक पदक जीत चुके योगेश्वर दत्त ने भी नाराजगी जाहिर की थी।

कांस्य पदक मैच की शुरुआत में बजरंग हालांकि पीछे थे। मंगोलियाई पहलवान ओचिर ने उन्हें बाहर ढकेल दो अंक लिए और फिर चेस्ट थ्रो के जरिए चार अंक ले बजरंग पर 6-0 की बढ़त ले ली। बजरंग ने हालांकि दो अंक ले स्कोर 6-2 कर लिया। इसके बाद बजरंग ने लगातार अंक लेकर अपने अंकों की संख्या 8 कर ली। यहां मंगोलिया के खिलाड़ी ने एक अंक लिया लेकिन बजरंग ने अपनी बढ़त को कायम रखा और कांस्य अपने नाम किया।

# तीसरे टी-20 से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ियों से मिले राहुल द्रविड़



**खेल संवाददाता**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के मुखिया और भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान राहुल द्रविड़ ने शुक्रवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय टीम के खिलाड़ियों के साथ समय बिताया। मोहाली में खेले गए दूसरे टी-20 मैच को जीतने के बाद भारतीय टीम गुरुवार को यहां पहुंची है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच से पहले टीम के कुछ खिलाड़ियों ने मुख्य कोच रवि शास्त्री के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। धर्मशाला में खेला गया पहला टी-20 मैच बारिश के कारण धुल गया था। दूसरे मैच में कप्तान विराट कोहली की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी के दम पर भारत ने साउथ अफ्रीका को सात विकेट से मात दी थी।

तीसरे मैच में भारत की कोशिश सीरीज अपने नाम करने की होगी जबकि साउथ अफ्रीका सीरीज में बराबरी करना चाहेगी।

## क्रिकेट: आस्ट्रेलिया को 2022 में पाक दौरे की उम्मीद

**खेल संवाददाता**

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) को 2022 में पाकिस्तान दौरे की उम्मीद है लेकिन मुख्य कार्यकारी केविन रॉबर्ट्स ने कहा कि सुरक्षा संबंधी चिंता बनी रहेगी और वह खिलाड़ियों की सुरक्षा को खतरे में नहीं डालेंगे। श्रीलंकाई टीम पर मार्च 2009 के दौरे के दौरान लाहौर में आतंकी हमला हुआ था जिसमें छह खिलाड़ी घायल हुए थे। इसमें छह पाकिस्तानी पुलिसकर्मी और दो नागरिकों की मौत हो गई थी। इस हमले के बाद अधिकतर अंतरराष्ट्रीय टीमों ने पाकिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था।

आस्ट्रेलिया क्रिकेट के उच्च स्तरीय दल ने एक दशक से अधिक समय में पाकिस्तान का दौरा किया और रॉबर्ट्स गुरुवार को ही लौटे हैं। सरकार की सलाह पर 1998 के बाद से आस्ट्रेलियाई टीम वहां नहीं खेली है लेकिन कार्यक्रम के अनुसार, पाकिस्तान का दौरा 2022 को होना है। रॉबर्ट्स ने बताया कि वह खुद जमीनी हालात देखना चाहते थे। रॉबर्ट्स ने कहा, हम पाकिस्तान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी चाहते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा, हम अपने लोगों को खतरे में नहीं डालेंगे।

# रोहित और धोनी की उपस्थिति के कारण कप्तान के रूप में विराट प्रभावी: गंभीर



**खेल संवाददाता**

अहमदाबाद। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी कप्तान इसलिए दिखते हैं क्योंकि उनके पास टीम में महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के रूप में दो सफल कप्तान मौजूद हैं। धोनी को भारत के महान कप्तानों में से एक माना जाता है जिन्होंने टीम को दो विश्व कप दिलाए हैं जबकि रोहित फ्रेंचाइजी कप्तान के रूप में काफी सफल रहे हैं और मुंबई इंडियंस को चार आईपीएल खिताब दिलाय चुके हैं। गंभीर ने पत्रकारों से कहा, अभी कोहली को लंबा सफर तय करना है। कोहली पिछले विश्व कप में (इंग्लैंड में) काफी अच्छे थे लेकिन उन्हें अब भी काफी दूर तक जाना है। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इसलिए इतनी अच्छी कप्तानी करते हैं क्योंकि उनके पास रोहित शर्मा हैं, उनके पास लंबे समय से महेंद्र सिंह धोनी हैं। कोहली के इंडियन प्रीमियर लीग में रिकार्ड की बात करते हुए गंभीर ने कहा कि कप्तान के प्रभावी होने की परीक्षा तब होती है जब आपको कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलतीं। गंभीर आईपीएल टीम कोलकाता नाइटराइडर्स को अपनी कप्तानी में दो खिताब दिला चुके हैं। उन्होंने कहा, कप्तानी के गुण की परख तब होती है जब आप एक फ्रेंचाइजी की अगुआई करते हैं, जब आपके पास सहयोग के लिए अन्य खिलाड़ी नहीं होते। क्रिकेटर से नेता बने गंभीर ने कहा, जब भी मैंने इसके बारे में बात की है, मैं हमेशा ही ईमानदार रहा हूं। देखिए, रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियंस के लिए क्या हासिल किया है, देखिए धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए क्या हासिल किया है। अगर आप इसकी तुलना आरसीबी से करोगे तो नतीजा सभी के सामने है, सब देख सकते हैं। गंभीर ने टेस्ट प्रारूप में बल्लेबाजी के आगाज के लिए सीमित ओवर के उप कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन किया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोकेश राहुल को लंबा समय दिया गया। अब समय है कि रोहित को टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी का आगाज कराया जाए। अगर आप उसे टीम में चुनते हो, तो उसे अंतिम एकादश का हिस्सा होना चाहिए।

अगर वह आपकी अंतिम एकादश में फिट नहीं होता तो उसे 15 या 16 खिलाड़ियों की टीम में चुनने का कोई मतलब नहीं। वह इतना बेहतरीन खिलाड़ी है कि उसे बेंच पर नहीं बिठाया जा सकता।

# विश्व चैम्पियनशिप में आठ साल बाद वापसी करने वाले सुशील पहले दौर में बाहर



**खेल संवाददाता**

नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)। अनुभवी पहलवान सुशील कुमार की विश्व चैम्पियनशिप में आठ साल बाद वापसी महज छह मिनट तक रही और उन्हें शुक्रवार को यहां शुरुआती दौर में अजरबेजान के खादजिमुराद गादजिएव से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के ओलंपिक पदकधारी पहलवान सुशील ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए 9-4 की बढ़त बना ली थी, लेकिन लगातार सात अंक गंवाकर वह 74 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर का मुकाबला 9-11 से हार गए। अजरबेजान का पहलवान इसके बाद अपनी क्वार्टरफाइनल मुकाबले अमेरिका के जोर्डन अर्नस्ट बरो से हार गया जिससे सुशील चैम्पियनशिप से बाहर हो गए। छत्तीस साल का यह पहलवान लंबे समय से फार्म से जूझ रहा है और एशियाई खेलों में भी वह पहले दौर से बाहर हो गया था। जकार्ता में मिली हार के बाद वह पहली बार बेलारूस में मिंस्क में हुई प्रतियोगिता मैट पर उतरे थे जिसमें वह पांचवें स्थान पर रहे।


सुशील ने माना कि उनके अंदर दमखम की कमी थी, लेकिन उन्होंने भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का वादा किया। सुशील ने कहा, मुझे मैट पर अच्छा लगा। मैं तेज नहीं था लेकिन निश्चित रूप से दमखम की कमी थी। मुझे अपने डिफेंस पर भी काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, लेकिन मैं इस वापसी से खुश हूं। मैं एशियाई खेलों की तुलना में यहां बेहतर खेला। आगामी दिनों में आप बेहतर प्रदर्शन देखोगे। मेरे कोच उन टूर्नामेंट के लिए योजना बना रहे हैं जिनमें मुझे खेलना है। मैं अब एशियाई प्रतियोगिताओं से ओलंपिक के क्वालीफाई करने की कोशिश करूंगा।

सुशील ने 0-2 से पिछड़ने के बाद चार अंक के थ्रो से वापसी कर बढ़त बना ली और चार अंक के थ्रो से फिर इसे मजबूत भी कर दिया। अजरबेजान के खेमे ने इस थ्रो को चुनौती दी लेकिन उनकी अपील ठुकरा दी गई जिससे भारतीय पहलवान को एक अतिरिक्त अंक मिला और ब्रेक तक सुशील ने 9-4 की बढ़त बना ली।

दूसरे पीरियड में अजरबेजान के पहलवान का कब्जा रहा, जिसमें उन्होंने सुशील को धक्का दिया और उन्हें नीचे गिराकर अंक जुटा लिए। समय बीत रहा था लेकिन सुशील थके हुए दिख रहे थे जिससे गादजिएव ने दो और अंक जुटा लिए और फिर दो अंक के थ्रो से बाउट जीत ली। सुशील एकमात्र भारतीय पहलवान हैं जिन्होंने 2010 में मास्को में विश्व खिताब जीता है अन्य वर्गों में जिसमें ओलंपिक क्वालीफिकेशन दांव पर था उसमें अन्य भारतीयों में सुमित मलिक 125 किग्रा की पहले दौर का मुकाबला 0-2 से गंवा बैठे। उन्हें हंगरी के डेनियल लिगेटी ने मात दी जो बाद में क्वार्टरफाइनल में हार गए। भारत ने पुरुष वर्ग में अभी तक यहां बजरंग पूनिया (65 किग्रा) और रवि दहिया (57 किग्रा) की बदौलत दो ओलंपिक कोटे हासिल कर लिए हैं, वहीं करण गैर ओलंपिक 70 किग्रा वर्ग में अपने क्वालीफिकेशन दौर के मुकाबले में उज्बेकिस्तान के इख्तियोर नावरूजोव से 0-7 से हार गए। प्रवीण ने 92 किग्रा में अपनी पहला मुकाबला कोरिया के चांगजाए सु के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के बूते जीत ली लेकिन बाद में उन्हें यूक्रेन के लियूबोमिर सागालियूक से 0-8 से हार का मुंह देखना पड़ा। सागालियूक के क्वार्टरफाइनल में हारने से भारतीय पहलवान का रेपेचेज में खेलने का मौका भी खत्म हो गया।

# तुसाद म्यूजियम में लगेगा रणवीर सिंह का स्टैच्यू

## रणवीर ने आईफा अवार्ड शो के दौरान की घोषणा



**बॉलिवुड** के सबसे एनर्जेटिक एक्टर रणवीर सिंह अपनी बेहतरीन एक्टिंग के साथ अपनी बातों से भी सबको आकर्षित करते हैं। हाल ही में खिल्जी का किरदार निभाने वाले रणवीर को आइफा अवॉर्ड्स में फिल्म पद्मावत के लिए बेस्ट एक्टर के अवार्ड से नवाज़ा गया है। अवार्ड लेने स्टेज पर पहुंचे रणवीर ने अपने वैक्स स्टेच्यू को लेकर एक खुलासा किया है। एक्ट्रेस आलिया भट्ट को फिल्म राज़ी के लिए जहां बेस्ट एक्ट्रेस का अवार्ड मिला वहीं रणवीर सिंह को फिल्म पद्मावत के लिए बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिला। अवार्ड लेने पहुंचे रणवीर सिंह काफी भावुक हो गए थे। इस दौरान उन्होंने लंदन के मेडम तुसाद वैक्स म्यूजियम में बनने वाले अपने स्टैच्यू पर कहा, मेरी सास कहती थीं, तुम्हे भी मेहनत करनी पड़ेगी, हम चाहते हैं कि तुम्हारा भी लंदन में स्टैच्यू बने। आगे रणवीर कहते हैं, मम्मी हम लंदन जा रहे हैं, मैं आपसे लंदन में मिलूंगा। रणवीर किसी भी मौके पर अपनी खूबसूरत वाइफ दीपिका पादुकोण की तारीफ करने से पीछे नहीं हटते हैं। इस मौके पर भी उन्होंने कहा, मेरी वाइफ का पुतला सबसे ज्यादा सेक्सी है, मुझे कहना पड़ेगा की दीपिका एक परफेक्शनिस्ट है। वह अपने स्टैच्यू को लेकर काफी पर्टीकुलर थीं। मुझे भी अपनी ड्रेस और पोज़ के बारे में सोचना पड़ेगा। आपको बताते चलें कि मार्च में दीपिका के वैक्स स्टैच्यू को मैडम तुसाद म्यूजियम लंदन में लगाया गया है। इसकी तैयारियां पिछले साल से चल रही थीं।

## थलाइवी के लिए ऐसे तैयार हो रही हैं कंगना रनौत



**एक्ट्रेस** कंगना रनौत ने कमर कस ली है कि वह अपनी अगले प्रोजेक्ट जयललिता की बायोपिक के लिए कोई कमी नहीं छोड़ेंगी। वह फिल्म में इस दिवंगत राजनीतिज्ञ की भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट का वर्किंग टाइटल थलाइवी है। कंगना इस प्रोजेक्ट के लिए लुक से भी कॉम्प्रोमाइज नहीं करना चाहती हैं। इसलिए प्रोस्थेटिक्स के लिए लॉस एंजिल्स चली गई हैं। बायोपिक में कंगना के लुक के लिए निर्माताओं ने प्रसिद्ध हॉलीवुड आर्टिस्ट जेसन कॉलिन्स को लिया है, जिन्होंने ब्लेड रनर और कैप्टन मार्वल जैसी फिल्मों में काम किया है। प्रोस्थेटिक्स के प्रोसिजर के दौरान शांत बैठी एक्ट्रेस की तस्वीरों को शेयर करते हुए उनकी टीम ने लिखा कंगना रनौत लॉस एंजिल्स में जेसन कॉलिन्स के स्टूडियो में थलाइवी के लिए प्रोस्थेटिक मेजरमेंट से गुजर रही है। कहने की जरूरत नहीं है कि जयललिता की बायोपिक निश्चित रूप से हैरान करने वाली होगी।

# 22 साल बाद करिश्मा और सनी फंसे मुसीबत में, रेलवे कोर्ट ने तय किए आरोप



**करिश्मा कपूर** और सनी देओल कानून तोड़ने के लिए 22 साल के बाद मुसीबत में आ गए हैं। रेलवे कोर्ट ने इन बॉलीवुड एक्टर्स पर एक ट्रेन के सामान्य संचालन में बाधा डालने का आरोप लगाया है। अभिनेता से राजनेता बने सनी देओल और करिश्मा साल 1997 में अपनी फिल्म बजरंग की शूटिंग कर रहे थे। यह जोड़ी अजमेर के फुलेरा के पास सावरदा गांव में थी, जहां कथित तौर पर यह घटना हुई थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, करिश्मा और सनी ने फिल्म के एक सीन की शूटिंग के लिए ट्रेन 2413-ए अपलिंक एक्सप्रेस की इमर्जेंसी चैन खींची, जिससे यात्रियों को 25 मिनट की देरी हुई। एक्टर्स ने बुधवार को करिश्मा और सनी के वकील एके जैन ने प्रेस को बताया कि एक्टर्स ने एक बार फिर सैशन कोर्ट में आदेश को चुनौती दी है। साल 2009 में दोनों कलाकारों पर एक ही आरोप लगा था। सनी और करिश्मा ने साल 2010 में अदालत के फैसले को चुनौती दी और उन्हें भी छोड़ दिया गया। हालांकि, सैशन कोर्ट ने दोनों सितारों को राहत दे दी, लेकिन एक बार फिर 17 सितंबर को उन दोनों के खिलाफ फिर से आरोप लगाए गए। सनी देओल और करिश्मा कपूर के अलावा, स्टंटमैन टीनू वर्मा और सतीश शाह भी उसी के साथ आरोपी थे, लेकिन उन्होंने उस मामले को वापस लेने की चुनौती नहीं दी थी। रेलवे कोर्ट ने अब 22 साल पुराने, 1997 के मामले में अगली सुनवाई 24 सितंबर को फिर से निर्धारित की है। यह सब तब शुरू हुआ जब नरैना के सहायक स्टेशन मास्टर सीताराम मालाकार ने जनरल रेलवे पुलिस में एक शिकायत दर्ज की, जिसके बाद सितारों पर धारा 141 का उल्लंघन करने (एक ट्रेन में संचार के साधनों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने के लिए), धारा 145 (नशे या उपद्रव), धारा 146 (अपने कर्तव्य निभाने के लिए रेलवे सेवक को रोकना) और धारा 147 लगाई गई थी।

# अर्जुन ने किया आलिया को ट्रोल तो बेस्टफ्रेंड ने ऐसे दिया करारा जवाब



**बॉलीवुड** एक्टर अर्जुन कपूर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं, जिसके चलते वे अक्सर लोगों की पोस्ट पर अपना रिएक्शन देते रहते हैं। कुछ दिनों पहले वे कटरीना कैफ की फोटोज़ का लगातार मज़ाक बना रहे थे, अब लगता है कि उनका ध्यान कटरीना से हटकर आलिया पर आ गया है। अर्जुन कपूर ने हाल ही में आलिया को उनकी पोस्ट पर ट्रोल किया जो शायद आलिया की बेस्ट फ्रेंड से बर्दाश नहीं हो पाया और उन्होंने अर्जुन को मजेदार जवाब दे दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल में अफ्रीका सफारी का एक ब्लॉग शेयर किया है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से दी है। इसमें आलिया लिखती हैं, जंगल में आपका स्वागत है, मेरी खूबसूरत अफ्रीका सफारी का नया ब्लॉग आ चुका है। इस पोस्ट पर अर्जुन कपूर ने आलिया को ट्रोल करते हुए लिखा, ब्लॉग और साथ ही उन्होंने परेशान होने वाला इमोजी शेयर किया है। अर्जुन के इस कमेंट पर आलिया भट्ट की बेस्ट फ्रेंड अकांक्षा कपूर ने उनका मजाक उड़ाते हुए कहा, अर्जुन ये अमीरों की बात है, तुम नहीं समझोगे। इससे पहले भी अर्जुन कपूर ने कटरीना को उनकी वैकेशन फोटोज पर जमकर ट्रोल किया था।

# अरमान मलिक ला रहे हैं अपना पहला हार्ट ब्रेकिंग सांग 'टूटे ख्वाब'

**भारत** की दिग्गज म्यूजिक कंपनी टी सीरीज सफलता की एक और सीढ़ी चढ़ते हुए एक शानदार सांग लेकर आ रही है। टी सीरीज भारत के सबसे सफल युवा गायकों में से एक अरमान मलिक के साथ सांग लवर्स को एक शानदार गीत का तोहफा देने जा रही है। टी सीरीज अरमान के साथ हार्ट ब्रेकिंग सांग टूटे ख्वाब को रिलीज़ करने वाली हैं। अपने फेन्स के बीच प्रिंस ऑफ रोमांस नाम से मशहूर अरमान मलिक पहले भी अपने कई शानदार हार्ट टचिंग सांग्स से लोगों के दिलों में जगह बना चुके हैं। अरमान मलिक - बोल दो ना ज़रा, सब तेरा, वज़ह तुम हो और पहला प्यार (कबीर सिंह) जैसे सांग्स से अच्छा-खासा मुकाम हासिल कर चुके हैं।

**अपने फेन्स के बीच प्रिंस ऑफ़ रोमांस नाम से मशहूर अरमान मलिक पहले भी अपने कई शानदार हार्ट टचिंग सांग्स से लोगों के दिलों में जगह बना चुके हैं**

अब अरमान टी सीरीज के साथ अपना पहला हार्ट ब्रेक सांग टूटे ख्वाब लेकर आ रहे है इस सांग को कुणाल वर्मा ने लिखा हैं जो कि शब्बी द्वारा निर्देशित किया गया है। धड़कने रोकने वाले इस सांग को कुणाल-रंगून ने अपने म्यूजिक से सजाया है। इस सांग में अरमान जिंदगी के बारे में बहुत कुछ बताते हुए नज़र आते हैं। टूटे ख्वाब के बारे में बात करते हुए भूषण कुमार ने कहा अरमान ना सिर्फ युवा बल्कि बहुत ही प्रतिभाशाली सिंगर्स मे से एक हैं जो अब टी सीरीज के साथ आ रहे हैं। अरमानइश्क़ की गहराई और दर्द से इस सांग टूटे ख्वाब के जरिये आश्चर्यचकित करने वाले हैं। इस सांग में जिस तरह से अरमान मलिक ने काम किया हैं वह सच में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है।




# 'याद आ रहा है तेरा प्यार' पर नाचकर जेठा ने दया को किया याद



**सुपरहिट** शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा में जेठालाल भले ही दया के बारे में बहुत बातें नहीं करते, लेकिन वे अपनी पत्नी को काफी मिस करते हैं। इस बात का सबूत हाल ही में जेठा ने दिया है। नीला टेली फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अगले एपिसोड में रंगारंग कार्यक्रम के बहाने जेठलाल को मौका मिलता है गोकुलधाम वासियों के बीच अपने आप को व्यक्त करने का। वे बिल्कुल मिथुन दा की तरह तैयार होते हैं और उन्हीं का गाना चुनते हैं। आने वाले एपिसोड में जेठा, मशहूर एक्टर मिथुन की वेशभूषा अपना कर मंच पर एक धमाकेदार डांस करेंगे। गाना होगा याद आ रहा है तेरा प्यार। जेठालाल की भूमिका निभा रहे दिलीप जोशी कहते हैं यह गीत मेरे पसंदीदा गीतों में से एक है। मुझे इस गाने पर परफॉर्म करने में बहुत मज़ा आया। दया काफी समय से हम सभी से दूर हैं और मेरा यह डांस उनकी याद में है। यह बात तो स्पष्ट है कि दया बेन को जेठालाल ही नहीं, बल्कि पूरी गोकुलधाम सोसाइटी मिस करती है, ख़ास कर महिला मंडल। लेकिन, कहते हैं ना कि द शो मस्ट गो ऑन। जेठालाल के इस सुपरस्टार परफॉर्मेन्स के बाद गोकुलधाम में एक और सरप्राइज परफॉर्मेन्स होगी। लेकिन, यह आखिरी परफोर्मन्स किसकी होगी, यह एपिसोड में ही पता लगेगा। बस इतना तय है कि सो देखने वाले अब खूब हंसने वाले हैं और उन्हें खूब मज़ा आने वाला है। दया बेन के बारे में बता दें कि यह रोल अभी किसी को नहीं दिया गया है। लगभग दो साल पहले दिशा वाकानी इसे किया करती थीं, लेकिन प्रेगनेंसी की वजह से उन्होंने शो से ब्रेक लिया था। इसके बाद उन्होंने शो पर वापसी नहीं की और ना ही मेकर्स ने उन्हें रिप्लेस किया।

# सनी लियोनी बनी पेंटर शुरू की नई पेंटिंग

**बॉलीवुड** की हॉट और बोल्ड ऐक्ट्रेसेज में से एक सनी लियोनी अब पेंटिंग में अपना हाथ आजमा रही हैं। उन्हें अपने बच्चों नोआ और ऐशर संग चित्रकारी करते हुए देखा गया। इस बॉलीवुड स्टार ने अपने सोशल अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह सफेद शीट पर स्केचिंग करती नजर आ रही हैं। तस्वीर में सनी के बच्चे उनके पीछे बैठकर रंगों के साथ खेलते भी दिख रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज एक नई पेंटिंग शुरू की है और सबसे अच्छी बात यह है कि मेरे बेटे भी बैकग्राउंड में पेंटिंग कर रहे हैं। उम्मीद करती हूं कि यह कभी न बदले।



## न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं मलाइका

**मलाइका** अरोड़ा पिछले कुछ समय से अर्जुन कपूर के साथ अफेयर की खबरों को लेकर चर्चा में है। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। समय मिलते ही दोनों सोशल मीडिया पर फैंस के लिए तस्वीरें भी साझा करते हैं। इस बार मलाइका ने अपनी अकेले की तस्वीर शेयर की है। मलाइका इन दिनों न्यूयॉर्क में हैं जहां वो छुट्टियां एंजॉय कर रही हैं। मलाइका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये तस्वीर की है। उन्होंने मिनिमल मेकअप के साथ सनग्लासेस लगा रखे हैं। वहीं उनके व्हाइट आउटफिट उनके लुक को कंप्लीट कर रहे हैं। मलाइका ने तस्वीर के साथ लिखा- मैं, खुद... एक के लिए टेबल। हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में मलाइका अरोड़ा ने ट्रोलिंग पर खुलकर बात की। मलाइका ने कहा कि उनका और अर्जुन का रिलेशनशिप ऐसी नेगेटिव बातों से बिल्कुल प्रभावित नहीं है। ये सब चीजें आम हैं। लोगों के नेगेटिव कमेंट्स पर मलाइका ने कहा- आप लोगों को नहीं रोक सकते, ये उनकी खुद की राय है।



# मुंबई मेट्रो को अब मिला सलमान खान का साथ


**मुंबई** को हिंदी फिल्म जगत का गढ़ माना जाता है। यहां से जुड़े किसी भी मुद्दे पर लोग कलाकारों का पक्ष जानने के लिए उत्साहित रहते हैं। इन्हीं में एक अहम मुद्दा बन गया है मुंबई मेट्रो बनाम आरे जंगल। दरअसल मुंबई मेट्रो के काम के लिए आरे जंगल के 2700 से अधिक पेड़ों की कटाई का आदेश दिया गया है। इस मुद्दे पर पूरा फिल्म जगत दो गुटों में विभाजित होता दिखाई दे रहा है। इस बीच सलमान खान के शो बिग बॉस ने पूरे मुद्दे में नया मोड़ ला दिया है। दरअसल बिग बॉस का अगला सीजन जल्द ही दस्तक देने को तैयार है। इससे जुड़ी प्रेस कॉन्फ्रेंस 23 सितंबर को मुंबई के डीएन नगर के मेट्रो कॉर्पोरेशन यार्ड में रखी गई है। पता चला है कि इस खास मौके पर सलमान खान खुद सेलिब्रेटी एक्सप्रेस को हरी झंड़ी दिखाएंगे। चैनल की ओर से नौ सेकेंड का एक खास वीडियो शेयर किया जा रहा है, जिसमें बिग बॉस और सलमान को मुंबई मेट्रो से जोड़ता दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन ने हाल में मुंबई मेट्रो के समर्थन में एक ट्वीट किया था। ट्वीट में उन्होंने लिखा, ये प्रदूषण का समाधान है। मेरे एक दोस्त को मेडिकल इमरजेंसी थी, उसने कार के बदले मेट्रो से जाना चुना। वापस आकर उसने बताया कि मेट्रो तेज, सुविधाजनक और सबसे सही है। यह प्रदूषण का समाधान। अधिक पेड़ उगाओ, मैंने अपने बगीचे में लगाए हैं। क्या आपने लगाए हैं ? अमिताभ बच्चन के इसी ट्वीट को लेकर कुछ लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया और उनके घर के बाहर पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया।



न्यूज ब्रीफ

## अभिनेता नागार्जुन के फार्म हाउस में अज्ञात शव मिला

विशेष संवाददाता



हैदराबाद। तेलुगु अभिनेता नागार्जुन के हैदराबाद के बाहरी इलाके में स्थित फार्म हाउस में एक अज्ञात शव मिला है। पुलिस के मुताबिक, शव क्षत-विक्षत हालत में था और करीब 4 से 6 महीना पुराना होने से पहचान करना मुश्किल है। नागार्जुन ने सर्वे करने के लिए कुछ लोगों को फार्म हाउस पर भेजा था। इस दौरान उन्होंने एक कमरे में शव पड़ा देखा और पुलिस को इसकी सूचना पुलिस दी। लंगाना की केशमपेट थाना पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने मौके से सैंपल जुटाए हैं।

## नागलोक में 50 हाथियों के दल ने मचाया आतंक

विशेष संवाददाता

जशपुर। छत्तीसगढ़ में नागलोक के नाम से पहचाने जाने वाले जशपुर जिले के फरसाबहार तहसील में इन दिनों हाथियों के एक बड़े दल ने आतंक मचा रखा है। बताया जा रहा है कि इस दल में करीब 50 हाथी शामिल हैं जो क्षेत्र के गांवों में स्वतंत्र विचरण करते हुए फसलों को रौंद रहे हैं। साथ ही यह हाथी दल रात होते ही गांवों में बस्तियों की तरफ रुख करता है, जिससे यहां के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। यह क्षेत्र वन विभाग के तपकरा रेंज में आता है। इस रेंज में इस वक्त तीन अलग-अलग दल विचरण कर रहे है। सुबह से रात तक क्षेत्र के रहवासी दहशत के साए में रहते हैं।

## अमरपाटन इलाके के तिराही गांव के पास हुआ हादसा

## बस में क्षमता से ज्यादा सवारियां भरी थीं, रफ्तार भी तेज थी

# सतना में बस पलटी, 4 लोगों की मौत 12 घायल, कुछ की हालत गंभीर



विशेष संवाददाता


सतना। अमरपाटन किरहाई क्षेत्र में एक यात्री बस पलटने से 4 सवारियों की मौत हो हो गई। हादसे में 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हादसे की जानकारी मिलते ही सतना एसपी रियाज इकबाल घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

बस हिनौती से अमरपाटन जा रही थी। इस दौरान रास्ते में पलट गई। बस के पलटते ही उसमें बैठे कुछ यात्री उसके नीचे दब गए। इससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों को जैसी ही घटना की जानकारी मिली वे मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू का काम शुरू किया। लेकिन, साधन नहीं होने की वजह से लोगों को निकालने में काफी मुश्किलें आईं। हादसे के आधे घंटे तक प्रशासन या पुलिस का कोई अमला मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे बस को सीधा किया। तब जाकर उसके नीचे दबे लोग निकाले जा सके। तब तक चार लोगों की मौत हो चुकी थी। लोगों ने गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### ...इधर, छिंदवाड़ा में पेड़ से टकरायी बस, युवक की मौत

एक दुर्घटना छिंदवाड़ा जिले में देवगढ़ के पास हुई। यहां देवगढ़ से छिंदवाड़ा आ रही बस एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गयी, जबकि एक महिला बस से नीचे गिर जाने से बुरी तरह जख्मी हो गई। पेड़ से टकराने के बाद बस में आग लग गई और वो जलकर पूरी तरह खाक हो गई।

## झारखंड में सुरक्षा दीवार से टकराई ट्रेन, स्टेशन परिसर में मचा कोहराम





*देवघर। आसनसोल डिविजन क्षेत्र के जसीडीह स्टेशन पर बैद्यनाथधाम-जसीडीह पैसेंजर ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि, ट्रेन में सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए। ट्रेन 9:50 बजे जसीडीह स्टेशन पर पहुंची, मगर ब्रेक नहीं लगने के कारण ट्रेन का अगला हिस्सा सुरक्षा दीवार को तोड़ते हुए 15 फीट बाहर निकल गया। ट्रेन में लगभग 70 यात्री सवार थे। स्टेशन के अधिकारियों ने घटना की जानकारी मंडल के डीआरएम सुमित सरकार को दी। सूचना पाते ही पदाधिकारी ने एक्सीडेंटल रिलीफ ट्रेन को आसनसोल से रवाना कर दिया। डीआरएम ने एक जांच टीम को दुर्घटना का कारण पता लगाने का निर्देश दिया है।*



सरकार के ऐलान पर राहुल का वार

## 1.45 लाख करोड़ का सबसे महंगा इवेंट होगा 'हाउडी मोदी'

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्र सरकार के द्वारा आर्थिक मोर्चे पर उठाए गए कदमों पर शेयर बाजार बल्ले-बल्ले है, लेकिन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने सरकार के फैसलों पर कड़ी आपत्ति जताई है। राहुल गांधी ने अमेरिका में होने वाले हाउडी मोदी कार्यक्रम को भी आड़े हाथों ले लिया और 1.45 लाख करोड़ के राजस्व घाटे को हाउडी मोदी से जोड़ दिया। राहुल ने लिखा कि हाउडी मोदी कार्यक्रम दुनिया का सबसे महंगा इवेंट होने वाला है, लेकिन कोई भी इवेंट इस सच्चाई को छुपा नहीं सकता है।

## प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी देशद्रोह नहीं

### दिल्ली पुलिस ने अय्यर को दी क्लीनचिट

विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर को क्लीनचिट दे दी है। पुलिस ने जांच के बाद दिल्ली की एक अदालत में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) दायर की। इसमें कहा गया कि भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ सिर्फ अपमानजनक शब्द इस्तेमाल करना आईपीसी की धारा 124-ए/153-ए के अंतर्गत नहीं आता। इसलिए यह कोई अपराध नहीं है। आईपीसी की धारा 124-ए देशद्रोह और धारा 153-ए दो समूहों के बीच धार्मिक, भाषाई, जन्मस्थान के आधार पर दुश्मनी पैदा करने और शांति भंग करने के मामले में लगाई जाती है।

## 30 करोड़ की हेरोइन के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 30 करोड़ की हेरोइन के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बैजुल रेहमान और अबु बकर सिद्दिकी पश्चिम बंगाल के मालदा के रहने वाले हैं। दोनों ट्रक में हेरोइन लेकर आ रहे थे। इस दौरान पुलिस ने मंजू का टीला इलाके से दोनों आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने सूचना के आधार पर इलाके में घेराबंदी की थी। इसके बाद सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने ट्रक को पकड़ा। चेकिंग के दौरान उसमें से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने ट्रक में सवार दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और कस्टम विभाग की टीम ने गुरुवार को भी नशीले पदार्थों का गोरखधंधा करने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया था। दिल्ली एयरपोर्ट से 15 करोड़ की हेरोइन के साथ 5 अफगानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था।

## पत्नी का किसी दूसरे शख्स के साथ अफेयर मानसिक उत्पीड़न : हाईकोर्ट

विशेष संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने एक केस में टिप्पणी करते हुए कहा कि महिला का किसी दूसरे व्यक्ति के साथ अफेयर उसके पति के साथ मानसिक उत्पीड़न के दायरे में आता है। इस आधार पर वह शादी को तोड़ने का हकदार भी है। जस्टिस राजन गुप्ता और जस्टिस मंजरी नेहरू कौल की डिविजन बेंच ने कहा कि अगर इसे क्रूरता नहीं माना जाएगा तो क्रूरता की असली परिभाषा क्या होगी, कोर्ट को भी इसका अंदाजा नहीं है। कोर्ट ने महिला की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला दिया।

महिला ने गुरुग्राम फैमिली कोर्ट के शादी को भंग करने के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी। शादी को इस आधार पर तोड़ने का फैसला सुनाया गया कि महिला का किसी और शख्स के साथ अफेयर था और इसके चलते पति तनाव में था। फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए महिला ने हाई कोर्ट में अपनी अपील में कहा कि फैमिली कोर्ट इस तथ्य को आंकने में असफल रही कि उसके खिलाफ उत्पीड़न के आरोप पर





उसके पति ने कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया था। उसने अपनी अपील में तर्क दिया कि इन आरोपों में हल्के मतभेद या गलतफहमी भी कहा जा सकता है जो कि हर शादी में होता है। दंपती की शादी 2014 में हुई थी और कोई बच्चे भी नहीं हैं। दूसरी ओर पति ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी का व्यवहार उसके और उसके परिवार के प्रति बहुत ज्यादा खराब और गंदा हो गया था। यहां तक हनीमून के दौरान भी महिला ने उसके साथ संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। शख्स ने यह भी बताया कि उसकी पत्नी का किसी और के साथ अफेयर है और मेसेज-ईमेल के रूप में इसे साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत भी हैं।

### शादी में उत्पीड़न की सटीक परिभाषा संभव नहीं

दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने आकलन किया कि शादी में उत्पीड़न की सटीक परिभाषा देना संभव नहीं है। कोर्ट ने यह भी पाया कि महिला ने दूसरे शख्स के साथ ई-मेल एक्सचेंज करने की बात स्वीकारी और पति से माफी भी मांगी। कोर्ट ने यह भी पाया कि महिला ने अपने पति के खिलाफ झूठा आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें बाद में उसे बरी कर दिया गया। कोर्ट ने कहा कि यह इस प्रकार यह स्पष्ट है कि पत्नी ने जान-बूझकर ऐसा व्यवहार किया था।

## अब आजम खान के बड़े बेटे पर जमीन कब्जाने का लगा आरोप, कई धाराओं में दर्ज हुआ केस

विशेष संवाददाता

रामपुर। रामपुर में समाजवादी पार्टी के सांसद आजम खान की मुसीबतें बढ़ गई हैं। अब उनके बड़े बेटे अदीब आजम खान समेत 37 लोगों पर जमीन कब्जाने के आरोप लगने पर मुकदमा दर्ज किया है। यह रामपुर जेल के पीछे स्थित फांसीघर की जमीन है, जिसपर कुछ दिन पहले बीजेपी नेता आकाश सक्सेना की शिकायत पर डीएम ने जांच बैठाई थी।

इस मामले पर शुक्रवार को जांच के बाद गंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। एफआईआर में धारा 420, 447 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3(2) ख भी लगाया गई है। अपर जिला अधिकारी जेपी गुप्ता ने बताया की गाटा संख्या 7 और 8 की भूमि जो जेल प्रशासन के जेरे इंतेजामिया दर्ज है, उसका क्रय- विक्रय किया गया है। यह लगभग 30 लोगों के बीच खरीदा और बेचा गया। उनके खिलाफ एफआईआर कराई गई है, क्योंकि इसे बेचने खरीदने का किसी को अधिकार नहीं है।

# खंडवा में हिंदू-मुस्लिम मिलकर बनाएंगे गायों का हाइटेक अस्पताल

### भोपाल से लगभग 260 किलोमीटर दूर 14 एकड़ में बनेगा

विशेष संवाददाता

खंडवा। सियासत भले ही हिंदू-मुस्लिम को लाए, गाय को लेकर हिंसक बनाए, मगर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर गायों का अस्पताल बनाने का फैसला लिया है। इस अस्पताल को बनाने में दोनों ही संप्रदायों के लोग कंधे-से-कंधा मिलाकर काम करेंगे। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल कैसा होगा, इसका मॉडल भी तैयार हो गया है।


भोपाल से लगभग 260 किलोमीटर दूर स्थित खंडवा में अध्यात्म गोसेवा मिशन ट्रस्ट ने सिरसोद गांव में गायों के लिए सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनाने का फैसला लिया है। यह अस्पताल 14 एकड़ क्षेत्र में होगा। कथावाचक पंकज शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में सबसे बड़ी सेवा गोसेवा है। भगवान कृष्ण को हम पूजते हैं और भगवान कृष्ण गो की सेवा करते हैं। अस्पताल में गाय और गोपाल मंदिर, विशाल गोशाला व अत्याधुनिक उपकरण और दो ऐंबुलेंस भी उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही इस परिसर में अस्पताल के चिकित्सकों, कर्मचारियों के निवास के अलावा गोचर, भूसा गोदाम आदि भी बनाया जाएगा। परिसर में गायों के शेड होंगे और बछड़ों के लिए अलग से निवास बनाया जाएगा।

नंदी व घायल व बीमार गायों के लिए अलग से व्यवस्था की जाएगी। इस अस्पताल के निर्माण में खंडवा के मुस्लिम समाज ने भी हरसंभव मदद का वादा किया है। समाज के प्रतिनिधि रुआब पठान ने बताया कि गाय की सेवा नेक काम है, मोहम्मद साहब ने भी गाय के दूध का उपयोग करने और गाय का मांस न खाने का संदेश दिया था। हिंदू और मुस्लिम का रिश्ता तो दूध और पानी की तरह है, जिसे एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। रुआब ने कहा कि दोनों समाज के मिलकर काम करने से हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश पूरे देश और दुनिया में जाएगा। हमारी गंगा-जमुनी तहजीब विरासत है, जिसे कायम रखना हमारी जिम्मेदारी है।

अगस्ता वेस्टलैंड केस

## कोर्ट ने सीबीआई को बिचौलिये मिशेल से पूछताछ की दी इजाजत

**दुबई से प्रत्यर्पित किए गए क्रिश्चियन मिशेल को ईडी ने पिछले साल 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। इस साल 5 जनवरी को ईडी द्वारा दर्ज मामले में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था।**



विशेष संवाददाता

अगस्ता वेस्टलैंड मामले में अदालत ने सीबीआई को तिहाड़ जेल में बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल से और पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। सीबीआई ने मिशेल से पूछताछ करने की अनुमति के लिए दिल्ली की एक अदालत का रुख किया था। विशेष न्यायाधीश अरविंद कुमार ने मिशेल से 20 सितंबर तक इस अर्जी पर जवाब मांगा था। सीबीआई ने अपनी याचिका में जांच के लिए मिशेल के हस्ताक्षर और लिखावट के नमूने भी मांगे थे। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि मिशेल से कुछ और दस्तावेजों के साथ पूछताछ करने की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि अदालत ने हाल ही में मिशेल को जमानत देने से इनकार कर दिया था। दुबई से प्रत्यर्पित किए गए मिशेल को ईडी ने पिछले साल 22 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। इस साल 5 जनवरी को ईडी द्वारा दर्ज मामले में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

घोटाले के सिलसिले में सीबीआई द्वारा दर्ज एक अन्य मामले में भी उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया है। मिशेल, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई द्वारा की जा रही मामले की जांच में सामने आए तीन कथित बिचौलियों में से एक है। अन्य दो बिचौलिए गुइडो हेशके और कार्लो गेरोसा हैं।

महाराष्ट्र में सियासी गणित | भाजपा से गठबंधन पर बोले उद्धव ठाकरे

# 2 दिन में सीट बंटवारे पर हो जाएगा फैसला



विशेष संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों में बीजेपी और शिवसेना के बीच गठबंधन पर पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि शिवसेना और भाजपा के गठबंधन में किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। दो दिन में सीटों के बंटवारे पर फैसला हो जाएगा।

ठाकरे ने पार्टी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद बीजेपी के साथ गठबंधन और सीटों के बंटवारे को लेकर कहा कि हमारे बीच किसी तरह का कोई मतभेद नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान अमित शाह, देवेंद्र फडणवीस और मैंने जो फार्मूला तय किया था, उसी आधार पर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीटों का बंटवारा होगा। दो दिन के भीतर सीटों के बंटवारे पर फैसला हो जाएगा। गौरतलब है कि बीजेपी और शिवसेना के बीच महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को पेंच फंसा हुआ है, जिसे लेकर तरह-तरह के कयास लग रहे थे। कहा जा रहा था कि राज्य की 288 सीटों में से भाजपा सहयोगी पार्टी शिवसेना को 126 सीटें देने को ही तैयार है, लेकिन शिवसेना 144 सीटों की मांग कर रही है।

## भाजपा-जेडीयू में मनमुटाव नहीं 200 से ज्यादा सीटें जीतेगा एनडीए : नीतीश

विशेष संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत का दावा करते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग जेडीयू और उसकी गठबंधन सहयोगी भाजपा के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, उनका बुरा हाल होने वाला है। नीतीश ने कहा कि बीजेपी और जेडीयू गठबंधन के बीच कोई मनमुटाव नहीं है।

बिहार के सीएम ने विश्वास जताया कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए को 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। जेडीयू की एक बैठक को संबोधित कर रहे नीतीश ने अपने विरोधियों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिन लोगों में 'राजनीतिक सूझबूझ की कमी' है वह उन पर निजी हमले करके प्रचार पाने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, उनमें से कुछ लोगों ने बेशर्मी से यह स्वीकार किया है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि यह उनकी खासियत है। कुमार ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह उनके खिलाफ की जाने वाली 'निंदात्मक' टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देने से बचें। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं अपने पार्टी प्रवक्ता को सलाह दूंगा कि वह इसमें न पड़ें। कुमार ने कहा, 2010 का विधानसभा चुनाव याद करने की कोशिश करें। आशंका जताई गई थी कि हमें बहुमत नहीं मिलेगा, लेकिन हम 243 सीटों में से 206 सीट पर जीत गए थे। आश्वस्त रहें कि हमें अगले साल 200 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि जेडीयू और बीजेपी के बीच सबकुछ ठीक है। उन्होंने कहा, ऐसे बहुत लोग हैं जो यह सोचते हैं कि हमारे गठबंधन में घचपच (कुछ गड़बड़ी) है। ऐसा नहीं है और जो गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं, उनका बुरा हाल होने वाला है।

## पादरी ने 3 नाबालिग बच्चियों से किया रेप

विशेष संवाददाता

कोच्चि। केरल में 70 वर्षीय एक पादरी पर तीन नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़खानी का आरोप लगा है।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना पिछले महीने की है, जब एर्नाकुलम के चेंदामंगलम में जब तीनों बच्चियां पादरी के चर्च स्थित दफ्तर में उनका आशीर्वाद लेने पहुंची थीं। सीरियन कैथलिक चर्च के पादरी जॉर्ज पदयट्टी केस दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहे हैं।

वडक्केकरा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पादरी पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना एक महीने पहले की है, जब 9 साल की तीनों बच्चियां चर्च में अपनी सेवाएं देने के बाद पादरी का आशीर्वाद लेने के लिए, उनके दफ्तर में गई थीं। साइरो-मालाबार चर्च के एक सूत्र ने बताया कि पादरी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें पुलिस की जांच में सहयोग करने का आदेश दिया गया है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**महानगर**
की प्रति प्राप्त करने के लिए इस नंबर पर संपर्क करें।
(सुबह 10 से शाम 5 बजे)
मो. 8107288197

# आर्थिक नरमी मानवनिर्मित, अब सरकारों के कदम उठाने की बारी : लगार्ड

**वाणिज्य संवाददाता**

वाशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की पूर्व प्रमुख क्रिस्टीन लगार्ड ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में जारी नरमी को मानवनिर्मित करार दिया और कहा कि इसे मानव ही सही भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रेक्जिट तथा व्यापार तनाव जैसी समस्याएं हमने खुद ही बनायी हैं और हम इसे ठीक भी कर सकते हैं। लगार्ड ने वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर को कमजोर बताते हुए कहा कि इसके इर्द–गिर्द जोखिम बना हुआ है। उन्होंने नीति निर्माताओं से मानवनिर्मित व्यवधान दूर करने की अपील की। आईएमएफ की पूर्व प्रमुख की यह टिप्पणी ऐसे समय आयी है, जब आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने इस साल के लिये वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर का पूर्वानुमान 3.20 प्रतिशत से घटाकर 2.90 प्रतिशत कर दिया है। यह 2008 में वैश्विक आर्थिक संकट के शुरू होने के बाद की सबसे धीमी दर है।

## कार कंपनी मारुति ने भी माना, एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं की वजह से आई कार बाजार में मंदी

**वाणिज्य संवाददाता**



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने भी यह मान लिया है कि ओला, उबर जैसी एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं की वजह से कार बाजार में मंदी आई है। मारुति इंडिया के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने एक साक्षात्कार में अब इस बात को स्वीकार किया है और उन्होंने इस बारे में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान को सही ठहराया है।



## एटीएम से इन ट्रांजक्शन पर बैंक नहीं ले सकते कोई चार्ज

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। बैंक अपने ग्राहकों को हर महीने कुछ निश्चित मुफ्त लेनदेन की छूट देते हैं, इससे ज्यादा की लेनदेन पर बैंक शुल्क वसूलते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 14 अगस्त, 2019 की अधिसूचना में मुफ्त एटीएम लेनदेन को लेकर तस्वीर साफ की है। बैंक ने अधिसूचना में कहा है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, शहरी सहकारी बैंक, राज्य सहकारी बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक सहित सभी वाणिज्यिक बैंक एटीएम से बैलेंस चेक करना, टैक्स पेमेंट, फंड ट्रांसफर के लिए चेक बुक रिक्वेस्ट को एटीएम से मुफ्त लेनदेन में शामिल नही कर सकते हैं।

आरबीआई ने कहा है कि अगर कोई लेनदेन तकनीकी खराबी की वजह से फेल हो जाता है तो उसे मुफ्त लेनदेन में नहीं जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही अगर एटीएम में करंसी नहीं है तो इसे भी मुफ्त लेनदेन में नहीं जोड़ा जाएगा। इसके अलावा कोई ऐसी लेनदेन जो तकनीकी हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, एटीएम में करंसी के नहीं होने की वजह से फेल हो जाता है तो इसे भी मुफ्त लेनदेन में नहीं जोड़ा जाएगा। मतलब आपके पास एटीएम से मुफ्त लेनदेन की जो संख्या बची है वो आपके पास सुरक्षित है। इसके अलावा गलत पिन डालना भी ग्राहक के लिए मान्य एटीएम लेनदेन के रूप में नहीं गिना जाएगा। भारतीय स्टेट बैंक में खाताधारक, जिनके पास औसतन 25, 000 रुपये का मासिक बैलेंस है वे महीने में दो बार मुफ्त नकद निकासी कर सकते हैं।

## नेस्टअवे ने को-लिविंग एवं स्टूडेंट हाउसिंग में प्रवेश करने के लिए हैलो वर्ल्ड किया लांच

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। भारत के सबसे विशाल मैनेज्ड होम रेंटल नेटवर्क, नेस्टअवे टेक्नॉलॉजीज़ ने आज हैलोवर्ल्ड के लांच की घोषणा की। यह नेस्टअवे की स्वतंत्र सब्सिडियरी है, जो को–लिविंग एवं स्टूडेंट हाउसिंग पर केंद्रित है। टेक्नॉलॉजी का उपयोग कर, हैलोवर्ल्ड जीवन का एक तरीका प्रदान करना चाहता है, जो शहरों में प्रवास करने वाले युवाओं के लिए सुविधा की दृष्टि से बहुत उन्नत हो, लेकिन उसके लिए उन्हें समझौता बहुत कम करना पड़े तथा जहां उन्हें बिल्कुल घर जैसा महसूस हो। हैलोवर्ल्ड इस समय 15 शहरों में मौजूद है, जिनमें बैंगलोर, हैदराबाद, दिल्ली एनसीआर, कोटा, देहरादून आदि शामिल हैं। पिछले 5 महीनों में हैलोवर्ल्ड के पास 10,000 बेड्स हो चुके हैं तथा इसकी ऑक्युपेंसी दर 90 प्रतिशत है। हैलोवर्ल्ड के ग्राहकों को अपने भवन में अपना खुद का प्राइवेट स्पेस, कम्युनिटी गैदरिंग्स, स्मार्टटेक सिक्योरिटी सिस्टम्स, हाउस कीपिंग, 24/7 कन्सीर्ज सर्विस, सिक्योरिटी डिपॉज़िट के रूप में 1 माह का किराया देकर किसी अन्य प्रॉपर्टी में आंतरिक ट्रांसफर और जीरो ब्रोकरेज शुल्क का लाभ मिलेगा। हैलोवर्ल्ड के संस्थापक, जितेंद्र जगदेव ने कहा, 'अमेरिका में लगभग 90 प्रतिशत मिलेनियल जनसंख्या का कोई रूममेट है। इसी ट्रेंड के अनुरूप् भारत में मिलेनियल जनसंख्या ऐसे समुदाय में रहना पसंद करती है, जहां वो न केवल स्पेस शेयर करे, बल्कि अपनी रुचि, जोश व सपने भी शेयर करे। हैलोवर्ल्ड में हम बेहतरीन डिजाइन की कम्युनिटी इवेंट्स का आयोजन करते हैं, जो नागरिकों को एक दूसरे से जोड़ती हैं।

## डीएचएल एक्सप्रेस ने भारत में 2020 से दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। विश्व की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय एक्सप्रेस सेवा प्रदाता डीएचएल एक्सप्रेस ने शुक्रवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो 1 जनवरी, 2020 से लागू होगी। शिपमेन्ट का औसत मूल्य 6.9 प्रतिशत बढ़ जाएगा। हालांकि, सीमा पार ई–कॉमर्स के शिपमेन्ट्स के लिये यह बढ़ोतरी 15 प्रतिशत तक हो सकती है, जिससे आपूर्ति की लागत बढ़ेगी।

डीएचएल एक्सप्रेस इंडिया के कंट्री मैनेजर आर. एस. सुब्रमणियन ने कहा, 'डीएचएल एक्सप्रेस में हम लगातार बेजोड़ गुणवत्ता की आपूर्ति और अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इसलिये हमें अवसंरचना पर निवेश करना पड़ता है। वार्षिक मूल्य व्यवस्था से हम कम कार्बन उत्सर्जन वाले एयरक्राफ्ट्स, उन्नत केन्द्रों और सुविधाओं तथा खोजपरक प्रौद्योगिकी में निवेश कर सकते हैं। इसमें शीर्ष स्तर की सॉर्टिंग टेक्नोलॉजी भी शामिल है, जिससे हम बड़े परिमाण को संभाल सकते हैं और बाजार में अग्रणी ट्रांजिट टाइम बनाये रख सकते हैं। डीएचएल विश्व के बढ़ते विनिमयों और सुरक्षा मानकों का पूर्णतया अनुपालन करने के लिये भी निवेश कर रहा है। यह सभी निवेश हमारे ग्राहकों को संपूर्ण संतोष देते हैं, जब वे अंतरराष्ट्रीय शिपिंग करते हैं।' डीएचएल एक्सप्रेस द्वारा वार्षिक आधार पर कीमतों को एडजस्ट किया जाता है, जिसमें मुद्रास्फीति और मुद्रा के उतार–चढ़ाव को भी ध्यान में रखा जाता है। स्थानीय स्थितियों के आधार पर, मूल्य व्यवस्था अलग–अलग देशों में भिन्न–भिन्न हो सकती है और सभी ग्राहकों पर लागू होगी जहां कॉन्ट्रेक्टर अनुमति देते हैं।

## 247अराउंड त्यौहारी मौसम में रखेगी 2 हजार अस्थाई कर्मचारी

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए ऑनलाइन सर्विस सेंटर की सुविधा देने वाली कंपनी 247 अराउंड ने कहा कि वह दिवाली के दौरान त्यौहारी मांग को देखते हुए अपने नेटवर्क में 200 सर्विस सेंटरों को जोड़ेगी और 2,000 अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अभी उसके पास 10,000 इंजीनियर हैं।

देशभर में त्यौहारी मांग को देखते हुए वह अतिरिक्त 2,000 अस्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करेगी। कंपनी फ्लिपकार्ट और अमेजन जैसे ऑनलाइन मंच से बिकने वाले इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत शार्प, गोदरेज, अकाई, जेवीसी, वायबोर और विलेट के सामानों के लिए भी सर्विस उपलब्ध कराती है।

## रिलायंस जियो ने 5जी तकनीक के लिए चीनी कंपनियों से हाथ मिलाया

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। रिलायंस जियो ने 5जी नेटवर्क समाधान विकसित करने के लिए चीन के दूरसंचार सेवाप्रदाताओं और अन्य अंतरराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ हाथ मिलाया है। यह समाधान खुले मानकों और अंतरपरिचालन समर्थन पर आधारित होंगे। इसके लिए प्रमुख दूरसंचार कंपनियों और अन्य वेंडरों ने मिलकर एक मुक्त परीक्षण एवं एकीकरण केंद्र शुरू किया है। इन कंपनियों में चाइना मोबाइल और रिलायंस जियो के साथ चाइना टेलीकॉम, चाइना यूनिकॉम, इंटेल, रेडिसिस, सैमसंग इलैक्ट्रॉनिक्स, एयरस्पैन, बायसैल्स, सरटसनेट, मावेनिर, लेनोवो, रुईजी नेटवर्क, इंस्पर, सिलिंकॉम, विंडरिवर, एरेकॉम और चेंगदु एनटीएस शामिल है।

### गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिए संकेत

## रिजर्व बैंक अगले महीने फिर घटा सकता है रेपो रेट

**वाणिज्य संवाददाता**

मुंबई। रिजर्व बैंक अक्टूबर की समीक्षा बैठक में फिर से रेपो रेट में कटौती कर सकता है।



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इस बात के संकेत दिए। दास ने कहा कि इकोनॉमिक ग्रोथ को सहारा देने के लिए सरकार के पास सीमित मौके हैं। लेकिन, महंगाई दर कम रहने की वजह से मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी को को ब्याज दरों और घटाने में मदद मिल सकती है। शक्तिकांत दास ने कहा कि ग्रोथ बढ़ाने के लिए सरकार के कदम ज्यादातर प्रशासनिक स्तर के हैं और इनमें वित्तीय सतर्कता बरती जाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार इस तरह के और ऐलान कर सकती है, जिनसे बैलेंस शीट पर असर नहीं पड़े। अप्रैल–जून में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5% रह गई। यह 6 पिछले साल में सबसे कम तिमाही ग्रोथ है। आरबीआई जनवरी से अब तक प्रमुख ब्याज दर रेपो रेट में 1.10% कटौती कर चुका है। अक्टूबर की पॉलिसी समीक्षा में भी ऐसा होता है तो यह लगातार 5वीं बार होगा।

## अमूल की नजरें ग्रामीण क्षेत्र पर

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। अमूल ब्रांड के तहत डेरी उत्पाद बनाने वाला गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (जीसीएमएमएफ) नए नवोन्मेषी उत्पादों के जरिये शहरी भारत में विस्तार के साथ–साथ पाश्च्युरीकृत दूध उत्पादों के छोटे आकार वाले पैक के माध्यम से ग्रामीण भारत में प्रवेश की योजना बना रहा है।

देश का सबसे बड़ा डेरी ब्रांड अमूल ग्रामीण भारत की मांग पूरी करने के लिए दूध और घी जैसे डेरी उत्पादों के 20 रुपये, 10 रुपये या इससे भी छोटे आकार के पैक लाने पर विचार कर रही है। अमूल लगभग सभी बड़े और मध्य आकार के शहरों में है, लेकिन अब ग्रामीण भारत से मांग आ रही है। प्रबंध निदेशक आरएस सोढ़ी ने कहा कि अपनी अनोखी गुणवत्ता और स्वाद के साथ हमारे डेरी उत्पाद ग्रामीण उपभोक्ताओं के बीच बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं।

## रिलायंस कम्युनिकेशंस की एक और कंपनी ने दिवालिया घोषित करने के लिए किया आवेदन

**वाणिज्य संवाददाता**

नई दिल्ली। कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) ने कहा कि उसकी अनुषंगी जीसीएक्स ने अमेरिका में दिवाला संरक्षण आवेदन कंपनी की मंजूरी लिये बिना ही दाखिल किया है। आरकॉम की बी2बी इकाई जीसीएक्स ने अमेरिका की दिवाला संहिता के चैप्टर 11 के तहत स्वैच्छिक रूप से दिवाला संरक्षण के लिए आवेदन किया है। आरकॉम ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि जीसीएक्स में वित्तीय संकट था। हालांकि, चैप्टर 11 के तहत दिवाला संरक्षण के लिए आवेदन करने का फैसला जीसीएक्स के प्रबंधन ने कंपनी की मंजूरी के बिना किया है। जीसीएक्स ने 15 सितंबर को घोषणा की थी कि उसने अमेरिका की दिवाला संहिता में चैप्टर 11 के तहत स्वैच्छिक रूप से दिवाला संरक्षण के लिए आवेदन किया है।

पाठकगण ध्यान दें। किसी भी विज्ञापनदाता द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिए जयपुर महानगर टाइम्स जिम्मेदार नहीं है। अत: किसी भी विज्ञापन पर कार्रवाई से पहले जरूरी/संपूर्ण जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें।

–प्रबंधक

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा द्वारा)**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम व स्थान** : कैरिज कार्यशाला, उ.प.रे.,जोधपुर में नयी कलर स्कीम से ए–शेड्यूल, सी–शेड्यूल पेंटिंग तथा बी.जी. कोचों पर कंप्यूटराइज्ड प्रिंटिंग अथवा कंप्यूटराइज्ड स्क्रीन प्रिंटिंग के द्वारा स्टेंसिलिंग करने का कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 27168230.31 (रू. दो करोड़ इकहत्तर लाख अडसठ हजार दो सौ तीस एवं इकतीस पैसे मात्र) **3.बयाना राशि जो जमा करानी है** : रू. 285900.00 (रू. दो लाख पिच्यासी हजार नौ सौ मात्र) **4. ई–निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय तथा ई–निविदा खोलने कीदिनांक व समय** : 18.10.2019 को 15:00 बजे तक तथा 18.10.2019 को 15:00 बजे के बाद **5. वेबसाइट विवरण जहां से ई–निविदा सम्बन्धित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता हैं।** : **www.ireps.gov.in 6. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी** : मुख्य कारखाना प्रबन्धक कार्यालय, कैरिज कारखाना, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर –342001 राजस्थान **नोट** : 1. यह ई–निविदा है, इसमें किसी भी मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नही है, और किसी भी तरह के मैनुअल निविदा को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा। 2. निविदा दस्तावेज और बयाना राशि का भुगतान केवल आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट पर भुगतान गेटवे की सुविधा के माध्यम से ई–स्थानान्तरण से ही करे। **925-PA/19**

हमेशा उचित टिकट के साथ यात्रा करें।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक, इंजीनियरिंग, उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई–निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है – **ई–निविदा सूचना सं. 2019–20 : 70 कार्य का नाम व स्थान :** Augmentation of lifting capacity in sick line at coach care complex at Jodhpur. **अनुमानित लागत** : रू. 4,62,76,660.40 **बयाने की राशि** : रू. 3,81,400.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि** : 14.10.2019 **ई–निविदा सूचना सं. 2019–20 : 71 कार्य का नाम व स्थान** : Various civil engineering works in connection with providing additional rooms, toitel, Dinning hall and kitchen in running room, Jodhpur. Improvement to loco lobby at jodhpur. Provision of officer chamber in DRM office Jodhpur & improvement in Divisional Railway Hospital by renovation of wards, toilets,cabins etc. in the Jurisdiction of ADEN/HQ/Jodhpur. **अनुमानित लागत** : रू. 1,11,01,747.99 **बयाने की राशि** : रू. 2,05,500.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि** : 14.10.2019 **ई–निविदा सूचना सं. 2019–20 : 72 कार्य का नाम व स्थान** : Civil Engineering works in connection with providing Escalators (2 no. at PF-1, 2 no. at second entry at Bhagat ki kothi railway station) and (2no. of PF-2-3 & 1 no. of PF-4-5 at Jodhpur Railway station) in section of ADEN/HQ of Jodhpur Division. **अनुमानित लागत** : रू. 2,13,63,595.52 **बयाने की राशि** : रू. 2,56,800.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि** : 14.10.2019 वेबसाईट का विवरण जहां पर ई–निविदा देखी व भरी जा सकती है। : **www.ireps.gov.in** **928-PA/19**

रेल सुरक्षा सम्बंधी शिकायत हेतु हैल्प लाइन न. 182 पर सम्पर्क करें।

**फार्म संख्या–एनसीएलटी 3 ए**
**विज्ञापन विस्तार याचिका**
**(नियम 35 देखें)**
माननीय राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण के समक्ष, जयपुर बैंच
कंपनी याचिका संख्या
**CP(CAA) 229/230 -232/JPR/2019**
कंपनी अधिनियम, 2013 के मामले में
तथा
**भार्गव लोढ़ा स्टॉक ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड**
के मामले में
साथ में
**बी लोढ़ा सिक्योरिटीज लिमिटेड**
याचिका की सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 के तहत समामेलन और योजना की मंजूरी के लिए उक्त याचिका भार्गव लोढ़ा स्टॉक ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा, बी लोढ़ा सिक्योरिटीज लिमिटेड के साथ 4 सितंबर, 2019 को प्रस्तुत की गई थी, जिसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण, जयपुर बैंच के समक्ष 10 अक्टूबर, 2019 को सुनवाई के लिए नियत किया गया है। उक्त याचिका के संदर्भ में समर्थन या विरोध करने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता, उसके इरादे की सूचना, उसके या उसके अधिवक्ता के द्वारा, अपने नाम और पते के साथ, हस्ताक्षर करके भेजना है, जो की याचिकाकर्ता के अधिवक्ता तक, याचिका की तय तारीख की सुनवाई से न्यूनतम दो दिन या उससे पूर्व निवेदन भेज दें। यदि उसे याचिका का विरोध करना है, तो विरोध की पृष्ठभूमि अथवा याचिका के विरोध में प्रयोग किये जाने के इरादे वाले शपथ पत्र की एक प्रति इस सूचना के साथ उल्लिखित करनी होगी। याचिका की प्रति के लिए निर्धारित शुल्क अदा करके अधो हस्ताक्षिरी से याचिका की प्रति किसी भी व्यक्ति को प्रदान कर दी जायेगी।

**अमोल व्यास**
दिनांक: 21.09.2019 याचिकाकर्ता के अधिवक्ता
स्थान: जयपुर पता: ई–708, ग्राउंडफ्लोर, नकुल पथ, लाल कोठी स्कीम, जयपुर–302015

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई–निविदा**

**संकेत एवं दूर संचार विभाग जयपुर मंडल**

मंडल रेल प्रबन्धंक/सं.एवं दू.सं., उ.प.रे. जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **खुली निविदा सं. एसएनटी/जेपी/25/2019–20** जिसकी बंद होने की तिथि 17.10.2019 समय 15:00 बजे तक का ऑन लाईन ई–टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर इस टेण्डर के संबंध में स्वीकार नही किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नही जावेगा। **1. कार्य का नाम व लोकेशन** : जयपुर मंडल – फुलेरा–मदार सैक्शन में किलोमीटर 254.24 से 285.77 के मध्य सीटीआर कार्य के प्रावधान के संबंध में सिगनलिंग कार्य **2. अनुमानित लागत** : रू. 2263556.47/– **3. धरोहर राशि रूपये** : रू. 45300/– ऑन लाईन पेमेंट। **4. टेण्डर जमा करने की तारीख** : 17.10.2019 समय 15.00 बजे। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन** : **www.ireps.gov.in** and DRM office/NWR/Jaipur. **931-PA/19**

रेल सुरक्षा सम्बंधी शिकायत हेतु हैल्प लाइन न. 182 पर सम्पर्क करें।

**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर –302004

क्रमांक- एँफ-2(289)जविप्रा/जनसम्पर्क/2019/डी-163 दिनांक -20.09.2019

**बोली आमंत्रण (संक्षिप्त) सूचना संख्या-02/19-20**

जयपुर विकास प्राधिकरण, जनसम्पर्क प्रकोष्ठ द्वारा प्राधिकरण में समारोह/प्रवर्तन प्रकोष्ठ की कार्यवाही तथा अन्य गतिविधियों की फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कार्य के वार्षिक अनुबन्ध (दर संविदा) के लिए अनुमानित राशि 5.00 लाख रूपये की निविदादाता से मोहरबंद बोलियां दिनांक 30.09.2019 दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली आमंत्रण संबंधी प्रपत्र एवं शर्तों की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अथवा राजस्थान सरकार के उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। **UBN No.-JDA1920SSRC00154**

उप निदेशक (जनसम्पर्क)
उपापन संस्था
राज. संवाद/सी/2019-20/2712

**भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाड़ी**

क्रमांकः– लेखा/निविदा/2019–20/2881/19 दिनांक 19.09.2019

**–: ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 01/2019–20 :–**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से 23 कार्यों के लिये भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाड़ी (बीड़ा) में उपर्युक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों में 'ए' एवं ''एए'' श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यों के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर बीडा में पंजीबद्ध सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीबद्ध सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क पृथक–पृथक रूप में RTGS/NEFT Chief Executive Officer, BIDA Bhiwadi के नाम अपलोड करने की अंतिम तिथि तक जमा करानी होगी।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रु. **383.86** लाख (23 कार्य) |
| वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** से निविदा डाउनलोड करने की अवधि | **पार्ट—अ** 27.09.2019 प्रातः 9.30 से 06.10.2019 सायं 4.00 बजे तक<br>**पार्ट—ब** 30.09.2019 प्रातः 9.30 से 20.10.2019 सायं 4.00 बजे तक |
| वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अवधि | **पार्ट—अ** 07.10.2019 सांय 4.00 बजे तक<br>**पार्ट—ब** 21.10.2019 सांय 4.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | **पार्ट—अ** 09.10.2019 को सांय 3.00 बजे तक<br>**पार्ट—ब** 22.10.2019 को सांय 3.00 बजे तक |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं **www.urban.rajasthan.gov.in/uitbhiwadi** पर देखा जा सकता है।
राज.संवाद/सी/2708/19–20 **अधिशाषी अभियन्ता**

**राजस्थान आवासन मण्डल**

क्रमांकः अति.मु.अभि.–प्र./रा.आ.म./2019–20/203 दिनांकः 11.09.2019

**निविदा सूचना संख्या–4/2019–20**

राजस्थान आवसन मण्डल की विभिन्न आवासीय योजनाओं में विभिन्न कार्यों की बिड के लिये उपर्युक्त श्रेणी के राजस्थान आवसन मण्डल में एवं अन्य विभागों में ''एए'' श्रेणी एवं विद्युत कार्यों हेतु राजस्थान आवसन मण्डल में समुचित वर्ग एवं अन्य विभागों के E-XY-1श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाइन ई–प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से बिड आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रूपये 503.08 लाख (07 कार्य) |
| ऑन लाईन बिड मिलने की दिनांक | 23.09.2019 से 14.10.2019 सायं 6:00 बजे तक |
| ऑन लाईन बिड एवं निर्धारित प्रपत्र जमा करने की दिनांक | 14.10.2019 सांय 6:00 बजे तक |
| निविदा अनुसार डिमाण्ड ड्राफ्ट व अन्य मूल प्रपत्र भौतिक रूप से कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 15.10.2019 सांय 6:00 बजे तक |
| ऑन लाईन क्र.सं. 1 की तकनीकी बिड एवं क्र.सं. 2 से 7 की वित्तीय बिड खोलने की तिथि | 17.10.2019 प्रातः 11:00 बजे |
| ऑन लाईन क्र.सं. 1 की वित्तीय बिड खोलने की दिनांक | 24.10.2019 प्रातः 11.00 बजे |
| SPPP UBN NUMBER | RHB1920WSOB00074<br>RHB1920WSOB00068, RHB1920WSOB00073<br>RHB1920WSOB00069, RHB1920WSOB00070<br>RHB1920WSOB00075, RHB1920WSOB00072 |

क्र.सं. 1 की बिड टू बिड एवं क्र.सं. 2 से 7 की बिड एकल बिड पद्धति से आमंत्रित की जाकर आवासीय अभियन्ता–ई–प्रोक जयपुर के कार्यालय में उपरोक्तनुसार खोली जायेगी। ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया में सिविल कार्यों हेतु राजस्थान आवासन मण्डल में समुचित वर्ग व अन्य विभागों के ''एए'' श्रेणी के पंजीकृत सवेंदक 1.50 करोड़ से अधिक के समस्त कार्यों की बिड में ही भाग ले सकेगें। निविदा से संबधित समस्त विवरण एवं शर्तें वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है।
**अतिरिक्त मुख्य अभियंता–प्रथम, जयपुर**
राज.संवाद/सी/2661/2019–20 फोन नं. 0141–2741950

**कार्यालय नगर निगम जयपुर**
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन लालकोठी, टोंक रोड जयपुर-15)

क्रमांक :- एफ-6()उपा.राज.(सा.प्र.)/ला.शाखा/जननि/2019/357 दिनांक :- 17.9.19
ज.स.अ./2019/194 18/09/19

**सार्वजनिक विज्ञप्ति : पार्किंग स्थल ई-निलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम जयपुर द्वारा दो पहिया एवं चौपहिया वाहनों हेतु निम्न पेड पार्किंग स्थलों की ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | | पार्किंग स्थल का नाम निलामी बोली राशि | न्यूनतम प्रारम्भिक |
|---|---|---|---|
| 1 | | 1. जयपुरिया अस्पताल के बाहर | 3,75,000/- |
| | | 2. रामनिवास बाग के पीछे दक्षिण द्वारा के बाहर जेएलएन मार्ग | 22,21,000/- |
| | | 3. राजमंदिर | 18,01,000/- |
| | | 4. मोरिजा टावर | 18,00,000/- |
| | | 5. हवामहल जोन (पश्चिम) कार्यालय के बाहर | 8,00,000/- |
| | | 6. घाटगेट | 7,51,000/- |
| | | 7. नारायण सिंह सर्किल | 7,20,000/- |
| | | 8. अहिंसा सर्किल से इंदिरा मायाराम के मकान तक | 7,81,000/- |
| | | 9. खासा कोठी पंजाब एण्ड सिंध बैंक के पास निर्वाण होटल के सामने पुलिया के नीचे प्रथम द्वितीय साईट | 32,85,000/- |
| | | 10. खासा कोठी भीमसैन गर्ग की अधुरी बिल्डिंग के सामने हनुमान मंदिर के पास पुलिय के नीचे एवं होटल आई.डी.सी. राजपुताना के सामने | 43,07,000/- |
| | | 11. रेल्वे स्टेशन के मुख्य द्वारा सर्किल के पास RTDC गली से शिव मंदिर तक | 2,92,000/- |
| | | 12. सिन्धी केम्प बस स्टेण्ड के पास दरगाह गली विनायक कॉम्पलेक्स से नवजीवन कॉम्पलेक्स तक | 11,68,000/- |
| | | 13. बिडला मंदिर गेट के पास | 16,42,500/- |
| | | 14. सी-2 प्लाजा एपेक्स सर्किल | 6,93,500/- |
| | | 15. सरावगी मैन्सन के सामने | 1,82,500/- |
| | | 16. समाचार जगत कैम्पस के सामने | 18,25,000/- |
| | | 17. जगदम्बा टावर के सामने गुप्ता स्टोर | 21,60,000/- |
| | | 18. लाल कोठी सब्जी मण्डी | 28,94,400/- |
| | | 19. प्रेस्टीज टॉवर के सामने आम्रपाली मार्ग | 21,16,800/- |
| | | 20. जी.टी. सेन्टर के पीछे जेएलएन रोड पुलिया के पास | 14,76,350/- |
| | | 21. फोर्ट आनन्दम के पास | 49,82,250/- |
| | | 22. गौरव टॉवर | 42,92,400/- |
| | | 23. इन्द्रा पैलेस | 14,45,400/- |
| | | 24. जैन पैक्ट के पीछे | 52,88,850/- |
| | | 25. गणपति प्लाजा एम.आई. रोड | 52,92,000/- |
| | | 26. यूनिक एम्पार्य वैशाली नगर | 12,96,000/- |
| | | 27. गणेशम मॉल वैशाली नगर | 14,04,000/- |
| | | 28. वैशाली टॉवर (I नर्सरी सर्किल) | 2,59,200/- |
| | | 29. वैशाली द्वितीय (II नर्सरी सर्किल) | 9,50,400/- |
| 2. | ई-नीलामी भागीदारी शुल्क | 5,000/- रुपये (ऑन लाईन प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग-अलग) अप्रतिदेय (Non Refundable) | |
| 3. | ई-नीलामी अमानता राशि | 10 प्रतिशत न्यूनतम नीलामी बोली/प्रारम्भिक नीलामी बोली का (प्रत्येक पार्किंग स्थल हेतु अलग-अलग) | |
| 4. | ई-नीलामी अमानता राशि एवं भागीदारी शुल्क जमा कराने की दिनांक | 20/9/2019 से 2/10/2019 की रात्रि 12.00 बजे तक | |
| 5. | ई-नीलामी बोली प्रारंभ करने एवं समाप्ति की दिनांक | 3/10/2010 को प्रातः 11.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक | |

इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाइन पंजीयन शुल्क रूपये 1,000/- जमा करवाकर पंजीयन करवा सकते है।
1. ई-नीलामी की शर्तों का अवलोकन ऑन लाईन या किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कमरा नम्बर 123 में किया जा सकता है।
2. इच्छुक बोलीदाता नीलामी कार्यक्रम में अमानता राशि, भागीदारी राशि, ई-नीलामी बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी ई-नीलामी वेब साईट spppprotal, www.jaipurmc.org एवं http://smartrajapp.urban.rajasthan.gov.in में (E-Auction) पर देखी जा सकती है।
3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या/जानकारी हेतु श्री वैभव कुमार प्रोग्रामर से दूरभाष नं. 8764880056 पर सम्पर्क कर सकते है।

(नवीन भारद्वाज)
उपायुक्त (राजस्व प्रथम)
राज. संवाद / सी / 2675 / 2019-2020 नगर निगम जयपुर

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**

ई-टेन्डर नोटिस नं. 16/2019 **ई-टेन्डर नोटिस** दिनांकः- 18.09.2019

वरि.मं.सिग.एवंदूर.सं.इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ''खुली निविदा'' केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः

| क्र. सं. | ई-टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | निविदा बंद दिनांक | निविदा का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आगरा-एसटी-2019-45 | आगरा मंडल-प्रोविजन ऑफ स्मॉक, फायर डिटेक्शन एलार्म एण्ड सप्रेशन सिस्टम एट डिफरेन्ट स्टेशन। | Rs. 2,23,34,370.38 | 14.10.2019 | सिंगल पैकेट |

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। निविदाकार अपनी निविदा दिनांक उपरोक्त दिनांक को 15.00 बजे तक के भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते है। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओ पर विचार नही किया जायेगा।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in railway northcentral@CPRONCR 1357/19(A)

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**

ई-निविदा सूचना सं.: 2019-सितंबर-02 **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 18.09.2019

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एंव उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये **''खुली निविदा''** ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2019-सितंबर -02-01 | मंडल इंजीनियर धौलपुर के अधीन व. खंड इंजीनियर (रे.प.) आगरा कैन्ट/दक्षिण के लिये विविध पी.वे. कार्य। | ₹ 60,30,016.09 |
| 2. | 2019-सितंबर -02-02 | ईदगाह-बयाना, आगरा-धौलपुर व ईदगाह-बाँदीकुई खंड में सि. एवं दू. सं. के लिये विभिन्न समपारों एवं हट्स का निर्माण कार्य। | ₹ 97,20,813.44 |
| 3. | 2019-सितंबर -02-03 | एस.एस.ई. (कार्य)/भरतपुर के लिये दो साल के लिये एक नग बहुउपयोगी वाहन (टाटा डाई क्रू कैब-207/बोलेरो क्रू कैब या समान) को भाड़े पर लेने का कार्य। | ₹ 9,98,341.20 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से **दिनांक 11.10.2019 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती हैं।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in railway northcentral@CPRONCR 1356/19 (A)

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 19/12 **ई-प्रापण निविदा सूचना** दिनांकः- 18.09.2019

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ.म.रे. इलाहाबाद (आई.एस.ओ.9001 : 2008 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्रमांक | निविदा संख्या | माल का विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 20183489 डी | सेट ऑफ लेबेरिंथ एण्ड बेयरिंग कैप | 24 सेट | 09.10.2019 |
| 2. | 70194208 | ल्यूमिनेसेंट वेस्ट सेफ्टी जैकेट | 3954 नग | 09.10.2019 |
| 3. | 20183007 जी | हाई कैपेसिटी ड्राफ्ट गियर अरेंजमेन्ट। | 12 नग | 11.10.2019 |
| 4. | 30191196 | शॅकल स्टोन | 16950 नग | 11.10.2019 |
| 5. | 40191626 ए | एसएस वायर रोप डाया 8.65 एम एम | 1817 नग | 11.10.2019 |
| 6. | 90190915 (ई-रिर्वस ऑक्शन) | पील्ड बार साइज 33.6 एम.एम X 4240 एम.एम. | 1221 एम.टी | 11.10.2019 |
| 7. | 70191817 | बोल्ट एम.एस. ब्लैक हेक्स हेड | 17340 किलो | 14.10.2019 |
| 8. | 70191592 बी | रोलर टेपर सिगमेंट | 4 सेट | 14.10.2019 |

**नोटः** 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।, 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class-III, Digital** हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेब साइट पर पंजीकृत करायें।, 3. निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा।, 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिए।, 5. निविदा प्रपत्र एवं ड्राइंग की कीमत के लिए विनिधान जेड 650 एवं बयाना राशि (ई.एम.डी.) जमा करने के लिए विनिधान विविध भंडार 00844517 है।, उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट "http://www.ncr.indianrailways.gov.in" एवं भारत सरकार पोर्टल **"www.tenders.gov.in"** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in railway northcentral@CPRONCR 1355/19(A)

**उत्तर मध्य रेलवे, इलाहाबाद**


**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| कार्य का नाम | ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| आउटसोर्सिंग आफ कम्पेनियन टू नाइट पेट्रोलमैन फार नाइट पेट्रोलिंग एक्टिवीटी आन झाँसी-सिथौली सेक्शन अंडर एडीईएन/लाइन झाँसी सब-डिवीजन। | झाँसी-इन्जी. सी-2019-143 | Rs. 5008968.00 | Rs. 100200.00 | Rs. 5250.00 |
| आउटसोर्सिंग आफ कम्पेनियन टू नाइट पेट्रोलमैन फार नाइट पेट्रोलिंग एक्टिवीटी आन बीना-झाँसी सेक्शन अंडर एडीईएन / ललितपुर सब-डिवीजन | झाँसी-इन्जी. सी-2019-144 | Rs. 8233920.00 | Rs. 164700.00 | Rs. 5250.00 |

**1. निविदा बन्द होने की तिथिः-** 16.10.2019, **15.00 बजे, 2. स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन / अवधि की तिथिः-** 120 दिन, निविदा दिनांक-16.10.2019 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।, पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in railway northcentral@CPRONCR 1359/19(A)





*अंडरग्राउंड स्टेशन हमारे देश में भी हैं और विदेशों में भी, लेकिन लंदन के फोरगोटन अंडरग्राउंड स्टेशन की बात ही कुछ और है। ये अपनी बनावट और लुक की वजह से बरबस ही लोगों का ध्यान खींचते हैं। इन स्टेशनों में एबीसी मर्डर्स, डार्केस्ट ऑवर, शरलॉक, प्रायश्चित जैसी फिल्मों का फिल्मांकन किया गया है। वास्तुकार लेस्ली ग्रीन द्वारा डिजाइन किए गए डिसेबल्ड स्टेशन के बाहरी हिस्से को हाइड पार्क कॉर्नर में पहचाना जाता है, इसको बाहर से देखने पर लगता है जैसे किसी फाइव स्टार होटल के सामने का हिस्सा है।*

# मोदी को सुनने अमेरिका के 48 राज्यों से ह्यूस्टन में आएंगे लोग

कैलिफोर्निया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को ह्यूस्टन में 'हाउडी मोदी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन दो हफ्ते पहले ही पूरे हो गए थे। भारतीय अमेरिकी समुदाय के 50 हजार से ज्यादा लोग इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। मोदी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे। टेक्सास फोरम इंडिया के नेतृत्व में अमेरिका के 33 राज्यों के 600 से ज्यादा भारतीय समुदाय के संगठन मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। अमेरिका के 48 राज्यों से प्रवासी भारतीय ह्यूस्टन पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर टेक्सास इंडिया फोरम के प्रवक्ता गीतेश देसाई और प्रधानमंत्री मोदी के लिए विदेशों में आयोजनों का प्रबंध देखने वाले भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले से बातचीत की। गीतेश देसाई बताते हैं कि जब ह्यूस्टन में रहने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय को पता चला कि मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने न्यूयॉर्क आ रहे हैं तो समुदाय ने मोदी को ह्यूस्टन आने के लिए आमंत्रित किया। हमने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे अपने अमेरिकी दौरे के दौरान समय निकालकर ह्यूस्टन में रह रहे भारतीयों से भी मिलें।



### अमेरिका में पिछले आयोजनों से यह तीन गुना बड़ा होगा

विजय चौथाईवाले कहते हैं कि पिछले दोनों कार्यक्रमों के मुकाबले यह बहुत बड़ा आयोजन है। 2014 में मोदी ने न्यूयॉर्क के मेडिसन स्क्वेयर गार्डन और 2015 में सेन जोस सिलिकॉन वैली में हुए प्रोग्राम में करीब 18-18 हजार लोगों को संबोधित किया था। ह्यूस्टन में इनसे तीन गुना ज्यादा लोग आएंगे। पिछले कार्यक्रम इनडोर स्टेडियम में हुए थे। इस बार प्रोग्राम के लिए आउटडोर फुटबॉल स्टेडियम चुना गया है। फिर इस बार खुद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप इसमें आ रहे हैं, जो इसे अब तक के आयोजनों से सबसे अलग बना देता है।

## रात-दिन जुटे हैं 1100 से ज्यादा वालंटियर

देसाई बताते हैं कि 1100 से ज्यादा वालंटियर्स रात-दिन तैयारियों में जुटे हुए हैं। वालंटियर्स में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए जोश और उत्साह इस समय चरम पर है। मोदी को भारत के रिफॉर्मर और ट्रांसफार्मर के रूप में देखा जाता है। उनकी नीतियां भारत के साथ-साथ ह्यूस्टन के आर्थिक विकास के लिए भी अच्छी हैं। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए ह्यूस्टन शहर बेहद उत्साहित है।

**तुलसी गबार्ड ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत**

# 'हाउडी मोदी' में शामिल न हो पाने पर मांगी माफी


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 सितंबर को भारतीय अमेरिकियों और हिंदू अमेरिकियों को संबोधित करेंगे। इसे लेकर जहां लोग उत्साहित हैं वहीं डेमोक्रेटिक पार्टी



की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार तुलसी गबार्ड ने भी प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में स्वागत किया है और उन्होंने कार्यक्रम में शामिल न हो पाने को लेकर माफी मांगी है। 38 साल की गबार्ड अमेरिकी कांग्रेस की पहली हिंदू महिला हैं। गबार्ड ने गुरुवार को कहा, कि मैं खुश हूं कि हाउडी मोदी पूरे देश के भारतीय अमेरिकियों और हिंदू अमेरिकियों को साथ लेकर आ रहे हैं। इसमें यूएस कांग्रेस के मेरे साथी भी शामिल हैं। ह्यूस्टन के एनआरजी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में 50,000 से ज्यादा लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। मोदी 22 सितंबर को लोगों को संबोधित करेंगे, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी हिस्सा लेंगे।

ट्रंप के अलावा अमेरिकी सरकार के उच्च अधिकारी, जिसमें गवर्नर, कांग्रेस के सदस्य और मेयर भी हिस्सा लेंगे। गबार्ड ने कहा, कि भारत दुनिया का सबसे पुराना और सबसे बड़ा लोकतंत्र है और अमेरिका के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगियों में से एक है। यदि हमें राष्ट्रों, हमारे देशों और पूरे विश्व पर प्रभाव डालना है तो भारत और अमेरिका को जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध रोकने, परमाणु प्रसार रोकने और लोगों की आर्थिक भलाई में सुधार लाने जैसे विषयों पर साथ मिलकर काम करना चाहिए। गबार्ड ने इसे भारत और अमेरिका के लिए एक बेहतरीन मौका बताया।

# इमरान पाक की अर्थव्यवस्था तो तबाह कर सकते हैं, हमें क्षति पहुंचाने की हिम्मत नहीं : भारतीय राजदूत



वॉशिंगटन। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाक प्रधानमंत्री इमरान खान इस मुद्दे को यूएन में उठाने की बात भी कह चुके हैं। इसी बीच अमेरिका में भारतीय राजदूत हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा है कि इमरान के लिए यह मानना काफी कठिन है कि कश्मीर दोबारा विकास के रास्ते पर लौट आया है। इमरान के पास पूरे अधिकार हैं कि वे पाक की अर्थव्यवस्था को जमींदोज कर दें, लेकिन उनमें भारत को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत नहीं है। भारतीय राजदूत ने न्यूयॉर्क टाइम्स के लिए लिखे आर्टिकल में कहा, इमरान की सरकार में पाकिस्तान लगातार आर्थिक मंदी का सामना कर रहा है। वहां महंगाई 5 साल में सबसे ऊंचे स्तर पर है। उसका कर्ज जीडीपी से ज्यादा हो गया है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसे 22वीं बार बेलआउट पैकेज की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उसकी पड़ोसी देश को नुकसान पहुंचाने की सोच को चुनौती देनी चाहिए।

### 'जबर्दस्ती कश्मीर की खराब तस्वीर पेश कर रहा पाक'

श्रृंगला ने आगे कहा, इमरान और उनकी सरकार अपने उलूल-जुलूल बयानों से जबर्दस्ती अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने कश्मीर की खराब तस्वीर पेश करना चाहते हैं। वे लगातार हमें परमाणु हमलों की धमकी दे रहे हैं। इमरान के लिए यह मानना मुश्किल है कि कश्मीर फिर विकास की पटरी पर लौट आया है, क्योंकि उस प्रावधान को खत्म कर दिया गया, जिसने राज्य की प्रगति रोकी थी।

### 'पाकिस्तान के आतंक के निशाने पूरी दुनिया पर'

उन्होंने कहा पाकिस्तान लंबे समय से अपने छिपे हुए हितों के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में समृद्धि को रोकने की कोशिश कर रहा है। इसकी एक वजह कश्मीर की ठहरी हुई अर्थव्यवस्था थी, जिससे लोगों में अलगाव की भावना पैदा होती है। पाक इसी कमजोरी को आतंक फैलाने के लिए इस्तेमाल करता रहा है। यह वही देश है, जिसके आतंक के निशाने पूरी दुनिया पर हैं।

## सऊदी हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेंगे : पेंटागन

वाशिंगटन। पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका को सऊदी तेल संयंत्रों पर सप्ताहांत में होने वाले हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों का पता लगा लेने का पूरा भरोसा है। पेंटागन के प्रवक्ता जोनाथन हॉफमैन ने कहा कि इस बात के संकेत मिले हैं कि हमलों के पीछे ईरान का हाथ है, लेकिन अमेरिका चाहता है कि सऊदी अरब यह घोषणा करे कि हमलों के लिए कौन जिम्मेदार है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अभी तक सभी सुराग इशारा करते हैं कि सऊदी तेल रिफाइनरियों पर हमलों के लिए किसी न किसी तरीके से ईरान जिम्मेदार है। पेंटागन के प्रवक्ता ने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि हम इसके लिए जिम्मेदार पक्षों का सटीकता से पता लगा लेंगे, लेकिन हम इस बिंदु पर पहुंचने के लिए सऊदी अरब के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

हॉफमैन ने कहा, हम इस बारे में विचार-विमर्श कर रहे हैं और हम सऊदी अरब के साथ मिलकर अंतिम आकलन होने तक इंतजार करेंगे। पेंटागन के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका संघर्ष नहीं चाहता है। उन्होंने कहा, रक्षा मंत्रालय का काम राष्ट्रपति को विकल्प मुहैया कराना है और हम यही कर रहे हैं।

# सौलह साल की लड़की के कहने पर दुनियाभर के लाखों छात्र कर रहे विरोध प्रदर्शन



स्टॉकहोम। अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के लिए न्यूयॉर्क में जहां दुनियाभर के नेता इकट्ठे होंगे वहीं, दुनियाभर के लाखों छात्र एक साथ इकट्ठे होकर जलवायु परिवर्तन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

इन छात्रों ने फैसला किया है कि वह एक दिन स्कूल न जाकर पर्यावरण के लिए आवाज उठाएंगे।

इस पूरे आंदोलन का नेतृत्व महज 16 साल की लड़की कर रही हैं। लड़की का नाम है ग्रेटा टुनबर्ग। छात्रों के इस आंदोलन का नाम है फ्राइडेज फॉर फ्यूचर। ग्रेटा काफी साहसी है।

### आखिर ग्रेटा है कौन?

2003 में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में जन्मी ग्रेटा का नाम मैलेना अर्नमन है। वह स्वीडन में एक ओपेरा सिंगर हैं। ग्रेटा के पिता एक एक्टर हैं और उनका नाम स्वांते टनबर्ग है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ शुरू की गई इस लड़ाई की शुरुआत ग्रेटा ने सबसे पहले अपने घर से की। सबसे पहले ग्रेटा ने अपने माता पिता से कहा कि वह अपना लाइफस्टाइल बदलें। इस अभियान को शुरू करने से पहले दो साल तक ग्रेटा ने अपने घर के माहौल को बदलने का ही काम किया।

## पर्यावरण संबंधी नियमों के उल्लंघन पर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना

वाशिंगटन। अमेरिका ने दक्षिण कोरिया की कंपनी हुंदै हैवी इंडस्ट्रीज के ऊपर 4.70 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना पर्यावरण संबंधी नियमों का उल्लंघन कर खराब डीजल इंजन आयात करने और बेचने के कारण लगाया गया है। अमेरिका के न्याय विभाग ने एक बयान में कहा कि कंपनी ने 2012 से 2015 के बीच डीजल से चलने वाले करीब 2,300 भारी वाहनों का आयात किया, जिनमें ऐसे इंजन लगे थे जो अमेरिका के उत्सर्जन मानकों के अनुकूल नहीं हैं।

### अमेरिका में गोलीबारी में एक की मौत, पांच घायल


वॉशिंगटन। व्हाइट हाउस के नजदीक की सड़कों पर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए।

एनबीसी वॉशिंगटन ने पुलिस के हवाले से बताया कि गोलीबारी की घटना व्हाइट हाउस से करीब तीन किमी दूर स्थित कोलंबिया हाइट्स में हुई।

घटना बृहस्पतिवार की रात दस बजकर छह मिनट पर हुई। यह क्षेत्र उत्तर पश्चिम वॉशिंगटन में है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति पद के प्रबल दावेदार का दावा, जीतने पर चीन के साथ संबंधों को करेंगे बहाल

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति पद के लिए अग्रणी उम्मीदवार गोताबाया राजपक्षे यदि 16 नवंबर को चुनाव में जीत जाते हैं तो वे चीन के साथ देश के संबंधों को बहाल करेंगे। यह जानकारी उनके सलाहकार ने दी।



जनवरी 2015 में चुनाव जीतने के बाद शुरुआत में राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना ने सभी चीनी निवेश की परियोजनाओं को निरस्त कर दिया था। उन्होंने चीन पर भ्रष्टाचार, अधिक कीमत व सरकार की प्रक्रिया का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

इसके एक साल बाद उन्होंने कुछ बदलाव के साथ चीनी परियोजनाओं को फिर से बहाल कर दिया, लेकिन तब से दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंध अभी भी जारी हैं।

विपक्ष के उम्मीदवार राजपक्षे पूर्व रक्षा सचिव और चीन समर्थक पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के भाई हैं। महिंदा राजपक्षे भी चीन के साथ संबंधों को बहाल करने के लिए तैयार थे। कोलंबो में पालिता कोहोना ने कहा, अब हमें चीन अलग तरीके से देख रहा है। जब गोताबाया राष्ट्रपति बनेंगे वे सही रिकॉर्ड बनाएंगे और पहले की तरह चीन के साथ संबंधों को बहाल करेंगे।'

इस सप्ताह श्रीलंका के राष्ट्रपति सिरीसेना ने दक्षिण एशिया के सबसे लंबे टावर, लोटस टावर को बनाने वाली चीनी कंपनी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था, जिसके बाद राजनीतिक हंगामा शुरू हो गया था।

# एड्स से बचा सकती है वैक्सीन, ट्रायल के हैरतअंगेज नतीजे

**साउथ अफ्रीका के कुछ लोगों पर एचआईवी वैक्सीन के हैरान करने वाले नतीजे मिले हैं। इस वैक्सीन की सक्सेस रेट काफी देखी गई है, वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अब यूनिवर्सल वैक्सीन तैयार की जा सकेगी।**

केपटाउन। वैज्ञानिकों ने अब तक कई खतरनाक बीमारियों के लिए वैक्सीन तैयार कर ली है, लेकिन एचआईवी एड्स और कैंसर जैसी कुछ जानलेवा बीमारियां बाकी हैं, जिनकी वैक्सीन तैयार करने के लिए प्रयास चल रहे हैं। एचआईवी एड्स के साथ सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसके वायरस के स्ट्रेन कई तरह के होते हैं, जिससे एक सिंगल वैक्सीन इसके मुकाबले में फेल हो जाती है।

अब हाल ही में एचआईवी वैक्सीन के ट्रायल में काफी अच्छे नतीजे मिले हैं। यह ट्रायल साउथ अफ्रीका में रहने वाले लोगों पर हुआ है। इसकी रिपोर्ट साइंस ट्रांसलेशन मेडिसिन में छपी है। स्टडी को लीड किया है। आईवी वैक्सीन ट्रायल्स नेटवर्क की एमडी और को प्रिंसिपल ग्लेंडा ग्रे ने।



2003 में थाइलैंड में यूएस आर्मी पर इस वैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल हुआ था। इसके बाद 100 लोगों के ग्रुप पर भी इसका ट्रायल हुआ, जिसके काफी अच्छे नतीजे सामने आए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस वैक्सीन से एड्स फैलाने वाले वायरस से मुकाबला करने के लिए काफी मात्रा में सेल्स का प्रॉडक्शन हुआ। ऑथर्स का मानना है कि इस वैक्सीन से शरीर ने 31 परसेंट से ज्यादा एचआईवी एड्स से बचाव किया। बता दें कि ट्रायल में हिस्सा लेने वाले एक वॉलंटियर को पहले से ही एड्स था।

ऑथर्स के सामने यह बात भी आई कि इम्यूनाइजेशन एचआईवी के कई तरह के स्ट्रेंस से बचा सकता है, इस तरह से यूनिवर्सल वैक्सीन तैयार की जा सकती है।




# अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक, राज्यों ने उठाया पानी का मसला

**विशेष संवाददाता**

चंडीगढ़। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में शुक्रवार को चंडीगढ़ में हुई उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हरियाणा ने कहा कि पंजाब उसे रावी-ब्यास नदी से पानी का उसका पूरा हिस्सा नहीं दे रहा है, ऐसे में उसके पास दूसरों को देने के लिए पानी नहीं है। यह बैठक जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली सहित उत्तरी क्षेत्र के सभी राज्यों के आपसी मतभेदों/विवादों को सुलझाने और उनपर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी।

पंजाब और उत्तर क्षेत्र के अन्य राज्यों में नशे/मादक पदार्थों की लत का भी मुद्दा उठाया और इससे निपटने के लिए विस्तृत राष्ट्रीय मादक पदार्थ नीति बनाने की मांग की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि बैठक में भाग लेने वाले राज्यों ने अपनी चिंताएं बताईं और अंतरराज्यीय तथा केन्द्र और राज्य से जुड़े विवादों का समाधान पूछा। उन्होंने बताया कि एनजेडसी की अगली बैठक जयपुर में होगी और वहीं इन चर्चाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यापाल मलिक, पंजाब के राज्यपाल और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक वीपी सिंह बदनोरे, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने भी हिस्सा लिया।

# चार हाथ और पैरों के साथ जन्मी विचित्र बच्ची

## डॉक्टर ने कहा, छाती से चिपकी है दूसरी अर्धविकसित लड़की

**महानगर संवाददाता**

मालपुरा/टोंक। टोंक जिले के मालपुरा कस्बे में शुक्रवार को एक महिला ने एक साथ एक लड़के व लड़की को जन्म दिया। पहले लड़का



हुआ जो सामान्य था, लेकिन लड़की के साथ अर्धविकसित लड़की चिपकी हुई थी। नवजात बच्ची के चार हाथ और चार पैर लगते हैं। बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दादावत की रहने वाली राजू देवी गुर्जर पत्नी भादू लाल गुर्जर को तड़के मालपुरा राजकीय सामुदायिक अस्पताल में प्रसव हुआ था। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. अर्जुन दास ने बताया कि पहली डिलीवरी हुई, उसमें लड़का पैदा हुआ जो सामान्य था। उसके बाद लड़की पैदा हुई। उसके साथ एक और बच्ची छाती से चिपकी हुई थी। वह पूरी तरह विकसित नहीं हुई थी। उसका धड़ नहीं बना था। इसे कॉन्जाइजन एबनॉरमिलीलिटी बोलते हैं। उन्होंने बताया महिला के पहले दो लड़किया हैं, जो सामान्य हैं।

# गहलोत कैबिनेट ने सिलिकोसिस नीति पर लगाई मुहर

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की कैबिनेट ने राज्य में सिलिकोसिस नीति को मंजूरी दे दी है, जबकि हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने शुक्रवार को सर्कुलेशन के जरिए इन फैसलों को मंजूरी दी है। फैसलों के अनुसार राज्य में सिलिकोसिस से मरने वाले खान मजूदरों की सुरक्षा के लिए नई नीति सरकार लागू कर रही है। इससे हर साल सिलिकोसिस से मरने वाले मजदूरों के परिजनों को समय पर मुआवजा एवं दवाइयों के लिए उचित राशि मिल सकेगी।

# 181 मोटर वाहन उपनिरीक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव को मंजूरी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने परिवहन विभाग में मोटर वाहन उप निरीक्षकों के 181 पदों को सीधी भर्ती से भरने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने अपनी बजट घोषणा 2019-20 में परिवहन विभाग में मोटर वाहन उपनिरीक्षकों के 104 पदों पर भर्ती की घोषणा की थी। हाल ही हुई पदोन्नतियों में 75 मोटर वाहन उपनिरीक्षकों का प्रमोशन होने के बाद और पद रिक्त हुए थे। इन पदों को मिलाकर विभाग ने 181 पदों पर भर्ती का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा था।

**मूल्यांकन अधिकारियों के 6 पदों की भर्ती को मंजूरी:** मुख्यमंत्री ने आयोजना विभाग में मूल्यांकन अधिकारियों के 6 पदों पर सीधी भर्ती के लिए भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इनमें 4 पद सामान्य वर्ग, एक पद अनुसूचित जनजाति एवं एक पद आर्थिक कमजोर वर्ग का होगा।

# राज्यपाल जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे हवाई दौरा

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र राज्य के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का हवाई दौरा करेंगे। मिश्र शनिवार सुबह 9:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से रवाना होंगे। वे बूंदी, झालावाड़, बारां और कोटा जिले के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का एरियल सर्वेक्षण करेंगे। बाद में राज्यपाल मिश्र कोटा में मीडिया से वार्ता करेंगे।

**केरल के राज्यपाल की पाक को खरी-खरी**

# कश्मीर को बना रखा था आतंक का अड्डा

## ■ पाकिस्तान धर्म के आधार पर खड़ा सैनिक राष्ट्र ■ कश्मीर का मुद्दा हमेशा जिंदा रखेगा पाकिस्तान ■ मोदी ने अनुच्छेद 370 हटाकर छद्म युद्ध खत्म किया

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जहां फौज में देश है। जहां की राजनीति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सब फौज के दायरे में हैं। फौज संप्रभु है। पाकिस्तान में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सेना की ग्रिप में रहते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जम्मू कश्मीर की राज्य सरकार से छद्म युद्ध करके अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने में लगे पाकिस्तान का तो जैसे मुद्दा ही खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरकार हमेशा कश्मीर के मुद्दे को जब तक बस चलेगा जिंदा रखेगी, जिससे अलगाववाद और आतंकवाद को जिंदा रखा जा सके। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 1947 में कश्मीर की जनता के निर्णय को आगे बढ़ाते हुए जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर भारत में पूरी तरह से विलय करा दिया है। उन्होंने सरदार पटेल के सपने को पूरा किया है।



खान शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में एकात्म मानवदर्शन अनुंसधान एवं विकास परिषद की ओर से आयोजित दीनदयाल स्मृति व्याख्यानामाला के अर्न्तगत जम्मू कश्मीर राज्य का भारत में पूर्ण सम्मिलन विषय पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का मस्तक है, जिसके बिना देश की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत के बंटवारे के समय ब्रिटिश शासन ने यह व्यवस्था दी थी कि देश में स्थित राजाओं के राज्य और कश्मीर चाहे तो भारत और चाहे तो पाकिस्तान में मिल सकते हैं, उस समय जम्मू कश्मीर के लोगों ने आजादी के एक महीने बाद ही सितंबर 1947 में पाकिस्तानी सेना के जुल्म सहे। पाकिस्तानी फौजों ने कश्मीर पर आक्रमण कर दिया और छह दिन तक पाकिस्तानी सेना जुल्म ढाती रही। भारतीय फौजें छह दिन बाद पहुंचीं और उन्होंने एक्शन लिया, मगर उससे पहले कश्मीर के राजा ने भारत में कश्मीर के विलय का निर्णय लेते वक्त पत्र भारत सरकार को सौंपा। ठीक उसी तरह जैसे राजस्थान के राजाओं ने सौंपे थे। अब अनुच्छेद 370 हटाकर मोदी और शाह ने कश्मीर के लोगों के 1947 के निर्णय पर ही मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह खाली घर भूतों के अड्डे बन जाते हैं, उसी तरह कश्मीर पाकिस्तान के लिए अलगाववाद और आतंकवाद फैलाने का अड्डा बन गया था। उन्होंने पाकिस्तान को धर्म के आधार पर खड़ा सैनिक राष्ट्र बताते हुए कहा कि एक बार प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के निमंत्रण पर पाकिस्तान में सांसदों का एक दल भेजा गया, जिसमें मैं और राजस्थान के तत्कालीन राज्यसभा सांसद महेश शर्मा भी शामिल थे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और विदेश मंत्री मोहम्मद खुर्शीद कसूरी से मिले तो कसूरी ने भारत के प्रतिनिधिमंडल को तो जाने दिया पर मुझे रोक लिया कि आपसे बात करनी हैं। मैं देर रात तक उनके साथ रुका भी। उन्होंने मुझे बरगलाने की कोशिश की तो मैंने उन्हें जबाव दिया- मैं भारत का अल्पसंख्यक राजनेता जरूर हूं, पर भारत में मुझे बराबर के अधिकार हैं। बराबर की शक्तियां मिली हैं। मुझे अल्पसंख्यक समझकर बरगलाने की कोशिश नहीं करें। मैं कश्मीर पर भारत की सरकार के साथ हूं, मुझे भारतीय मुसलमान होने पर फ्रख है।

# 7 क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियों के पंजीयन निरस्त, पीड़ितों के लिए शुरू होगी हेल्पलाइन

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। सहकारिता मंत्री उदय लाल आंजना ने बताया कि क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियों के पीड़ितों के लिए 181 हेल्पलाइन अपनी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा शीघ्र शुरू होगी, जिससे पीड़ितों के साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी ली जा सके और अन्य ऐसी सोसायटियां जो ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर रही हैं उनकी पहचान की जा सके।



आंजना शुक्रवार को शासन सचिवालय में विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अनियमितता वाली क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियों की पहचान की जाएगी, जिससे उनका पंजीयन निरस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि 7 क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियां, जिसमें शुभ, सुधन, पार्वती, दानी, अम्बे, केशव एवं सुप्रीम क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी का पंजीयन निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियां अपना निवेश केवल अपेक्स बैंक एवं केन्द्रीय सहकारी बैंक में ही करें। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं तथा निवेश नहीं करने वाली क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटियों के खिलाफ नियमांतर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आंजना ने कहा कि राज्य की सभी गृह निर्माण सहकारी समितियों की ऑडिट रिपोर्ट ऑनलाइन की जाएगी।

# बोनी कपूर को राहत, ठगी के मामले में दर्ज एफआईआर रद्द करने के आदेश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बोनी कपूर के खिलाफ दर्ज एक एफआईआर को रद्द करने के आदेश दिए। जो जयपुर में सेलेब्रिटी क्रिकेट लीग कराने के नाम पर ढाई करोड़ की ठगी के मामले में बोनी पर दर्ज करवाई गई थी।

जयपुर के ही प्रवीण श्याम सेठी ने प्रतापनगर थाने में 17 जून को बोनी कपूर सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। इसमें मुस्तफा राज और पवन जांगिड़ का नाम भी शामिल था। जिसे रद्द करने के लिए बोनी कपूर ने आपराधिक विविध याचिका दायर की थी। अपनी याचिका में बोनी कपूर ने कहा कि वे मुस्तफा को जानते थे और उनके कहने पर ही प्रेसवार्ता में शामिल हुए थे।

## आरसीए का पॉलिटिकल ड्रामा: बीसीसीआई का निर्णय लगा सकता है चुनाव पर ब्रेक

# चुनाव पर्यवेक्षक कृष्णमूर्ति के सामने हंगामा, गुस्से में वापस लौटे

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्थान क्रिकेट संघ आरसीए को जैसे किसी का अभिशाप लग गया है। पहले ललित मोदी गुट का वर्षों का सियासी ड्रामा और अब सीपी जोशी-वैभव गहलोत गुट और रामेश्वर डूडी-नांदू गुट की सियासी पैंतरेबाजियों से आरसीए का मैदान मैदान-ए-जंग में बदल कर रह गया है और क्रिकेट कहीं पीछे छूट गया है।

बीसीसीआई की ओर से शुक्रवार को आरसीए में अध्यक्ष के चुनाव के लिए भेजे गए चुनाव पर्यवेक्षक और पूर्व निर्वाचन आयुक्त कृष्णमूर्ति को भी चुनावी अखाड़ेबाजी का सामना कर पड़ गया। बीसीसीआई की ओर से 28 सितंबर तक अध्यक्ष का चुनाव कराने की डैडलाइन के चलते जयपुर में कल से आपत्तियों पर सुनवाई कर रहे कृष्णमूर्ति के सामने एक गुट ने हंगामा कर दिया, जिसके बाद वे चुनावी प्रक्रिया अधूरी छोड़कर ही गुस्से में रवाना हो गए। कृष्णमूर्ति दिल्ली जाकर बीसीसीआई को राजस्थान के हंगामे की रिपोर्ट सौंपेंगे। हंगामे के बाद सियासी ड्रामा तेज हो गया।

नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी एवं नांदू गुट की ओर से पत्रकार वार्ता में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए। दूसरी ओर सीपी जोशी गुट ने भी सहकारिता रजिस्ट्रार नीरज के पवन के पास दूसरा पर्यवेक्षक बनाकर अधूरी प्रक्रिया पूरी कराने का पत्र भेज दिया। जोशी गुट की ओर से चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए एक पत्र बीसीसीआई को भी भेजा गया है।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन परिसर में सुबह दस बजे बाद बीसीसीआई के पर्यवेक्षक कृष्णमूर्ति आपत्तियों पर सुनवाई कर रहे थे। भरतपुर सहित तीन जिलों की सुनवाई कल रह गई थी, जो आज भी की जा रही थी। दोनों गुटों की ओर से चुनाव पर्यवेक्षक कृष्णमूर्ति और उनके सहयोगी राव के समक्ष पहुंचकर दलीलें दी जा रही थी, इसी बीच राजसमंद क्रिकेट एसोसिएशन में हुए चुनाव का मामला भी आया। सुनवाई के दौरान जोशी-गहलोत गुट की ओर से उपाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल और संयुक्त सचिव महेन्द्र नाहर की ओर से चुनाव को लेकर नांदू गुट की ओर से जारी नोटिस को लेकर मामला उठाते हुए आपत्ति जताकर सुनवाई की मांग की गई, इस पर कृष्णमूति ने कहा कि इस पर सुनवाई कर लेंगे, किंतु अभी नहीं। इसके बाद हंगामा हो गया और जोशी- गहलोत गुट के पदाधिकारी जोर-जोर से बोलने लगे। इससे गुस्साए पर्यवेक्षक कृष्णमूर्ति बिना प्रक्रिया पूरी किए बाहर निकल गए। हंगामा कर रहे पदाधिकारी एक बार इससे सकपका गए। डूडी-नांदू गुट के वकीलों ने कृष्णमूर्ति से सुनवाई की प्रार्थना भी की, किंतु वे वहां से तुरंत रवाना हो गए।

## पत्रकार वार्ता में डूडी के आरोप

कृष्णमूर्ति के चले जाने से आरसीए के पदाधिकारी सकते में आ गए और दोनों गुटों की ओर से रणनीति बनाने का दौर शुरू हो गया। डूडी-नांदू गुट के पदाधिकारी डूडी के श्यामनगर स्थित आवास पहुंचे। डूडी ने शाम को पत्रकार वार्ता में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि जोशी राजस्थान के क्रिकेट को खराब कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने आरसीए पर प्रतिबंध हटाने के लिए जोशी को बधाई भी दी, किंतु आरसीए चुनाव में वैभव गहलोत को अध्यक्ष पद के लिए चुनावी समर में उतरने पर अपना इरादा भी साफ कर दिया कि अगर जिला क्रिकेट संघ चाहेंगे तो मैं मैदान में उतरूंगा। उधर जोशी गुट की ओर से मोहम्मद इकबाल और नाहर आरसीए अध्यक्ष सीपी जोशी के पास रणनीति बनाने में व्यस्त रहे। इसी दौरान आरसीए के पूर्व अध्यक्ष अमीन पठान भी वहां पहुंचकर सक्रिय हो गए।

**नया पर्यवेक्षक बनाने का पत्र सहकारिता रजिस्ट्रार को भेजा :** उधर सीपी जोशी गुट और वैभव गहलोत गुट ने शाम को विधि विशेषज्ञों से राय और आरसीए संविधान के अनुसार नया पर्यवेक्षक बनाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। एक पत्र सहकारिता रजिस्ट्रार नीरज के पवन को भेजा गया है। देर रात तक नया पर्यवेक्षक बनाए जाने का निर्णय हो सकता है। पूर्व आईएएस अधिकारी विनोद जुत्शी के नाम को हरी झंडी मिली तो शेष प्रक्रिया वे संपन्न कराएंगे। उधर गेंद बीसीसीआई के पाले में है, जिसके निर्णय के बाद ही चुनावी प्रक्रिया चलेगी।

# देहरादून में जहरीली शराब से छह लोगों की मौत, चार बीमार, जांच के आदेश

**विशेष संवाददाता**

देहरादून। जहरीली शराब से देहरादून में छह लोगों की मौत हो गई है और चार की हालत खराब है। बताया जा रहा है कि मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। घटना के बाद से ही लोगों में आक्रोश बना हुआ है। मृतकों के नाम आकाश (22) पुत्र किशन, सुरेंद्र (38) पुत्र अशोक चौहान, इंदर, गुड्डी (35) पुत्र नत्थू, राजेंद्र (45) पुत्र प्यारेलाल और शरन पुत्र सुखलाल सभी निवासी पथरिया पीर देहरादून हैं। गुस्साए परिजनों ने मसूरी विधायक गणेश जोशी के आवास का घेराव कर जमकर हंगामा किया। इस मामले में स्थानीय लोगों ने बाहरी तत्वों द्वारा इलाके में अवैध शराब सप्लाई किए जाने का आरोप लगाया है। घटना के बाद स्थानीय विधायक गणेश जोशी समेत जिला प्रशासन तथा पुलिस के तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया अलसुबह करीब तीन बजे कुछ बाहरी तत्व आकर इलाके में शराब की सप्लाई करते हैं। जिसे कुछ स्थानीय युवक मोहल्ले में सप्लाई करते हैं।



# केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी 23 को, राजनाथ सिंह 25 को जयपुर आएंगे

## गड़करी जयपुर में जनजागरण, सिंह धानक्या में जयंती में भाग लेंगे

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी 23 सितंबर को और राजनाथ सिंह 25 सितंबर को जयपुर दौरे पर आएंगे। गड़करी 23 सितंबर को अनुच्छेद 370 हटाए जाने के कार्यक्रम के तहत बिड़ला ऑडिटोरियम में देशभर में भाजपा के जनजागरण अभियान को संबोधित करेंगे, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर धानक्या में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में संबोधित करने के लिए जयपुर आएंगे।





इसी सिलसिले में भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर जिलाध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता के नेतृत्व में जयपुर शहर पदाधिकारी, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि आने वाले निकाय चुनाव में सभी कार्यकर्ता एकजुटता से चुनाव लड़ेंगे और सभी निकायों में भाजपा का परचम लहराएंगे। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, अशोक परनामी, भाजपा प्रदेश महामंत्री अभिषेक मटोरिया, जयपुर शहर संगठन प्रभारी एवं विधायक वासुदेव देवनानी, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, विधायक नरपत सिंह राजवी, अशोक लाहोटी, कार्यक्रम संयोजक निर्मल नाहटा, उपमहापौर मनोज भारद्वाज, लक्ष्मीकांत पारीक एवं अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

# दिव्यांग विवाहिता से दुष्कर्म, न्याय के लिए भटक रही पीड़िता

**महानगर संवाददाता**

नागौर। भले ही राजस्थान सरकार ने अलवर गैंगरेप प्रकरण के बाद दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने के लिए थानाधिकारी से लेकर एसपी तक एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हों, लेकिन राजस्थान पुलिस इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही। ताजा मामला नागौर जिले से सामने आया है जहां एक दिव्यांग पीड़िता का दर्द रोंगटे खड़े कर देने वाला है। दिव्यांग पीड़िता अपने साथ हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर न्याय के लिए भटक रही है। पुलिस मामला दर्ज करने के बजाय पीड़िता को धमका रही है।

## डरा-धमका कर दस महीने से कर रहा दुष्कर्म

दिव्यांग पीड़िता का पति स्कूल में अध्यापक है। उस स्कूल के मालिक ने ही उसकी दिव्यांग पत्नी से दुष्कर्म किया और दस महीने से डरा-धमका कर दुष्कर्म करता रहा। वह ज्यादा परेशान करने लगा तो पीड़िता ने पति को आपबीती बताई।

## विरोध करने पर दिव्यांग पति-पत्नी से मारपीट

पति ने दुष्कर्म की बात सुन आरोपी स्कूल संचालक से विरोध जताया तो आरोपी ने दोनों से मारपीट की। डर के मारे दोनों ने तोशिणा गांव छोड़ दिया और छोटी बेरी गांव आकर रहने लगे, मगर आरोपी ने वहां आकर भी उनसे मारपीट की। इसके बाद मौलासर थाने में मामला भी दर्ज करवाया, मगर न्याय नहीं मिला। बाद में दोनों बेरी गांव छोड़कर डेगाना रहने लगे, मगर आरोपी वहां भी पहुंच गया और घर में आग लगाकर जान से मारने का प्रयास किया।

# स्मृति वन में वन विभाग के ट्रैप कैमरे में नजर आई मादा लैपर्ड

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। लैपर्ड को इन दिनों जंगल से ज्यादा घनी आबादी पसंद आ रही है। यही वजह है कि लैपर्ड जंगल छोड़कर आबादी की तरफ आ रहे हैं।

झालाना वन क्षेत्र से एक बार फिर लैपर्ड शहर के बीचोंबीच क्षेत्र में चला आया है। कर्पूरचंद कुलिश स्मृति वन में मादा लैपर्ड दिखी। इससे वन विभाग में हड़कंप मच गया। लैपर्ड का मूवमेंट लगातार आबादी के बीच हो रहा है। इसके चलते वन विभाग चौकन्ना हो गया है। वन विभाग ने कर्पूरचंद कुलिश स्मृति वन में ट्रैप कैमरे लगाए।

रेंजर जनेश्वर ने जानकारी दी कि ट्रैप कैमरे में मादा लैपर्ड कैद हुई है। पिछले सात दिनों में आबादी की ओर लैपर्ड दिखने की यह तीसरी घटना है। गौरतलब है कि बुधवार को कर्पूरचंद कुलिश स्मृति वन में लैपर्ड के पग मार्क मिले। रेस्क्यू टीम ने यह पग मार्क देखे तो अन्य कर्मचारियों को लैपर्ड को ढूंढ़ने के काम में लगा दिया।

# टीएमसी सांसद केडी सिंह के सरकारी आवास पर ईडी का छापा

## 32 लाख नकद और 10 हजार डॉलर जब्त

**विशेष संवाददाता**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद केडी सिंह के यहां स्थित आवास तथा कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी कर 32 लाख रुपए नकद और 10 हजार डॉलर जब्त किए। ईडी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। ईडी ने कहा कि सांसद और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई। ईडी ने कहा कि अलकेमिस्ट समूह की 14 कंपनियों के पंजीकृत कार्यालयों समेत दिल्ली और चंडीगढ़ में सात स्थानों पर गुरुवार को छापेमारी की गई। अलकेमिस्ट समूह सांसद सिंह द्वारा नियंत्रित कंपनी है। ईडी ने जांच के सिलसिले में सांसद को पिछले साल समन जारी किया था।



स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशन गोपाल शर्मा द्वारा लक्ष्मी भवन, एसबीआई के पास, कोटा, राजस्थान-324088 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर, राजस्थान से मुद्रित।
सम्पादक: गोपाल शर्मा, कार्यकारी संपादक: जिज्ञासु शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 9540566302* पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। आरएनआई नं.: RAJHIN/2013/51952 e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com